हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल

**आईपीएल में ऐसा खेल रहे टी-20 वर्ल्ड चैंपियंस सैमसन ने शतक लगाया, चक्रवर्ती- बुमराह...**

Page 09 देश



**28 साल तक चाय-पानी पिलाया, अब जनता की सेवा करेंगे**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 13 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 131 • पृष्ठ 12

## अभी न जाओ छोड़कर...कि दिल अभी भरा नहीं

### चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में भर्ती थीं, अंतिम संस्कार आज

**मशहूर सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन**



**मुंबई (एजेंसी)।** सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। 12,000 से ज्यादा गाने गाए आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।



### आशा भोसले के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख

- कहा-मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संगीत जगत की दिग्गज गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले के निधन पर दुख जताया। पीएम मोदी ने आशा भोसले के साथ अपनी पुरानी मुलाकात की कई फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की और कहा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आशा की असाधारण संगीत यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया और दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। चाहे उनकी दिल को छू लेने वाली धुनें हों या उनकी जोशीली रचनाएं।

### शाह बोले- हर संगीत प्रेमी के लिए दुखद दिन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आशा भोसले के निधन पर दुख जताते हुए एक्स पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, आज हर भारतीय और विशेषकर मेरे जैसे हर संगीत प्रेमी के लिए दुखद दिन है, जब हम सबकी प्रिय आशा भोसले जी हमारे बीच नहीं रहीं। आशा ताई ने न सिर्फ अपनी मधुर आवाज और अद्वितीय प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई।

**संक्षिप्त समाचार**

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर फंसे हैं 20,000 भारतीय नाविक

- ईरान युद्ध के बीच भारत ने लॉन्च किया स्पेशल ऑपरेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में बातचीत फेल होते ही भारत अलर्ट मोड में आ गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में फंसे 18 जहाजों को निकालने के लिए भारत ने ऑपरेशन शुरू कर दिया



है। इन जहाजों पर लदा माल भारत आना है। भारत के इस ऑपरेशन का उद्देश्य एनर्जी सिक्योरिटी को बहाल करना और भारत के बंदरगाहों पर जमा माल साफ करना है। जंग फिर से शुरू होने की अटकलों के बीच भारत सरकार ने यह ऑपरेशन इसलिए लॉन्च किया, ताकी तेल टैंकर, एलपीजी और पीएनजी से लदे जहाज सुरक्षित रूप से लौट सकें। बता दें कि ईरान बनाम इजरायल और अमेरिका के युद्ध के कारण भारतीय बंदरगाहों पर गंभीर रुकावटें आ रही हैं।

### एलपीजी जहाज ने पार किया होर्मुज

बंदरगाहों को इन जहाज़ों को बर्थिंग में प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार एलपीजी जहाज ग्रीन आशा ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है और मुंबई स्थित पोर्ट की ओर बढ़ रहा है। भारत के अभियान से बंदरगाहों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, जहां करीब 106,890 केजी के कंटेनर और बड़ी मात्रा में खराब होने वाला माल फंसा हुआ है।

## असम के बाद अब बंगाल का रुख करेंगे हेमंत सोरेन

- टीएमसी के लिए मांगेंगे वोट, आदिवासी इलाकों पर फोकस

**रांची (एजेंसी)।** असम में अपने दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवारों के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार करने के बाद अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल्द ही बंगाल का रुख करने जा रहे हैं। वहां वे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में चुनावी अभियान को धार देंगे। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जबकि झामुमो के वरिष्ठ नेता पहले ही बंगाल पहुंचकर समन्वय की रूपरेखा तैयार करेंगे। ममता बनर्जी के समर्थन में झामुमो पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। 2021 के विधानसभा चुनाव में भी हेमंत सोरेन ने तृणमूल के पक्ष में प्रचार किया था, जिसका असर खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में देखने को मिला था। इस बार भी मुख्य फोकस बंगाल के आदिवासी बहुल इलाके होंगे। झारखंड से सटे जंगलमहल क्षेत्र के अलावा उत्तर बंगाल के जिलों में भी उनकी सभाएं प्रस्तावित हैं। इन इलाकों में झामुमो की विचारधारा और सामाजिक आधार को विस्तार देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।



## दुश्मनों के लिए काल बनेगी ध्रुवास्त्र मिसाइल

**एपीजे अब्दुल कलाम ने की थी कल्पना, अब सेना में होगी शामिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन द्वारा विकसित ध्रुवास्त्र मिसाइल भारतीय सेना के बेड़े में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह हेलीकॉप्टर से दागी जाने वाली नाग एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का आधुनिक संस्करण है, जिसे पहले हेलिना के नाम से जाना जाता था। यह मिसाइल न केवल भारत की आत्मनिर्भर भारत मुहिम को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि युद्ध के मैदान में खासकर ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भारतीय वायुसेना और थल सेना की मारक क्षमता को कई गुना बढ़ा देगी।

### थर्ड-जनरेशन फायर एंड फॉरगेट प्रणाली शामिल

ध्रुवास्त्र भारत के इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम का हिस्सा है। इसकी परिकल्पना 1980 के दशक में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नेतृत्व में की गई थी। नाग मिसाइल परिवार के तहत अब तक जमीन से दागी जाने वाली नाग, कैरियर और मैन-पोर्टेबल जैसे कई संस्करण तैयार किए जा चुके हैं। ध्रुवास्त्र इसी कड़ी का हवाई संस्करण है। ध्रुवास्त्र की सबसे बड़ी ताकत इसकी थर्ड-जनरेशन फायर एंड फॉरगेट प्रणाली है। एक बार लक्ष्य पर लॉक होने के बाद, मिसाइल ऑटोमैटिक रूप से उसे ट्रैक कर नष्ट कर देती है।

### स्वदेशी हेलीकॉप्टरों की ताकत

ध्रुवास्त्र को विशेष रूप से लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित रुद्र और प्रचंड जैसे अटैक हेलीकॉप्टरों से दागा जा सकता है। हाल ही में सरकार ने 156 प्रचंड हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर दिए हैं। इन हेलीकॉप्टरों पर ध्रुवास्त्र की तैनाती से भारतीय सेना को सीमा पर दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों के खिलाफ एक निर्णायक बढ़त मिलेगी। सरकार ने सितंबर 2023 में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से 200 से अधिक ध्रुवास्त्र मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दी थी। एक मिसाइल की लागत 1 करोड़ रुपये से भी कम रहने का अनुमान है। इसकी तैनाती के बाद भारत को रूस या यूरोप से कोंकुर्स और मिलान जैसी पुरानी मिसाइलें आयात करने की जरूरत कम हो जाएगी। ध्रुवास्त्र की सफलता के बाद डीआरडीओ मिशन में काम कर रहा है।



**इस्लामाबाद में 21 घंटे तक चली बातचीत बेनतीजा रही**

## ईरान-अमेरिका के बीच नहीं बन पाई बात



अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- हमने उन्हें फाइनल ऑफर दिया



ईरान बोला-ट्रम्प की शर्तें ज्यादा सख्त, उन्हें मानना असंभव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है। वेंस अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। लौटने से पहले उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना डील के लौट रहा है। यह अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना। वेंस ने यह भी कहा कि आगे समझौते की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम उन्हें फाइनल ऑफर देकर जा रहे हैं। अब देखना है कि ईरान इसे मानता है या नहीं। वहीं, ईरान ने कहा कि अमेरिका की शर्तें जरूरत से ज्यादा सख्त थीं। इस वजह से समझौते का रास्ता नहीं निकल पाया।

## टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए

- पीएम बोले-अब 15 साल का हिसाब देना होगा
- कहा-सिलीगुड़ी की जनसभा उनकी नींद उड़ा देगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि चुनाव के बाद बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा टीएमसी की नींद उड़ा देगी। पीएम का रविवार को पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन था। वे सिलीगुड़ी में जनसभा कर रहे थे। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा- टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन यहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने टीएमसी के निर्मम शासन काल में इतने सालों में पश्चिम बंगाल की बर्बादी देखी है। उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा। सभा के दौरान पीएम ने सीएए (नागरिकता (संशोधन) अधिनियम) का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि टीएमसी की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने मदद की है।



### देश में एक 'टुकड़े-टुकड़े गिरोह' सक्रिय है

देश में एक टुकड़े-टुकड़े गिरोह सक्रिय है, जिसने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को बंद करने की धमकी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलीगुड़ी की जनसभा में कहा कि टीएमसी ने काम नहीं केवल काले कारनामे किए हैं। उन्होंने ने नॉर्थ बंगाल की संरचना को पीछे रखा हुआ है। सिलीगुड़ी में जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी सरकार से पाई-पाई का हिसाब मांग रही है।

## महिला आरक्षण विधेयक पर सरकार की पूरी तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर उनसे गुरुवार से शुरू होने वाले संसद के विस्तारित बजट सत्र के दौरान अपने-अपने सदन में उपस्थित रहने को कहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया है। इस दौरान महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार करने एवं इन्हें पारित करने के लिए पेश किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत बुधवार (आठ अप्रैल) को उन प्रारूप विधेयकों को मंजूरी दे दी जिनका उद्देश्य 2029 के संसदीय चुनाव से पहले महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करना है। इनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। भाजपा ने अपने सभी सांसदों को भेजे संदेश में कहा, 16 से 18 अप्रैल 2026 तक यानी आगामी गुरुवार से शनिवार तक लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा के सभी सदस्यों को तीन-लाइन का व्हिप जारी किया जा रहा है। इसने कहा, सभी माननीय केंद्रीय मंत्रियों और सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त तीनों तिथियों पर सदन में उपस्थित रहें। संदेश में कहा गया, सदन में उपस्थिति अनिवार्य है। कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे व्हिप का सख्ती से पालन करें और सदन में अपनी निर्बाध उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**बीजेपी ने सांसदों को जारी किया 3 लाइन की व्हिप**



### परिसीमन कानून में संशोधन के लिए अलग बिल लाएगी सरकार

राज्यों की विधानसभाओं में भी इसी अनुपात में सीटों का आरक्षण होगा। सरकार एक संशोधन बिल के एक संविधान साथ-साथ परिसीमन कानून में संशोधन के लिए अलग साधारण बिल भी लाएगी। ताकि नए सिरे से सीटों का निर्धारण हो सके। नई सीटों का निर्धारण 2027 की जनगणना के बजाय 2011 की जनगणना के आधार पर किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री ने सभी दलों को चिट्ठी लिखी

पीएम मोदी ने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, अब इसे हकीकत में बदलने का समय है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के जवाब में पत्र लिखकर कहा कि राज्य चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना यह दिखाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है। खड़गे ने यह भी मांग की कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाए। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

## हेडगेवार ने एकता और आजादी के लिए आरएसएस बनाया था

- भागवत बोले-हिंदू समाज में एकता की कमी, ये बार-बार गुलामी की बड़ी वजह

**निजामाबाद (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से आरएसएस की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था। भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी। भागवत शनिवार को तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। यह गांव हेडगेवार का पैतृक गांव है। उन्होंने कहा- हममें कोई कमी थी, जिसकी वजह से हमें बार-बार हार का सामना करना पड़ा। इसलिए उस कमी को दूर करना जरूरी था। हिंदुत्व का मतलब दूसरों के साथ मिलकर रहना है।



## संक्षिप्त समाचार

### दवा बिक्रेता संघ के अध्यक्ष बने गोरेलाल सिंह

**नारदीगंज (नवादा)**। दवा बिक्रेता संघ की प्रखंड इकाई नारदीगंज का चुनाव रविवार को सम्पन्न हो गया। यह चुनाव अकबरपुर प्रखंड के ककोलत जल प्रपात में आयोजित हुई। अध्यक्षता नवादा जिला दवा बिक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन कुमार ने की। इस दौरान सर्व सम्मति से दवा बिक्रेता संघ नारदीगंज के प्रखंड अध्यक्ष के पद पर गोरेलाल सिंह को चयन किया गया। वही दवा बिक्रेता संघ के प्रखंड सचिव के पद पर संजय कुमार, उपाध्यक्ष के पद पर ओम प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष के पद पर महेन्द्र प्रसाद को चयनित किया गया। इसके अलावा उप सचिव के पद पर राम प्रकाश गुप्ता को ,संगठन मंत्री के पद पर रामचंद्र प्रसाद को चयन किया गया। मौके पर जिला के योगेंद्र कुमार, परवेज अख्तर,मनोज कुमार मुन्नू समेत अन्य रहे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर निकले गुरुकुल स्कूल के छात्र




**डेहरी (रोहतास)**। रविवार को निदेशक आर.पी. सिंह व प्रधानाचार्य कुमार सविनय के नेतृत्व में गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर एवं सुंदरगंज शाखा के 55 छात्र-छात्राओं को सारनाथ, वाराणसी के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया गया। इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं सारनाथ के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के साथ-साथ वाराणसी के आसपास के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। विद्यालय से सुबह छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर सकें। निदेशक आर.पी. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों को इतिहास, संस्कृति, धर्म और समाज के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण बच्चों के आत्मविश्वास, अनुशासन और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं। प्रधानाचार्य कुमार सविनय ने कहा कि विद्यालय केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को वास्तविक जीवन और ऐतिहासिक स्थलों से जोड़ना भी विद्यालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सारनाथ जैसे ऐतिहासिक स्थल विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के जीवन, भारतीय संस्कृति और विरासत से जोड़ते हैं। ऐसे भ्रमण से बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ती है तथा वे अपने अनुभवों से नई प्रेरणा प्राप्त करते हैं।इस अवसर पर विद्यालय के 35 शिक्षक एवं कर्मचारी भी बच्चों के साथ भ्रमण में शामिल हुए।

### गर्मी में स्टोन की समस्या ज्यादा परेशान कर सकती हैः डॉ गौरव मिश्रा



**विक्रमगंज /रोहतास**। बिक्रमगंज प्रखंड के दुर्गाडीह निवासी डॉ. गौरव मिश्रा जो फिलहाल राजधानी पटना में यूरोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट हैं। उन्हें झारखंड, उड़ीसा, दिल्ली, जैसे बड़े शहरों में उनकी सेवा व कार्यों को लेकर राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिल चुका है। डॉक्टर गौरव मिश्रा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को हर मंगलवार को पटना में अपनी निःशुल्क सेवा देते आ रहे हैं। वे गरीबों को दवा वितरण भी अपनी तरफ से करते हैं। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उनका कहना है कि ऐसी भीषण गर्मी में अपना ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस समय स्टोन की समस्या वाकई परेशान कर सकती है इसके लिए कुछ आसान उपाय है। भरपूर पानी पीना सबसे जरूरी है, इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और स्टोन बनने की संभावना कम होती है। ज्यादा नमक खाने से स्टोन बनने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए नमक का सेवन कम करें। ऑक्सालेट युक्त खाद्य पदार्थों से बचें। टमाटर ,पालक ,चॉकलेट और नट्स जैसे खाद्य पदार्थों में ऑक्सालेट होता है जो स्टोन बनने में मदद करता है। कैल्शियम का सेवन बढ़ायें। कैल्शियम ऑक्सालेट को आंत में बांधकर मूत्र में जाने से रोकता है जिससे स्टोन बनने की संभावना कम होती है। डाइट में फाइबर शामिल करें। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ जैसे फल ,सब्जियां और साबुत अनाज खाने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है और स्टोन बनने की संभावना कम होती है। वजन कम करें। अगर आपका वजन ज्यादा है तो इस कम करने की कोशिश करें। यही नहीं मोटापा भी स्टोन बनने का एक बड़ा कारण है। नियमित हल्का-फुल्का व्यायाम भी करते रहें। इन उपायों को अपनाकर स्टोन की समस्या से बच सकते हैं। अगर आपको पहले से स्टोन की समस्या है तो डॉक्टर सलाह जरूर लें।

### नरहट एफसीआई गोदाम में गड़बड़ी पर भड़के हिसुआ विधायक अनिल सिंह, जांच के आदेश



गोदाम के जांच करते विधायक एंव अन्य

**नवादा** : नवादा जिले के नरहट स्थित एफसीआई गोदाम में उस समय हड़कंप मच गया, जब हिसुआ के विधायक अनिल सिंह ने अचानक छापेमारी की। छापे के दौरान गोदाम से ट्रकों में लोड किए जा रहे गेहूं की स्थिति देखकर विधायक भड़क उठे। जांच में सामने आया कि बोरे का वजन मानक से कम था—कहीं 45 किलो तो कहीं 46 किलो—जबकि निर्धारित वजन इससे अधिक होना चाहिए। इतना ही नहीं, कई बोरे में गेहूं की गुणवत्ता भी बेहद खराब और सड़ी हुई पाई गई। स्थिति को गंभीर मानते हुए विधायक ने मौके से ही नवादा जिलाधिकारी को फोन कर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने का निर्देश दिलवाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गरीबों के राशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप और चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# सीसीटीवी कैमरे की जद में वारिसलीगंज शहर थाना में बना कंट्रोल रूम अपराध पर लगेगी लगाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। नगर परिषद क्षेत्र अब पूरी तरह तकनीक की निगरानी में आ चुका है। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए नगर परिषद द्वारा 40 महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही स्थानीय थाना में एक आधुनिक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जहां से इन कैमरों के जरिए शहर की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से बाजार, चौक-चौराहे, मुख्य सड़कों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अब हर गतिविधि रिकॉर्ड हो रही है। इससे जहां एक ओर असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना है, वहीं आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ा है।

थाना परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम में पुलिसकर्मी 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।इसकी कमान थानाध्यक्ष के पास है किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की जानकारी तुरंत मिल जाती है, जिससे पुलिस त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम हो रही है। इससे चोरी, छिनतई, सड़क हादसे और अन्य आपराधिक घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।नगर परिषद के इस कदम की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है। लोगों का कहना है कि यह पहल न सिर्फ अपराध नियंत्रण में मददगार साबित होगी, बल्कि शहर को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।



प्रशासन का मानना है कि आने वाले समय में और भी स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे पूरे नगर क्षेत्र को पूर्ण रूप से निगरानी में लाया जा सके। यह पहल निश्चित रूप से एक सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा करती है, जहां तकनीक के माध्यम से आम जनजीवन को सुरक्षित और बेहतर बनाया जा रहा है।

थाना परिसर में स्थापित कंट्रोल रूम में पुलिसकर्मी 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की जानकारी तुरंत मिल जाती है, जिससे पुलिस त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम हो रही है। इससे चोरी, छिनतई, सड़क हादसे और अन्य आपराधिक घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि "सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे शहर की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इससे अपराधियों की पहचान आसान होगी और घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। यह व्यवस्था कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने में सहायक साबित होगी।" वहीं नगर परिषद कार्यपालक अधिकारी समीर चौधरी ने कहा की "शहरवासियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आने वाले समय में और भी जगहों को इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा, ताकि वारिसलीगंज को एक सुरक्षित और स्मार्ट नगर बनाया जा सके।" नगर परिषद के इस कदम की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है। लोगों का कहना है कि यह पहल न सिर्फ अपराध नियंत्रण में मददगार साबित होगी, बल्कि शहर को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रजौली में कस्तूरबा जयंती पर आवासीय विद्यालय में प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रविवार को कस्तूरबा गांधी जयंती समारोह सह सम्मान समारोह और प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संचालक सह कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार पांडेय ने किया एवं मंच संचालन सेवा निवृत शिक्षक अनिल कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ संजीव कुमार झा उपस्थित हुए। इस दौरान छठी क्लास के नामांकित छात्राओं को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। विद्यालय के छात्राओं ने उनके जीवन पर विस्तृत से प्रकाश डाला और कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अष्टम उत्तीर्ण छात्राओं को नौवीं क्लास के पाठ्य पुस्तक, बैग इत्यादि देकर सम्मानित किया गया, ताकि आगे की पढ़ाई में सुविधा हो। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक बालकृष्ण प्रसाद यादव, विद्यालय के वार्डन रेखा कुमारी, लेखपाल संतोष कुमार, शिक्षिका आशा रानी, सीमा कुमारी, रेणु कुमारी, आदेश पाल, संजय कुमार, रात्रि प्रहरी विजय शंकर, रसोईया नीलम कुमारी, मधुरानी कुमारी, उषा देवी समेत विद्यालय के दर्जनों छात्राएं उपस्थित रहे।




कस्तूरबा जयंती के दौरान बीडीओ संचालक व वार्डन समेत अन्य

## तीनों भाइयों ने बढ़ाया जिला और समाज का सम्मान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

सीतामढ़ी जिले के परिहार प्रखंड अंतर्गत सौरभर गांव के पूर्व मुखिया आदरणीय रवि कुशवाहा के सुपुत्रों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे जिला और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी यह सफलता आज युवाओं के लिए एक जीवंत प्रेरणा बन गई है।बड़े सुपुत्र हरिओम जी ने प्रोफेसर पद के लिए क्वालिफाई कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता उनके वर्षों के परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

द्वितीय सुपुत्र हरि विष्णु जी मेघालय में डॉक्टर की पढ़ाई के तीसरे वर्ष में हैं और अपनी उत्कृष्ट प्रगति से चिकित्सा क्षेत्र में एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। उनकी लगन और प्रतिबद्धता निश्चित ही समाज सेवा का मजबूत आधार बनेगी।

वहीं, सबसे छोटे सुपुत्र हरि शिवम जी ने साइंटिस्ट के रूप में सफलता प्राप्त कर परिवार और समाज का मान-सम्मान और भी बढ़ा दिया है। यह उपलब्धि उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कठिन परिश्रम का प्रमाण है।



तीनों भाइयों की यह अभूतपूर्व सफलता यह दर्शाती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम दूर नहीं। आज ये तीनों युवा न सिर्फ अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि आगे चलकर यूपीएससी जैसे प्रतिष्ठित पदों पर पहुंचने का सपना भी संजोए हुए हैं।

समस्त कुशवाहा समाज के लिए यह गर्व और प्रेरणा का क्षण है। सीतामढ़ी कुशवाहा संध के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार समेत संघ के सभी सदस्यों ने भी इस अवसर पर तीनों भाइयों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पुराने विवाद को लेकर हुए मारपीट में तीन महिला समेत 6 लोग गम्भीर रूप से घायल, जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के होरिला गांव में बीते शनिवार की रात्रि लगभग 8 बजे पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में तीन महिला समेत 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डायल 112 की टीम एवं परिजनों की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित होरिला गांव निवासी ओमप्रकाश पंडित ने बताया कि वे अपने परिजनों के साथ घर पर थे,इसी बीच पुराने जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही रविंद्र यादव उर्फ रावो यादव,रविंद्र यादव के पुत्र सचिन कुमार,महेंद्र यादव एवं महेंद्र यादव के पुत्र नीतीश कुमार गाली-गलौज करने लगे,जिसका विरोध करने पर उक्त लोग उग्र हो गए एवं लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट को देखकर मेरी पत्नी संजू देवी बचाने आई,जिसे अर्धनग्न कर मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। झगड़े को सुलझाने आए कंचन कुमारी,सनी कुमार एवं जयनंदन पंडित भी घायल हो गए। घायल परिजनों के द्वारा सुरक्षा एवं सहायता हेतु डायल 112 को कॉल करके सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम के सहयोग से घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अपस्ताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने कहा कि मारपीट में घायल हुए 6 लोगों में सनी कुमार का हाथ टूटा हुआ था एवं अन्य लोग चोटिल थे। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां दी गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से लिखित आवेदन मिला है। लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है एवं पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।



रात्रि के समय झगड़े के दौरान ग्रामीण

## कौआकोल बाजार में कपड़ा दुकान में भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल**। नवादा जिले के कौआकोल बाजार स्थित रिहायशी इलाके में रविवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब सखी सहेली वस्त्रालय नामक कपड़ा दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह बिजली के शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, दुकान एवं मकान के मालिक उपेन्द्र कुमार उर्फ चुनीम साव,पिता बाबूलाल साव के घर-सह-दुकान में सुबह अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा घर धुएं से भर गया। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि घर में मौजूद लोगों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग की चपेट में आकर घर में रखी साइकिल,दुकान में रखे बड़ी मात्रा में रेडीमेड कपड़े, फर्नीचर,दरवाजे समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास के घरों को बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया।




## रजौली जांच चौकी पर कर चोरी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, कोयला लदे 20 ट्रकों को किया गया जब्त



जांच चौकी पर जब्त वाहन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर कर चोरी के विरुद्ध बीते शनिवार की रात्रि 12 बजे से लेकर रविवार की सुबह 9 बजे तक वाणिज्य कर विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा कार्रवाई की गई है। इस दौरान कोयला, लोहा एवं सीमेंट लदे लगभग 20 ट्रकों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है। यह कार्रवाई राज्य कर संयुक्त आयुक्त मनोज शाह के निर्देश पर राज्य कर आयुक्त रविश कुमार सिंह के नेतृत्व में राज्य कर सहायक आयुक्त कमलशील एवं आराधना रविन्द्र के द्वारा किया गया। राज्य कर आयुक्त रविश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में रजौली जांच चौकी पर कर चोरी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुल 20 ट्रकों को रोका गया है, जिसमें अधिकांश कोयला लदा ट्रक है। ट्रकों के चालकों द्वारा लदे समानों के सही कागजातों के साथ वाहनों का आवागमन नहीं पाया गया, जिससे जीएसटी की चोरी किया जाना प्रतीत होता है। इसको लेकर सभी ट्रकों को जांच चौकी पर जब्त कर लगाया गया है एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी चोरी किए जाने पर पेनाल्टी के रूप में कर का दुगना राशि जमा करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि ट्रकों में लदे वजन करने वाले समान का वजन और काउंट करने वाले समान को काउंट कर पेनाल्टी लगाई जाती है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा लंबे अरसे के बाद रजौली जांच चौकी पर हुई बड़ी कार्रवाई से कर चोरों में भय व्याप्त है। इस कार्रवाई से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी और कर चोरी करने वालों पर लगाम लगेगी।

## प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में निजी विद्यालयों की बड़ी बैठक, शिक्षा सुधार पर मंथन

- बैठक में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, विद्यालय संचालन में सुधार लाने तथा संगठन को सशक्त करने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के निजी विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज रविवार को प्रखंड अध्यक्ष आदरणीय अजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, विद्यालय संचालन में सुधार लाने तथा संगठन को सशक्त करने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार पटेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों से एकजुट होकर कार्य करने और बच्चों को बेहतर व संस्कारयुक्त शिक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही निजी विद्यालयों की समस्याओं का समाधान संभव है।

बैठक में विद्यालय प्रबंधन, नामांकन प्रक्रिया, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन, शिक्षकों की भूमिका तथा सरकारी दिशा-निर्देशों के पालन जैसे विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि सभी विद्यालय एक मंच पर आकर अपनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाएंगे और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।



**बैठक में उपस्थित प्रबंधक एवं प्रधानाध्यापक —**

मुनेश्वर सिंह (शिक्षा निकेतन, करगहर), ब्रजेश कुमार पाण्डेय (न्यू एस.के. पब्लिक स्कूल, करगहर), संतोष कुमार सिंह (गुरुकुल लिटिल फ्लावर एकेडमी, बड़हरी), रामजी सिंह (ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, बड़हरी), महेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, बड़हरी), मोहम्मद शमशाद आलम (सरस्वती बाल विद्यालय, करगहर), शशिकांत पाठक (डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्कूल, डिब्बियां), हरेराम कुमार राय (विजन पब्लिक स्कूल, सेमरी), रंजीत कुमार सिंह (आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, करगहर), अरविंद कुमार सिंह (केंद्रीय प्राइवेट विद्यालय, करगहर) सहित प्रखंड के सभी निजी विद्यालयों के संचालक एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रेप पीड़िता खुदकुशी मामले में प्राथमिकी, आरोपी फरार, पिता बोले- जबरन घर में घुस गया



**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार को रेप पीड़िता नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता के आवेदन में FIR दर्ज की गई है। आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाने में दिए आवेदन में पिता ने बताया कि 9 अप्रैल की रात करीब पड़ोसी निवास कुमार जबरन घर में घुस गए। नाबालिग बेटी के साथ जबरदस्ती की और अश्लील हरकतें करने लगा। बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसे बचाने दौड़ा। मुझे देखते ही आरोपी ने मेरे पर कट्टा तान दिया। जान से मारने की धमकी देने लगा। लोक-लाज और डर से हाथ जोड़कर माफी मांगी, जिसके बाद आरोपी पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़ित पिता ने आगे कहा कि रात भर अपनी बेटी को समझाने का प्रयास किया। अगले दिन यानी 10 अप्रैल की सुबह परिवार के लोग घर से बाहर गए थे। इस बीच किशोरी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर छत के रास्ते से घर में दाखिल हुए। देखा कि उनकी बेटी का शव पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। निवास कुमार हत्यारा है। उसकी हरकतों से तंग आकर मेरी बेटी ने जान दे दी। वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नालंदा में 132 केवी हाईटेंशन लाइन के तार चुराए



**नालन्दा।** नालंदा में शुक्रवार की रात चोरों ने 440 या 11 हजार वोल्ट नहीं 1 लाख 32 हजार वोल्ट (132 KV) हाईटेंशन लाइन पर हाथ साफ किया है। टावर पर चढ़कर 5 तार का 60 मीटर हिस्सा काटकर ले गए। अचानक बिजली की तेज चिंगारी निकली। आसपास के लोगों ने जब ये मंजर देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां एक लावारिस बाइक खड़ी मिली। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर चोर रात में पकड़ा जाते तो मॉब लिंचिंग हो जाती। सुबह 3 चोर अपनी बाइक लेने आए थे। ग्रामीण ने उन्हें पकड़ लिया। युवकों ने अपनी पहचान पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मिसी गांव बताई। जिसके बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया। घटना हरनौत थाना क्षेत्र नेहुआ गांव के पास जोगना खंदा की है। चेरन स्थित ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) के सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि जिले में इस तरह का यह पहला मामला है। बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर जीएसएस से चेरन जीएसएस तक आने वाली इस हाईटेंशन लाइन को वर्तमान में केवल चार्ज रखने के लिए 'नो लोड' पर रखा गया है। चोर गेंट्री टावर पर चढ़कर तारों को आपस में सटा देते थे, जिससे सर्किट ट्रिप हो जाता था। तकनीकी कारणों से जैसे ही लाइन ट्रिप होती, विभाग को इसकी सूचना मिल जाती और सुरक्षा के लिहाज से बिजली बंद करनी पड़ती थी। चोरों ने तार काटने के लिए अब तक करीब 12 बार लाइन ट्रिप की थी। इससे पहले 6 अप्रैल को भी तार चोरी हुई थी, जिसकी प्राथमिकी हरनौत थाने में दर्ज कराई गई थी। शनिवार को सहायक अभियंता राजेश कुमार के नेतृत्व में दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के करीब 12 कर्मियों ने 10 घंटे तक कड़ी मशक्कत की। चोरों ने 5 तारों से लगभग 60 मीटर हिस्सा काट लिया था, जिसकी मरम्मत शाम तक चली। इस लाइन के बाधित होने से हरनौत, चंडी, कल्याण बिगहा और बिंद समेत कई इलाकों की बिजली आपूर्ति पर असर पड़ता है। इधर, हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मौके से तार काटने वाले औजार, रॉड, नगदी और बाइक बरामद की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है, ताकि पूरे गिरोह का खुलासा किया जा सके।

### बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध लगातार सधन चेकिंग अभियान जारी

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल में डीआरएम किरेंद्र नरह के निर्देशानुर सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध लगातार सधन चेकिंग अभियान चल रहा है। इसी क्रम में रविवार को वाणिज्य अधिकारी एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में वाणिज्य टीम के साथ कटिहार पूर्णिया सेक्शन में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान सैकड़ों बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। इस अभियान के दौरान रेल प्रशासन द्वारा लगभग आधे दर्जन ट्रेन को चेक किया गया। सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने आम यात्रियों से अपील किया कि बिना टिकट यात्रा एक कानूनी अपराध है। इसलिए वे उचित टिकट लेकर हीअपनी सुखद यात्रा को सुनिश्चित करें। कटिहार रेलमंडल में यह सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। मौके पर सीटीआई रवि कुमार,पवन कुमार, सुमन कुमार,फूलों कुमार सहित दर्जनों वाणिज्य कर्मी मौजूद थे। गौरतलब है कि बीते वर्ष कटिहार रेलमंडल ने टिकट चेकिंग से सर्वाधिक रेल राजस्व प्राप्त कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड कायम किया है।

# उत्पाद विभाग की गाड़ी ने युवक को रौंदा, एफआईआर

## शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई थी, पत्थरबाजी के बाद 100 की स्पीड में भगाई थी गाड़ी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में उत्पाद विभाग की टीम पर एक शख्स को कार से रौंदने का आरोप है। घायल के भाई ने आरोप लगाया है कि 100 की रफ्तार में टक्कर मारी। जिसके बाद मेरे भाई की स्थिति नाजुक है, उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, शनिवार रात टीम शराब को लेकर छापेमारी करने गई थी। एक की गिरफ्तारी भी हुई थी, पर स्थानीय लोगों ने उसे छुड़ाने के लिए टीम पर पथराव कर दिया।



खुद को बचाने के लिए उत्पाद की टीम अपनी गाड़ी से भागने लगी। इसी दौरान एक शख्स को टक्कर लग गई। घायल के भाई रुस्तम कुरैशी ने ने कहा कि उत्पाद विभाग की गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी, टक्कर मारने के बाद भी गाड़ी नहीं रुकी और न ही घायल को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की गई। रविवार को पीड़ित पक्ष ने इमामगंज थाना में आवेदन दिया है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। घटना इमामगंज थाना क्षेत्र भिड़ा गांव की है।

**पत्थरबाजी करने वालों की हो रही पहचानः** घायल युवक दिलाशाद कुरैशी (25) को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उसे लगातार निगरानी में रखा गया है। फिलहाल स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पत्थरबाजी करने वालों की पहचान की जा रही है। विभाग के वाहन चालक की भूमिका की भी जांच हो रही है।

**पीड़ित परिवार को कहा, गाड़ी का नंबर खोजकर लाओः** वहीं सूत्रों कहना है कि इमामगंज पुलिस ने पीड़ित पक्ष से धक्का मारने वाली गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नम्बर पता करने को कहा है। खुद जांच करने से बचने के लिए अब इमामगंज पुलिस नया रास्ता अपना रही है। ग्रामीणों से गाड़ी का नंबर मांगा जा रहा है। इमामगंज थानेदार अमित कुमार से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो संपर्क नहीं हो सका।

**विभाग की गाड़ी से धक्का नहीं लगाः** इमामगंज क्षेत्र के उत्पाद प्रभारी हरेराम शर्मा ने कहा कि छापेमारी करने टीम गई थी। किसी नेता ने पब्लिक को भड़काया, जिसकी वजह से बवाल हुआ। वरना आम पब्लिक इस तरह का काम नहीं करती है। जब उनसे यह पूछा गया कि विभाग की गाड़ी से भागने के दौरान एक युवक को धक्का लगा है। इस पर उन्होंने कहा कि किसकी गाड़ी से धक्का लगा यह मालूम नहीं। सुबह जब न्यूज पेपर पढ़ा तो पता चला कि आबकारी विभाग की गाड़ी से धक्का लगा है, लेकिन ऐसा नहीं है।

## पंचायती अखाड़ा-बहादुरगीर घाट पर सफाई अभियान




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में 'स्वच्छ फल्गु' के तहत पंचायती अखाड़ा-बहादुरगीर घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान किया और नदी तट की साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने नदी में फैली गंदगी, झाड़ियों और कचरे को हटाया। आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से सफाई अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है। अभियान के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू और सह संयोजक टिंकू गिरी सहित नंद लाल यादव, प्रमोद यादव, ओम प्रकाश निराला, विनोद कुमार, रामदास मांझी, सुदर्शन प्रसाद, रवीन्द्र कुमार और सूबेदार रविदास मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण फल्गु नदी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में गंदगी और कचरे से प्रभावित हो रही है। इसी को देखते हुए गयाजी के लोगों ने सामूहिक रूप से इसे स्वच्छ रखने का बीड़ा उठाया है।

**पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकताः** फल्गु नदी के पूर्वी छोर पर सलेमपुर से अलीपुर तक और पश्चिमी छोर पर केंदुई से कंडी तक श्रमदान के माध्यम से सफाई की जाएगी। यह प्रयास न केवल नदी की स्वच्छता सुनिश्चित करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता भी बढ़ाएगा। अभियान से जुड़े नेताओं ने राज्य सरकार से कुछ महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। इनमें फल्गु नदी के पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकंद तक और पूर्वी छोर पर बसतपुर से खिजरसराय तक मरीन ड्राइव का निर्माण शामिल है। साथ ही, नदी के दोनों किनारों पर स्थित ऐतिहासिक और प्राचीन घाटों के सौंदर्यीकरण एवं विकास की भी अपील की गई।

## फर्जी आईबी अफसर गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस ने इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के फर्जी अधिकारी बनकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचना पटना जिला के मसौढ़ी निवासी विक्रम कुमार के तौर पर हुई है। फर्जी आईकार्ड और एक टैब बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल देर शाम RPF पोस्ट के निरीक्षक बनारसी यादव और रेल थानाध्यक्ष शिवकुमार के निर्देश पर टीम स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-6 पर एक संदिग्ध युवक पर नजर पड़ी। टीम ने पूछताछ की तो उसने खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) का जूनियर इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर बताया। शक होने पर पहचान पत्र की जांच की गई। आईकार्ड को स्थानीय IB कार्यालय भेजा गया। सत्यापन में यह पूरी तरह फर्जी पाया गया। जांच में साफ हुआ कि आरोपी फर्जी अधिकारी बनकर रेलवे परिसर में घूम रहा था और लोगों को भ्रमित कर रहा था।

**नेटवर्क खंगाला जा रहा हैः** आरोपी के खिलाफ कांड संख्या 102/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है कि वह किस मकसद से फर्जी पहचान बनाकर घूम रहा था। कहीं किसी ठगी या अन्य आपराधिक गतिविधि में शामिल तो नहीं था।

## नारी वंदन कानून पर भाजपा की महिला नेताओं में उत्साह, कहा- अब संसद में बढ़ेगी महिलाओं की ताकत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** नारी वंदन कानून को लेकर गयाजी की महिलाओं के बीच सरगर्मी तेज हो गई है। खासकर भाजपा से जुड़ी महिला नेताओं में इसे लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। गया की भाजपा नेता ने इस कानून का स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की और देश के प्रधानमंत्री का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात मजबूती से रखी। मीडिया से बातचीत में जिला मंत्री नीमा देवी ने कहा कि यह महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम है। 33 प्रतिशत आरक्षण लागू होने से लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को नीति निर्धारण में भागीदारी का मौका मिलेगा और देश के विकास में उनकी भूमिका और मजबूत होगी। यह कानून हर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देगा।



**कानून सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थरः** जिला पार्षद सदस्य व पश्चिमी क्षेत्र की मंत्री करुणा देवी ने कहा कि नारी वंदन कानून महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि सालों से महिलाओं को बराबरी का हक देने की मांग उठती रही, जिसे अब केंद्र सरकार ने पूरा किया है। इससे गांव से लेकर संसद तक महिलाओं की आवाज बुलंद होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में महिलाएं राजनीति में और मजबूती से अपनी पहचान बनाएंगी। भाजपा नेता पुष्पा सिंह ने कहा कि यह कानून सिर्फ आरक्षण नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकार का प्रतीक है। इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह फैसला देश की आधी आबादी के हित में लिया गया है, जिसका असर आने वाले साल में साफ दिखेगा। भाजपा के मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह समेत कई अन्य नेता भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह कानून देश की राजनीति में बड़ा बदलाव लाएगा और महिलाओं को नई पहचान देगा। खास बात यह भी प्रेस कांफ्रेंस करने के लिए एमएलएसी अनामिका पासवान को आना था। लेकिन वह नहीं आईं। सूत्रों के मुताबिक इसके पीछे का कारण प्रेस कांफ्रेंस की डेट की सही जानकारी एमएलसी को नहीं होना रहा।

**प्रेस कांफ्रेंस करने की जिम्मेदारी अलग-अलग नेताओं कोः** सूत्रों का कहना है एमएलसी को यह मानकर बैठी थीं कि उन्हें 13 अप्रैल को महिला वंदन कानून से जुड़े मसले पर गयाजी में प्रेस कांफ्रेंस करना है, जबकि प्रदेश पार्टी कार्यालय की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ प्रेस कांफ्रेंस करने की जिम्मेदारी अलग-अलग नेताओं को 12 अप्रैल को दी गई थी। इसकी सूचना भी जिले के नेताओं को पार्टी के प्रदेश स्तर के नेताओं की ओर से विधिवत रूप से दी गई थी। बावजूद इसके एमएलसी अनामिका पासवान गयाजी नहीं पहुंची। मजबूरी में गयाजी के नेताओं को महिला वंदन की खूबियां मीडिया के सामने गिनानी पड़ी।

## गया के शेरघाटी में स्कूलों को मिली गलत किताबें, हिंदी मीडियम को उर्दू की बुक मिली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** गया के शेरघाटी प्रखंड के सरकारी स्कूल में गलत विषय और माध्यम की पाठ्यपुस्तकों के वितरण का मामला सामने आया है। मध्य विद्यालय कमात और मध्य विद्यालय जोगापुर जैसे हिंदी माध्यम के स्कूलों को उर्दू की किताबें मिली हैं। इसके उलट, खंडेल उर्दू मध्य विद्यालय में हिंदी की पाठ्यपुस्तकें पहुंचाई गई हैं। इस गलती से कक्षा 6 और 7 के छात्र सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनकी पढ़ाई के अनुरूप सही पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो पा रही है। राजकीय मध्य विद्यालय कमात के हेड मास्टर राजेश कुमार और राजकीय मध्य विद्यालय जोगापुर के प्रधानाध्यापक दिग्विजय सिंह ने इसे गंभीर लापरवाही बताया है। उन्होंने कहा कि किताबों के वितरण से पहले संबंधित विभाग की ओर से उचित जांच नहीं की गई। शिक्षकों ने भी



इस गड़बड़ी के कारण पढ़ाई बाधित होने और बच्चों को विषय समझाने में आ रही दिक्कतों की पुष्टि की है। छात्रों और अभिभावकों में भी इस पर नाराजगी देखी जा रही है।

**बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकताः** प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। यदि इस समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर बच्चों के शैक्षणिक स्तर और परीक्षा परिणामों पर पड़ेगा।

इस चूक के लिए कौन जिम्मेदार है और क्या संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, यह सवाल उठ रहा है। प्रशासन और शिक्षा विभाग से उम्मीद की जा रही है कि वे जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे और बच्चों की पढ़ाई को पटरी पर लाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कृष्ण मुरारी गुप्ता ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि वे इसकी जानकारी लेंगे, लेकिन अगर ऐसा कुछ हुआ है तो इसमें कोई बड़ी समस्या नहीं है। उनके अनुसार, शिक्षक संबंधित विद्यालयों से किताबें बदलवा सकते हैं।

### यूपी बना सब-जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियन

## फाइनल में मध्य प्रदेश को 5-2 से रौंदा, एकतरफा प्रदर्शन करते हुए दी शिकस्त




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** राजगीर के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आज 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 का शानदार समापन हो गया। खिताबी (फाइनल) महामुकाबले में उत्तर प्रदेश (यूपी) की टीम ने अपना आक्रामक मुजाहिरा पेश करते हुए मध्य प्रदेश (एमपी) को 5-2 से शिकस्त दी और चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। इस खिताबी जीत के साथ ही यूपी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत साबित कर दी।

**शुरुआत से ही यूपी ने दिखाया आक्रामक खेलः** शाम चार बजे शुरू हुए इस खिताबी मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम शुरू से ही हावी रही। मैच के चौथे मिनट में ही यूपी के कप्तान केतन कुशवाहा ने बेहतरीन फील्ड गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, मध्य प्रदेश ने तुरंत वापसी की कोशिश की और आठवें मिनट में गाजी खान ने शानदार फील्ड गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। यूपी के खिलाड़ियों ने अपने अटैक को और तेज कर दिया। 13वें मिनट में नीतीश यादव ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए नीतीश यादव को फाइनल मुकाबले का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**शाहरुख, प्रह्लाद और राघवेंद्र ने दागे गोलः** बढ़त मिलने के बाद यूपी के फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने एमपी के डिफेंस को पूरी तरह भेद दिया। 28वें मिनट में स्टार खिलाड़ी अली शाहरुख, 35वें मिनट में प्रह्लाद राजभर और 40वें मिनट में राघवेंद्र सिंह चौहान ने एक-एक बेहतरीन फील्ड गोल दागकर यूपी को 5-1 की अजेय स्थिति में पहुंचा दिया। मैच के 43वें मिनट में मध्य प्रदेश के आयुष सिंह लोधी ने एक मैदानी गोल जरूर दागा, लेकिन वे टीम की हार (5-2) नहीं टाल सके।

**तीसरे स्थान की जंग में पंजाब ने जीता कांस्य पदकः** फाइनल मुकाबले से पहले रविवार सुबह तीसरे और चौथे स्थान के लिए रोमांचक जंग देखने को मिली। इस बेहद कड़े और संघर्षपूर्ण मुकाबले में हॉकी पंजाब ने दादरा और नगर हवेली-दमन और दीव हॉकी को 1-0 से मात देकर कांस्य पदक (तीसरा स्थान) अपने नाम किया। पंजाब की इस जीत के हीरो राजवीर सिंह रहे, जिन्होंने खेल के आठवें मिनट में मैच का इकलौता और निर्णायक मैदानी (फील्ड) गोल दागा।

# शादी समारोह में घरेलू एलपीजी के इस्तेमाल पर रोक, नालंदा में कार्ड दिखाने पर मिलेगा कमर्शियल सिलेंडर, एसडीओ के पास देना होगा आवेदन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा जिले में शादी समारोह में रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। खरमास की समाप्ति के बाद आगामी 20 अप्रैल से शुरू होने वाले लगन के भारी दबाव को देखते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शादियों और अन्य बड़े आयोजनों में अब घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पूरी तरह वर्जित रहेगा। सिर्फ कमर्शियल सिलेंडरों के इस्तेमाल की ही अनुमति दी जाएगी। इस नई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए डीएम ने जिले की सभी 54 गैस एजेंसियों की समीक्षा की और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए रसोइयों-कैटरर्स का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है, जिसे तेल कंपनियों को एक सप्ताह के भीतर पूरा करना होगा।

**एसडीओ को देना होगा आवेदनः** प्रशासन की ओर से लागू किए गए नए नियमों के अनुसार, जिस परिवार में शादी है, उन्हें अब अपने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को शादी के कार्ड के साथ एक औपचारिक आवेदन देना होगा। इस आवेदन में मेहमानों की संभावित संख्या और आवश्यक सिलेंडरों का पूरा विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा, ताकि वैवाहिक कार्यों के लिए गैस की सुलभ उपलब्धता बनी रहे।

**बैकलॉग को खत्म कर 2 से 3 दिनों में करें आपूर्तिः** जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों को



सख्त निर्देश दिया है कि बुकिंग के वर्तमान बैकलॉग को तत्काल खत्म किया जाए और उपभोक्ताओं को बुकिंग के महज दो से तीन दिनों के अंदर सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गैस की कालाबाजारी और अवैध व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम का नंबर 06112-233168 भी जारी किया गया है।

**आयोजक खुद करते हैं हलवाई की व्यवस्थाः** नालंदा मैरिज हॉल संघ के अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि बिहार शरीफ और आसपास के इलाकों में संचालित लगभग 125 मैरिज हॉलों में इस सीजन में हजारों शादियां संपन्न होनी हैं, लेकिन यहां पटना की तरह 'प्लेट सिस्टम' का चलन बेहद कम है। जिले की लगभग 90 प्रतिशत शादियों में लोग खुद अपना हलवाई रखते हैं और गैस से लेकर राशन तक का इंतजाम खुद करते हैं, जबकि मैरिज हॉल केवल परिसर उपलब्ध कराते हैं। ऐसी स्थिति में गैस सिलेंडर जुटाने की सीधी जिम्मेदारी लड़की या लड़के पक्ष के कंधों पर आ गई है।

**कोयले और लकड़ी के तरफ रुख कर रहा परिवारः** बाजार में सिलेंडर की उपलब्धता और प्रशासनिक सख्ती को देखते हुए कई परिवारों ने अब कोयले और लकड़ी के चूल्हों जैसे पारंपरिक विकल्पों की ओर रुख करना शुरू कर दिया है, ताकि ऐन मौके पर गैस की किल्लत से उत्सव में कोई खलल न पड़े। बिहार शरीफ के रहने वाले अजित कुमार जिनकी शादी 30 अप्रैल को निर्धारित है। उनका कहना है कि अगर सिलेंडरों की किल्लत इसी तरह बनी रही, तो वे कोयले या लकड़ी के चूल्हों की पारंपरिक व्यवस्था की ओर रुख कर सकते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे मे एमडीएम प्रभारी घायल

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे पर परसिया के समीप अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से प्रखंड मध्यान भोजन साधन सेवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति सासाराम निवासी संतोष कुमार बताए गए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे मोटरसाइकिल से किसी निजी कार्य से सासाराम जा रहे थे, तभी परसिया गांव के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमे सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए, हालांकि घटना को अनजाम दे चालक पिकअप ले भागने मे सफल रहा। स्थानीय ग्रामीण और राहगीरों की मदद से घायल अवस्था मे उन्हें तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सको ने उपचार कर बाएं हाथ की कलाई में फ्रैक्चर तथा आंतरिक चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### एमडीएम में कमीशन का खेल, ऑडियो वायरल
#### कमीशन के रूप में चावल एवं रूपये की बात सामने आयी

**दावथ ( रोहतास)**। दावथ बीईओ आनंद किशोर सिंह को कथित रूप से कमीशन के रूप में एमडीएम का चावल एवं रूपये देने का एक वायरल ऑडियो मिला है जिसमें दो स्थानीय बीचौलियों के माध्यम से चावल एवं रूपये लेने की बात सामने आयी है। हालांकि इस वायरल ऑडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं।। किंतु ऑडियो में बीचौलिये एवं एक प्रधानाध्यापक के बातचीत की आवाज को स्थानीय शिक्षकों ने वास्तविक बताया है। वैसे मीड डे मील में भ्रष्टाचार की खबरें आम हैं। शिक्षकों की मानें तो चावल के उठाव से लेकर भोजन बनाने तक कई स्तरों पर गड़बड़ियां होती हैं। स्कूलों से प्रधानाध्यापकों के माध्यम से बच्चों की संख्या के अनुपात में पदाधिकारियों द्वारा तय रकम वसूल की जाती है। कुछ प्रधानाध्यापकों से मिली जानकारी के अनुसार मिड डे मील के लिए मिलने वाले चावल के एक बोरे में 50 किग्रा के बजाए 45-46 किग्रा चावल ही रहता है, उन्हें इस चावल को किसी तरह 'मैनेज' करना पड़ता है। कुछ प्रधानाध्यापकों ने ऑफ द रिकार्ड यह भी बताया कि इस खेल में ऊपर से नीचे तक सब शामिल हैं। बच्चों की ज्यादा संख्या वाले विद्यालयों से प्रतिमाह बीईओ द्वारा एक मोटी रकम वसूल की जाती है। कथित तौर पर इसका कुछ हिस्सा उच्च अधिकारियों तक पहुंचता है। कुछ शिक्षकों का मानना है कि बीईओ आनंद किशोर सिंह जब से दावथ में पदस्थापित हुए हैं तब से वसूली पर दबाव और बढ गया है। वे स्कूलों का सुपरविजन करने के बजाय उगाही पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर बीईओ आनंद किशोर सिंह ने आरोपों से इंकार करते हुए इसे साजिश बताया। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने जांच कर उचित कार्रवाई की बात कही है।

### बिक्रमगंज में घर में घुसा अनियंत्रित ट्रक, चालक जख्मी



**बिक्रमगंज /रोहतास** । बिक्रमगंज शहर के नटवार रोड में रविवार को अनियंत्रित ट्रक एक घर में घुस गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक जख्मी हो गया है। जबकि घर के बाहर रखा एक गुमटी पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है तथा घर के एक कमरे में रखा गया दो बाइक और अन्य सामग्री क्षति ग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बालू लदा एक ट्रक बिक्रमगंज से नटवार की तरफ जा रहा था। इस बीच तेज रफ्तार ट्रक नटवार रोड में अनियंत्रित होकर पहले एक हार्वेस्टर में टक्कर मार दी, इसके बाद असंतुलित होकर सड़क के किनारे चंदर देवी के घर में घुस गया। गनिमत था कि घर के बाहर पानी निकास के लिए नाले का निर्माण किया गया था और घर के बाहर हीं एक गुमटी रखी हुई थी। पहले गुमटी में टक्कर मारी उसे ध्वस्त करते हुए नाले को तोड़ कर घर के दीवाल में टक्कर मारी। जिससे दीवाल टूट गया। यदि नाला और गुमटी नहीं होता तो ट्रक पूरी तरह से घर के अंदर प्रवेश कर जाता जिससे भारी नुकसान हो जाता। प्रभारी थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सामुदायिक चौपाल का किया उद्घाटन

**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय बकस बाबा प्रांगण में निर्मित सामुदायिक चौपाल भवन का रविवार को भाजपा कोटा से राज्य सभा संसद डॉ भीम सिंह ने फिता काटकर उद्घाटन किया.मौके पर मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चारो तरफ से ओपेन सामुदायिक चौपाल का यह भवन बहु उपयोगी है.बकस बाबा प्रांगण एक धार्मिक स्थल है.जहा दर्जन भर देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित है.छठ पूजा एवं बकस बाबा की पूजा के दौरान एक उपयोगी मंच की आवशयकता होती है.जहां से कार्यक्रम



संचालित किया जाता है. स्थानिय लोग बकस बाबा प्रांगण में इसको बनाने की मांग कर रहे थे.उक्त भवन को उनके अनुशंसा पर ओएनजीसी के सीएसआर सहयोग से उन्नत भारत सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा तैयार किया गया. मौके पर चन्द्रवंशी चेतना मंच के जिला अध्यक्ष बबलू सिंह चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष डॉ मनोज चन्द्रवंशी,मेघनाथ सिंह महतो, सुखदेव चन्द्रवंशी,राहुल चन्द्रवंशी,नन्दन महतो,ललन महतो, महेन्द्र महतो,मुंशी सिंह, सिपाही यादव, महेश सोनी समेत अन्य मौजूद रहे.

### महंत जी के नेतृत्व में शिबाला में आज से शुरू होगा रामकथा



**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय राजपुर कचहरी मोड स्थित शिबाला परिसर में आज शनिवार 11 अप्रैल से भगवान जगन्नाथ जी मठ के महंत सुदर्शनाचार्य जी के नेतृत्व में शाम तीन बजे से छः बजे तक भगवान रामचन्द्र जी का कथा किया जायेगा. जानकारी देते हुए महंत जी ने बताया कि शिबाला परिसर में स्थानिय सनातन भक्तों द्वारा भगवान रामचन्द्र जी दरबार के लिए मंदिर बनवाया गया है.जिसकी प्राण प्रतिष्ठा हेतु 26 अप्रैल से श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के पाद सेवक तपोमूर्ति संत यतिराज सुन्दरराज स्वामी के सानिध्य में श्री लक्ष्म नारायण महायज्ञ का आयोजन हुआ है.महायज्ञ सफलता हेतु शिवजी की प्रसन्नता के लिए उनके दरबार में रामकथा किये जाने का निर्णय लिया गया है.जिसके लिए स्थानिय लोगों एवं महायज्ञ कमिटी के सहयोग से प्रतिदिन संतों एवं भक्तों के सहयोग से शिवजी को भगवान रामचन्द्र जी का चरित्र श्रवण कराया जायेगा.शनिवार को भगवान रामजी के सेवक हनुमान जी के प्रसन्नता के लिए सुनदर काण्ड का आयोजन होगा.जिसके बाद प्रतिदिन अनवरत रामायण पाठ चलेगा. मौके पर प्रखंड प्रमुख कुंती देवी के समाजसेवी बेटा अभिषेक तिवारी,मुखिया रंजू देवी के समाजसेवी पति सतिश कुमार सिंह, राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता,सतीश कुमार गुप्ता,मदनमोहन तिवारी, बीरेन्द्र सिंह, दिनेश शुक्ला,संतोष कुमार सेठ, शनि वर्मा समेत कई अन्य मौजूद रहे.

# मकान के अंदर छत के रेलिंग से लटका मिला विवाहिता का शव

## पुलिस जांच में ड्यूटी मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतासः** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गौतम नगर वार्ड संख्या 13 काशी घाट समीप एक मकान के अंदर छत के रेलिंग से लटका मिला विवाहिता का शव । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार को करीब 10 बजे की घटित होने की बात बताई जा रही है । घटना की जानकारी मिलते ही मृतिका के पिता नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छतौना निवासी अशोक चौधरी व मायके के अन्य परिजन अपने बेटी के घर बिक्रमगंज काशी घाट पहुंचे,तो देखा कि बेटी का शव छत के रेलिंग से लटका मिला । जैसे ही अपनी बेटी का लटकता शव पिता ने देखा तो दहाड़ मारकर रोने लगे,साथ ही मायके के सभी परिजनों में चित्कार मच गई । सूचना मिलते ही स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी विकास



कुमार,प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी,चौकीदार व पुलिस कर्मी पहुंचे । पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच घटना की जांच में जुट गए ।

सूत्रों के हवाले से घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की हत्या कर छत के रेलिंग से लटका दिया गया है । साथ ही मृतिका के परिजनों का भी कहना है कि घटना को अंजाम देकर छत के रेलिंग से शव को लटका दिया गया है । ये घटना हत्या है या आत्महत्या जांच का विषय है । घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच मामले की जांच पड़ताल में जुट गए । साथ ही घटना स्थल पर डेहरी से एफएसएल की टीम पहुंच मामले की जांच हर एंगल से की और घटना से संबंधित साक्ष्य संकलित किए । मृतिका के पिता रोहतास जिला अंतर्गत थाना नोखा क्षेत्र के ग्राम छतौना निवासी अशोक चौधरी ने बताया कि मेरी 25 वर्षीय पुत्री अमृता पटेल की शादी दिसंबर वर्ष 2021 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर दावथ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बभनी कोआथ निवासी राम केश्वर चौधरी के पुत्र मनीष कुमार के साथ की गई थी । उन्होंने बताया कि मनीष कुमार अभी फौज में कार्यरत है । मृतिका के पिता श्री चौधरी ने बताया कि शादी के बाद एक साल तक सारा मामला सही था । लेकिन शादी के एक साल बाद से मेरी बेटी को ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित और मारपीट करने लगे । उन्होंने बताया कि मेरी बेटी से ससुराल पक्ष के लोग चार चक्का गाड़ी व अन्य सामानों की मांग कर रहे थे । अंततोगत्वा दहेज के कारण ससुराल के लोगों ने मेरी बेटी को जान से मार दिए । मृतिका के पिता ने कहा कि घटना की सूचना दूरभाष से दामाद ने दी । मृतिका का कोई संतान नहीं थी । घटना के बाद घर से ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए है । खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया चल रही थी ।

### कोचस के मैनपुरा गांव के तीन लोग हुए सड़क दुर्घटना के शिकार दो वर्षीय मासूम के साथ तीन की हुई मौत

## परिवार दादी के मौत के सदमे झेल रहा था कि तीन शव घर पहुंचते मचा कोहराम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव के तीन बाइक सवार सासाराम के बढ़ैया बाग मे ट्रैक्टर मे जा टकराए जिसमे एक दो वर्ष की मासूम सहित तीन लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।मृतकों मे 25 वर्षीय परमानंद कुमार, 30 वर्षीय खुशबू देवी एवं लगभग दो वर्षीय काव्या कुमारी शामिल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक परमानंद कुमार के दादी की हाल हीं में मौत हो गई थी, जिसको लेकर गांव में श्राद्धकर्म की तैयारी चल रही थी। इसी कर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों लोग सासाराम से कोचस की तरफ जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर हीं तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाने की पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है और कानूनी कार्रवाई कर फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। वही घटना के बाद परिवार दादी के सदमे को झेल रहा था कि घर मे एक साथ तीन लाशे पहुंचने के बाद चीत्कार मच गया जिसे परिवार के साथ-साथ पूरा गांव सदमे में है।

# संविधान के शिल्पकार डॉ.भीमराव अंबेडकर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास**। भारतीय इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनकी दृष्टि और कर्म युगों तक समाज का मार्गदर्शन करते हैं । डॉ.भीमराव अंबेडकर ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे,जिनका जन्मदिन पूरे विश्व में बहुत सम्मान के साथ मनाया जाता हैं ,14 अप्रैल 1891 को जन्मा यह व्यक्तित्व पूरी दुनिया में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया । जिन्हें भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में जाना जाता है । उनका जन्मदिवस केवल एक औपचारिक स्मरण नहीं,बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के पुनर्स्मरण का अवसर है । उनका ध्येय वाक्य था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो !

वह अंतिम और वंचित व्यक्ति तक न्याय पहुंचे इसकी वकालत करते थे । डॉ.अंबेडकर ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हों और जहां किसी भी प्रकार के भेदभाव का कोई स्थान न हो । उन्होंने संविधान को श्रेष्ठ मूर्तिकार की तरह सुन्दर और विशाल समावेशी आकार में गढ़ने का प्रयास किया । जिसके माध्यम से न केवल एक सुव्यवस्थित राजनीतिक ढांचा हमें प्राप्त हुआ,बल्कि सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव भी प्राप्त हुई । उनके द्वारा स्थापित मूलभूत अधिकार,विधि का शासन, और सामाजिक न्याय की अवधारणा आज भी भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं । उनका जीवन संघर्ष और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है । अत्यंत विषम परिस्थितियों में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और समाज के वंचित वर्गों के लिए महिलाओं के लिए आवाज उठाई । वे मानते थे कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जो फर्श से अर्श तक किसी को भी पहुंचा सकता है वो शिक्षा को ऐसा आधारभूत सिद्धांत मानते थे । जिससे समाज विकसित और सभ्य हो जाता है वह शिक्षा को विकास की चाभी समझते थे । जहां अन्य नेताओं ने भारत को आजादी दिलाई,वहीं अंबेडकर ने उस आजादी को अर्थ और दिशा दी । वे उस समय भारत के सर्वाधिक पढ़े लिखे व्यक्ति थे । आज जब समाज अनेक नई चुनौतियों का सामना कर रहा है—जैसे सामाजिक असमानता,आर्थिक विषमता और नैतिक मूल्यों का ह्रास—ऐसे समय में डॉ.अंबेडकर के विचार हमें दिशा प्रदान करते हैं । उनका यह विश्वास कि लोकतंत्र केवल राजनीतिक प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है,हमें अपने आचरण और सोच में समावेशिता लाने के लिए प्रेरित करता है । बड़े दुख की बात है कि वो भारत रत्न थे लेकिन यह समाज यह सरकार इस बात की पुष्टि 1990 में जाकर की । वे महान अर्थशास्त्री थे , इस विशाल और अखंड भारत के कानून मंत्री भी रहे । उनकी उपलब्धि और देन के लिए मां भारती सदैव ऋणी रहेगी । इस विशेष अवसर पर यह आवश्यक है कि हम उनके आदर्शों को केवल शब्दों तक सीमित न रखें,बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारें। समाज में समता,बंधुता और न्याय की स्थापना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । लेकिन आज समाज उन्हीं को राजनीतिक तुल बना कर रख दिया है और उनके आदर्शो को भूल कर उनके ऊपर , उनका आड़ लेकर एक विकृत समाज का निर्माण कर रहा है । जो भेदभाव का विरोध करके भेदभाव करता है जो अन्याय का विरोध करके अन्याय करता है। जो छुआछूत का विरोध करके छुआछूत करता है,जो असमानता नहीं होनी चाहिए । यह कहकर असमानता का परम पोषक हैं । डॉ.भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान देंगे । जहां हर व्यक्ति को सम्मान,अवसर और न्याय प्राप्त हो । यही उनके सपनों का भारत है और यही हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है ।

# बालू लदा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाट में पलटा ड्राइवर जख्मी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से बालू लगा वाहन पलटा





**अकोढी गोला (रोहतास)**। रोहतास जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह बालू से लदा एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चाट में पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक घायल हो गया, जिसे घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। घटना आयर कोठा-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर पडुहार गांव के समीप सुबह करीब 9 बजे हुई। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद टेलर सड़क किनारे गहरे चाट में जा गिरा। वाहन की चपेट में आने से दो लिप्टस के पेड़ भी उखड़ गए। चालक घंटों तक अपनी सीट पर फंसा रहा।

सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और आयर कोठा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और एसआई उज्जवल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों के अथक प्रयासों से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र के पथरी गांव निवासी सुरेंद्र गौड़ के रूप में हुई है। वह BR06G G5026 नंबर के टेलर पर बालू लादकर रोहतास जिले से गोरखपुर जा रहा था। घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकोढी गोला भेजा गया, जहां उसे मामूली चोटें आईं। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के संबंध में वरीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। चालक अब खतरे से बाहर है।

# कस्तूरबा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर एलुमनाई मीट 2026 का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट**। प्रखंड के जयश्री स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का प्रांगण उस समय उत्साह,ऊर्जा और गौरव के रंगों से सराबोर हो उठा,जब कस्तूरबा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर एलुमनाई मीट 2026 का आयोजन किया गया । कार्यक्रम ने न केवल पूर्ववर्ती छात्राओं और वर्तमान छात्राओं को एक मंच पर जोड़ा, बल्कि बेटियों की उपलब्धियों और उनके उज्ज्वल भविष्य का भी उत्सव बन गया । कार्यक्रम का शुभारंभ काराकाट के बीईओ मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह, समाजसेवी सुरेश तिवारी,रूबी सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । इसके बाद विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का फूलमाला,डायरी और कलम भेंट कर आत्मीय स्वागत




किया । सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति से कार्यक्रम की गरिमामयी शुरुआत हुई,जिसके बाद छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर वातावरण को भावनात्मक बना दिया । आगे बढ़ते हुए छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की,जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया नृत्य,गीत और नाट्य प्रस्तुतियों में बेटियों का आत्मविश्वास और प्रतिभा साफ झलक रही थी । इस खास अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कक्षा आठवीं में उत्तीर्ण 40 छात्राओं एवं विद्यालय की 7 पूर्ववर्ती छात्राओं को फूलमाला,डायरी,कलम,इंस्ट्रूमेंट बॉक्स और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । यह सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों की पहचान था,बल्कि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना । मुख्य अतिथि बीईओ मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कस्तूरबा गांधी ने जिस तरह समाज में महिलाओं के सम्मान और शिक्षा की अलख जगाई,आज वही ज्योति इन बेटियों के रूप में और अधिक प्रज्वलित होती दिख रही है । यह विद्यालय सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं,बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव तैयार करने वाली पाठशाला है । यहां की बेटियां आने वाले समय में समाज और राष्ट्र को नई दिशा देंगी । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की वार्डन सह शिक्षिका गुड़िया पांडेय ने की,जबकि संचालन शिक्षिका शशि कुमारी एवं छात्रा रौशनी कुमारी ने संयुक्त रूप से कुशलतापूर्वक किया । समारोह में विद्यालय परिवार,छात्राएं एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन बना दिया । यह एलुमनाई मीट केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि बेटियों के सपनों,संघर्षो और सफलता की कहानी का जीवंत मंच बनकर उभरा ।

# डिहरी प्रखंड के बरनबिगहा में हुआ दु-गोला चैता गायन का महामुकाबला, देर रात तक जमे रहे श्रोता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डिहरी (रोहतास)**। जिले के डिहरी प्रखंड अंतर्गत बरनबिगहा ( बेरकप ) गांव में शनिवार 11 अप्रैल की रात को चैता गायन का जोरदार दु-गोला मुकाबला आयोजित किया गया।दुगोला महा मुकाबला कार्यक्रम में मगध के दो दिग्गज व्यासों के बीच देर रात तक चले सवाल-जवाब ने सैकड़ों श्रोताओं को बांधे रखा। देर रात तक दर्शक कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चैता सम्राट सुदर्शन यादव व्यास और बुद्धा व्यास 'तुफान एक्सप्रेस' के बीच का मुकाबला रहा। दोनों कलाकारों ने चैत मास की परंपरा, राम-सीता प्रसंग और सामाजिक मुद्दों पर एक-दूसरे से तीखे सवाल दागे। सुदर्शन यादव ने पारंपरिक शैली में "रामजी के बन ,," पर चैता छेड़ा, तो बुद्धा व्यास ने मौजूदा दौर से जोड़कर जवाब दिया। हर सवाल पर दर्शकों की तालियों से पंडाल गूंज उठा।

कार्यक्रम का आयोजन पैक्स अध्यक्ष नंदू यादव ने किया मौके पर अगियाँव प्रखंड प्रमुख एवं संदेश विधानसभा क्षेत्र के नेता मुकेश यादव जिला पार्षद सदस्य नथुनी पासवान डेहरी प्रखंड प्रमुख मनीष यादव,अजीत कुमार और गुड्डू चन्द्रवंशी, पैक्स अध्यक्ष कृष्णा, जितेन्द्र,



राजू,कमलेश,अनिल,रिंकू, वीरेंद्र,अरुण,मनोज, गुप्तेश्वर ,मनोज पंडित आदि नेता जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मंच पर मौजूद रहे।

कार्यक्रम को लेकर बेरकप पैक्स अध्यक्ष नन्द कुमार सिंह उर्फ नंदू ने बताया कि"अपनी लोक संस्कृति और चैता परंपरा को जिंदा रखने के लिए हर साल ये आयोजन कराते हैं। दोनों व्यासों ने कमाल का समा बांधा।"। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है। कलाकारों को मंच देना हम सबकी जिम्मेदारी है। आयोजन समिति ने बताया कि मुकाबला बराबरी पर छूटा और दोनों व्यासों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ ने किया सम्मानित

## छात्र अंजली पांडेय ने जिला टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर निवासी विजय पांडेय की सुपुत्री अंजली पांडेय ने बिहार बोर्ड परीक्षा समिति में अव्वल अंक पाकर गांव प्रखंड एवं जिला का नाम रोशन किया साथ ही साथ विजय पांडेय का पुत्र गोबिंद पाण्डेय ने विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त किया ।



राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ इन दोनों भाई-बहन को मेडल ,ट्रॉफी,डायरी ,पेन एवं आर्थिक राशि भेंट कर छात्र-छात्रा को प्रोत्साहित किया। मानवता सेवा संघ के सभी सदस्यों ने अपने-अपने वक्तव्य में कहा कि कोई भी छात्र-छात्रा आगे अगर बढ़ता है तो हम उसे लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोग करेंगे। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता मोथा पंचायत सरपंच केदार पाण्डेय एवं संचालन रविकांत तिवारी ने किया कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम तैल चित्र पर धूप दीप पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विद्वानों के मुखारविंद से स्वस्तिवाचन किया गया जिसे पूरा कार्यक्रम मंत्र मुक्त हो गया स्वस्ति वाचन के साथ संघ के संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु अपना-अपना विद्वत जनों ने मंतव्य प्रकट किया साथी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना किया। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे, उपाध्यक्ष गुड्डू उपाध्याय, महासचिव दशरथ मिश्रा, सचिव अखिलेश तिवारी, पप्पू तिवारी,जन्मणजय उपाध्याय ,शालिग्राम पाण्डेय ,अवधेश पाण्डेय ,अजय कुमार पांडेय ,निरंजन पाण्डेय सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 साल के लड़के पर जानलेवा हमला

**बेगूसराय।** बेगूसराय में आपसी विवाद में बदमाशों ने 17 साल के लड़के पर जानलेवा हमला कर दिया है। गला पर ब्लेड से हमला किया है। गंभीर हालत में अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायल की पहचान लौछे गांव निवासी लालो राय के पुत्र शिवम कुमार के तौर पर हुई है। घटना बखरी थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पीछे की है।

**रास्ते में विवाद हुआ था:** शिवम प्लाई फैक्ट्री में काम करता है। शनिवार रात करीब 9:30 बजे पहचान के एक युवक ने उसे बुलाया। रास्ते में किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर गले सहित शरीर के अन्य हिस्सों में ब्लेड से मारकर जख्मी कर दिया। इसी बीच मोबाइल और करीब 2000 रुपए लेकर फरार हो गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक बनी हुई है।

**छानबीन में जुटी पुलिस:** सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल से घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। वारदात में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है।

### छात्रों से 35 लाख की वसूली पर इवेंट में भागीदारी नहीं और बीत गया खेल कैलेंडर

**भागलपुर।** टीएमबीयू का 2025-26 का वार्षिक खेल कैलेंडर मार्च में पूरा हो गया। एक दर्जन खेलों के इवेंट हुए। इनमें ज्यादातर इवेंट महिला-पुरुष दोनों वर्गों में हुए, लेकिन अंगीभूत, एफिलिएटेड और निजी बीएड मिलाकर करीब 38 कॉलेजों में लगभग 25 कॉलेजों ने किसी इवेंट में भाग नहीं लिया। जबकि कॉलेज हर सेमेस्टर, हर वर्ष खेल मद में छात्रों से शुल्क वसूलते रहे। लगभग 35 हजार छात्रों से प्रति छात्र प्रत्येक सेमेस्टर की दर से 35 लाख रुपए वसूले गए। पर न खिलाड़ी तैयार हुए न संसाधन। स्नातक के कोर्स में हर छात्र से हर सेमेस्टर में खेल मद में 100 रुपए लेना तय है। विवि में जो खेल कैलेंडर पूरा हुआ वह 2025-26 का था। यानी 2025 के अगस्त-सितंबर से 2026 के मार्च तक चला। इस दौरान कॉलेजों में सत्र 2023-27 के चौथे सेमेस्टर, सत्र 2024-28 के दूसरे और सत्र 2025-29 के पहले सेमेस्टर के छात्र पढ़ाई कर रहे थे। जिन छात्र-छात्राओं की पढ़ाई निःशुल्क होनी है, उन्हें छोड़कर लगभग 35 हजार छात्र वैसे थे जिनसे 35 लाख रुपए शुल्क के रूप में वसूले गए। ये कॉलेज खेल मद में छात्रों से वसूली गई राशि से अपना अकाउंट भरते रहे। लंबे समय से विवि को कोई हिसाब नहीं दिया गया। खेल कैलेंडर 2025-26 के दौरान वसूली गई राशि भी अपने एकाउंट में रखे रहे। विवि को भी उसका 40 प्रतिशत हिस्सा नहीं दिया। विवि के खेल सचिव डॉ. संजय जायसवाल ने बताया कि अब इन कॉलेजों से विवि के हिस्से की राशि ली जाएगी। पूर्व कुलपति जवाहर लाल के समय भी यह स्थिति थी। तब भी विवि ने ऐसे कॉलेजों पर कार्रवाई करने की बात कही थी। अब प्रभारी कुलपति प्रो. बिमलेंदु शेखर झा ने भी खेलों में शामिल नहीं होने वाले कॉलेजों पर कार्रवाई करने की बात कही थी। विवि के कॉलेज इंस्पेक्टर के स्तर से कॉलेजों को पत्र भेजा गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### हैप्पी वैली स्कूल में स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट छात्र सम्मानित

**भागलपुर।** हैप्पी वैली स्कूल में शनिवार को स्थापना दिवस के अवसर पर इंस्पिरेशन 100 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य अभिभावकों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के प्रेरणास्रोत डॉ. दिलीप कुमार सिंह के जीवन मूल्यों को छात्रों तक पहुंचाना था। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि राज कुमार राजपूत एवं जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों ने नैतिक मूल्यों और संस्कारों का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### बिरला ओपन माइंड्स स्कूल में नया सत्र शुरू

**भागलपुर।** बिरला ओपन माइंड्स स्कूल, भागलपुर में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत की गई। विद्यालय परिसर में छोटे-छोटे बच्चों के उत्साह और अभिवादन ने पूरे माहौल को भावनात्मक और आनंदमय बना दिया। पहली बार विद्यालय पहुंचे बच्चे आत्मविश्वास से भरे नजर आए। विद्यालय की ओर से बच्चों को टॉफियां वितरित की गईं तथा उन्हें स्मार्ट बोर्ड और अन्य आधुनिक शैक्षणिक उपकरणों से परिचित कराया गया। शिक्षकों के साथ-साथ पुराने विद्यार्थियों ने भी नए बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे भारतीय संस्कृति और अपनत्व की झलक स्पष्ट दिखाई दी। प्रार्थना सभा में बच्चों को आगे बढ़ने और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार सिंह ने सभी नए विद्यार्थियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया।

### स्कूल में बाल संसद, साक्षी पीएम चुनी गई

**भागलपुर।** केंद्रीय कारा स्कूल परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया। चुनाव मतपत्र और बैलेट बॉक्स के माध्यम से कराया गया, जो शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। स्कूल प्रशासन के अनुसार छात्रों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया और पूरी प्रक्रिया में अनुशासन बनाए रखा। प्रधानमंत्री पद के लिए हुए मुकाबले में साक्षी कुमारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत दर्ज की। उप-प्रधानमंत्री पद पर भी प्रतिस्पर्धा के बाद विजेता चुना गया। निराक कुमार प्रेक्षक थे।

### जनगणना कार्य से प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को मुक्त रखा जाए

**बेगूसराय।** भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के बीच जिले में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) मनोज कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों को जनगणना कार्य से मुक्त करने की मांग की है। डीईओ ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि वर्तमान में जनगणना कार्य के लिए विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों को प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है। उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रगणक और प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के शिक्षकों को पर्यवेक्षक बनाए जाने की प्रक्रिया को उन्होंने अनुपयुक्त बताया है। उन्होंने तर्क दिया है कि एक अप्रैल से ही जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में नामांकन पखवाड़ा चल रहा है। ऐसे समय में विद्यालय प्रमुखों की गैरमौजूदगी से नामांकन अभियान के साथ-साथ अन्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। डीईओ के अनुसार, यदि यही स्थिति बनी रही तो स्कूलों की नियमित गतिविधियां बाधित हो सकती हैं। इन्हीं तथ्यों के आधार पर डीईओ ने मांग की है कि प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों को जनगणना कार्य से अलग रखा जाए। साथ ही उन्होंने यह सुझाव भी दिया है कि उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रगणक के बजाय पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी जाए, ताकि कार्य का संतुलन बेहतर तरीके से बनाया जा सके। गौरतलब है कि इस मुद्दे को पहले ही बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश प्रसाद राय द्वारा उठाया जा चुका है। उन्होंने डीईओ को आवेदन देकर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया था और समाधान की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रखंड और नगर परिषद स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

# यात्रियों की बढ़ती भीड़ के चलते चार समर स्पेशल ट्रेन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




◆ **भागलपुर, जमालपुर के यात्रियों को मिलेगी राहत, रेलवे ने जारी किया शेड्यूल**

**भागलपुर।** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने चार अतिरिक्त समर स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें कोलकाता-भुवनेश्वर, मालदा टाउन-इतवारी, आसनसोल-पटना और किऊल-मालदा टाउन के बीच चलेंगी। इससे बिहार और पूर्वी भारत के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**जानिए ट्रेन किस-किस स्टेशन पर रूकेगी:** किऊल-मालदा टाउन मेमू स्पेशल(03204)- 13 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 6:10 बजे खुलेगी किऊल से खुलेगी। 15:00 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03203 शाम 16:00 बजे मालदा से खुलेगी। अगले दिन 01:00 बजे किऊल पहुंचेगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर रूकेगी। जिससे भागलपुर क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। भुवनेश्वर-कोलकाता स्पेशल(08401)- मंगलवार 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2026 तक रात 00:50 बजे भुवनेश्वर से खुलेगी। दूसरे दिन सुबह 09:15 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 08402 कोलकाता से 17:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00:45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरल, स्लीपर और वातानुकूलित कोच उपलब्ध रहेंगे।

**न्यू फरक्का होते हुए जाएगी:** इतवारी-मालदा टाउन स्पेशल(08871)- इतवारी से 19, 20 और 26 अप्रैल को चलेगी, जबकि गाड़ी संख्या 08872 मालदा से 21, 21 और 27 अप्रैल को संचालित होंगी। यह ट्रेन न्यू फरक्का, रामपुरहाट, बोलपुर शांतिनिकेतन, बर्द्धमान और डानकुनी स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें भी सभी श्रेणियों के कोच उपलब्ध रहेंगे। पटना-आसनसोल मेमू स्पेशल(03202: पटना से 13 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 4:35 बजे खुलेगी। दोपहर 12:45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03201 आसनसोल से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर रात 22:10 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

## गौशाला में सो रहे किसान की हत्या



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में शनिवार देर रात अपराधियों ने गौशाल में सोर रहे किसान को गोली मार दी। मौके पर ही मौत हो गई। 2 बुलेट लगी है। मृतक की पहचान वार्ड संख्या-4 निवासी बूटो मंडल(60) के तौर पर हुई है। सुबह परिवार के सदस्य गौशाल पहुंचे तो लहूलुहान अवस्था में देखा। इसके बाद ग्रामीणों को सूचना दी गई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी भिट्ठा बहियार की है।

**हत्या का कारण स्पष्ट नहीं:** किसान की हत्या क्यों की गई, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन इस संबंध में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। हत्या के पीछे क्या कारण है, इस पर पुलिस जांच कर रही है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। खून से सने कपड़े को जब्त कर लिया गया है। वहीं, इस संबंध में इस्माइलपुर थानाध्यक्ष धीरज कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 2 ट्रैक्टर हादसे में 2 ड्राइवर की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए ट्रैक्टर हादसों में दो ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पहली घटना रजौन थाना क्षेत्र में हुई, जबकि दूसरी घटना बौसी थाना क्षेत्र में सामने आई है। दोनों ही मामलों के बाद इलाके में शोक का माहौल है। रजौन थाना क्षेत्र के सिंहनान पंचायत अंतर्गत कोड़ली मंडल टोला के पास एक मिट्टी लोडेड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भागलपुर जिले के गोराडीह निवासी संजय यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संजय यादव ट्रैक्टर से एक स्थान से मिट्टी लोड कर दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

**3 घंटे तक शव को घटनास्थल पर रखकर किया विरोध:** घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। आक्रोशित परिजनों ने करीब तीन घंटे तक शव को घटनास्थल पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम, जिसमें एसआई विनोद कुमार और संजय कुमार सिंह शामिल थे, ने लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राज रतन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ट्रैक्टर पलटने से युवक की हुई मौत:** वहीं दूसरी घटना बौसी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित महाराणा में हुई, जहां 32 वर्षीय अमानुल्लाह की ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई। मृतक हाजी असरार के पुत्र बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, अमानुल्लाह अपने ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## रिश्वत लेते पकड़ा गया डेटा एंट्री ऑपरेटर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए फारबिसगंज अंचल कार्यालय के डेटा एंट्री ऑपरेटर योगेश कुमार चौधरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्हें रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था, जिसके बाद जिला पदाधिकारी के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई विशेष निगरानी इकाई, बिहार की जांच और विभागीय जांच के आधार पर की गई है। अंचल अधिकारी फारबिसगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विशेष निगरानी इकाई की टीम ने 31 अक्टूबर 2025 को योगेश कुमार चौधरी को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) तथा बीएनएस 2023 की धारा 61(2)(a) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को चिकित्सीय आधार पर जमानत मिल गई थी।

**जमानत के बाद दोबारा किया था ज्वाइन:** जमानत मिलने के बाद 26 दिसंबर 2025 को योगेश कुमार चौधरी ने फारबिसगंज अंचल कार्यालय में दोबारा योगदान दे दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता के माध्यम से प्राप्त स्पष्टीकरण में उन्होंने आरोपों से इनकार किया। हालांकि, विशेष निगरानी इकाई द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तारी को मुख्य साक्ष्य मान लिया गया। विभागीय जांच में पाया गया कि उनका आचरण न केवल भ्रष्टाचार से जुड़ा था, बल्कि सरकारी सेवा के अनुशासन और मानकों के पूरी तरह प्रतिकूल था। वरीय अधिकारियों ने कठोर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इन तथ्यों के आधार पर जिला प्रशासन ने योगेश कुमार चौधरी को 31 अक्टूबर 2025 से प्रभावी रूप से डेटा एंट्री ऑपरेटर पद से सेवा मुक्त कर दिया है।

**जनता से रिश्वत नहीं की जाएगी बर्दाश्त:** जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी कर्मी के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सरकारी कार्यालयों में जनता से किसी भी प्रकार की रिश्वत या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वच्छ प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। यह कार्रवाई अररिया जिले में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सांसद ने दोहरी हत्याकांड के पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर की आर्थिक सहायता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** फारबिसगंज में हुए दोहरी हत्याकांड मामले में रविवार को सांसद प्रदीप सिंह अमौना गांव पहुंचे और दोहरी हत्याकांड के पीड़ित नबी हुसैन के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें 50 हजार रूपये का आर्थिक सहायता प्रदान किया। उन्होंने घटना और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सांसद ने नरपतगंज विधायक देवयंती यादव, जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम,जोगबनी मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रोहित यादव और अन्य समर्थकों की मौजूदगी में मौके पर ही पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने मृतक की बेटी के निकाह में भी हरसंभव आर्थिक मदद देने की घोषणा की, जिससे परिवार को राहत मिल सके। मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि घटना निंदनीय है और इस दोहरी हत्याकांड से व्यक्तिगत तौर पर काफी मर्माहत हूं। दुबारा समाज में इस तरह की घटना घटित न हो इसके लिए सबों को सजग रहना होगा। उन्होंने कहा कि यह कोई दो मर्डर नहीं है, बल्कि दो परिवारों का उजड़ना है। उन्होंने मौके पर घटना के समय वीडियो बनाने वाले को भी आड़े हाथ लिया और आमजनों से भी जिम्मेवारी और जवाबदेही तय करने की अपील की। प्रदीप सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार की सभी योजनाओं और लाभों का शीघ्र लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। सांसद के गांव पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और सांसद की आर्थिक सहायता के पहल की सराहना की। दरअसल मृतक नबी हुसैन की बेटी का निकाह होने वाला था और उससे पहले दिल दहलाने वाली घटना घटित हो गई।

## एसआईई की सर्विस पिस्टल से पत्नी की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



मधु
मृतका

**मुंगेर।** मुंगेर में शनिवार को SI चंदन कुमार की पत्नी मधु कुमारी (29) की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। पति की सरकारी रिवॉल्वर से उनके सीने में गोली लगी, जो आरपार हो गई। SI का कहना है कि घटना के समय वो बाथरूम में थे। इसी बीच पत्नी ने सुसाइड कर लिया। जबकि मधु के पिता का दावा है कि, उनकी बेटी की हत्या की गई है। दामाद के अवैध संबंध हैं। मधु समस्तीपुर के विधान गांव के रंजीत कुमार की बेटी थी। वह अपने पति के साथ तीन महीने से जमालपुर में किराए के मकान में रहती थी। SI चंदन बेतिया के रहने वाले हैं। वह मुंगेर और जमालपुर के बीच स्थित सफियासराय थाना में तैनात है। चंदन और मधु की शादी पिछले 7 फरवरी 2025 को हुई थी। मधु, BPSC की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करती थी, इसी दौरान वो चंदन के संपर्क में आई थी।

**सुबह पति-पत्नी में हुआ था झगड़ा:** आसपास के लोगों ने बताया कि शनिवार की सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। शाम साढ़े छह बजे मकान से गोली चलने की आवाज आई। इसके बाद बाद आसपास के लोग पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लहूलुहान हालत में मधु को तुरंत मुंगेर के निजी इमरजेंसी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात तक अस्पताल में ही SI से भी पूछताछ की गई। वहीं SI चंदन कुमार ने बताया, 'मैं बाथरूम में था, अचानक गोली चलने की आवाज आई। मैं भागकर बाहर आया तो देखा मधु जमीन पर गिरी हुई है। उसके सीने से खून निकल रहा था। पड़ोसियों की मदद से अस्पताल ले गया लेकिन, वहां उसकी मौत हो गई।'

**घर वाले बोले- बेटी की हत्या की गई है:** घटना की जानकारी मिलने के बाद समस्तीपुर से मुंगेर पहुंचे मधु के घर वालों का कहना है, 'बेटी की हत्या की गई है। बेटी खुद के सीने में गोली कैसे मार सकती है। जिस वक्त घटना हुई केवल पति ही घर में मौजूद था। दोनों के बीच कुछ महीनों से विवाद भी चल रहा था।

## एनएच-31 पर तेज रफ्तार ऑटो पलटी



◆ **मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बेटे की मौत, दरभंगा के रहने वाले थे**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में NH-31 फोरलेन पर अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई। मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे शख्स की मौत हो गई। मृतक विनोद लाल देव (55) दरभंगा के मेकना गांव के रहने वाले थे। हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर चले गए। दोनों मां-बेटे का एक साथ ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र की है।

**पूजा कराने के लिए दरभंगा से आए थे:** जानकारी के मुताबिक विनोद लाल देव पूजा-पाठ कराने का काम करते थे। अपने यजमान के यहां बेगूसराय आए हुए थे। शनिवार देर शाम गांव में उनकी मां रामकुमारी देवी की मौत हो गई। देर रात परिजनों से मौत की जानकारी मिली, लेकिन उस समय दरभंगा जाने का कोई विकल्प नहीं था। आज सुबह(शनिवार) अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव जा रहे थे। गांव जाने के लिए बेगूसराय बस स्टैंड से ऑटो पकड़ा था। सुशील नगर के पास गाड़ी पलट गई। गाड़ी के नीचे दबने से उनकी मौत हो गई।

## विभाग पूर्व छात्र संयोजक, सह संयोजक बैठक संपन्न

**भागलपुर।** भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति के तत्वावधान में रविवार को आयोजित सैनिक स्कूल गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर नरगाकोठी चंपानगर भागलपुर में भागलपुर विभाग के पूर्व छात्र संयोजक एवं सह संयोजक बैठक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रांतीय पूर्व छात्र संयोजक अनुराग महाराणा, पूर्व छात्र सह संयोजक अभिषेक पांडे, जिला निरीक्षक भागलपुर विभाग सतीश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अमरेश कुमार, प्रभारी प्रधानाचार्य ममता जायसवाल, पूर्व छात्र चमन झा, पूर्व छात्र अमित राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सतीश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की बैठक से पुराने सहपाठियों, आचार्य एवं अपने संस्थान से जुड़े रहने का महत्वपूर्ण और भावनात्मक कार्यक्रम है। अभिषेक पांडे ने कहा कि हमने जो संस्कार विद्यालय से सीखा है उसे समाज में प्रसारित करना है ।इसके लिए समाज में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में हमें भाग लेना है और समाज की सेवा करना है।




**किऊल एवं मालदा टाउन के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, किऊल जंक्शन एवं मालदा टाउन के बीच एक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन अर्थात् **03204/03203 किऊल-मालदा टाउन-किऊल स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिनों, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

| किऊल-मालदा टाउन | | 03204 03203 | मालदा टाउन-किऊल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| - | 06.10 | ↓ किऊल जंक्शन | 01.00 | - |
| 09.30 | 09.40 | भागलपुर | 20.15 | 20.25 |
| 11.33 | 11.35 | साहिबगंज | 18.10 | 18.12 |
| 15.00 | - | मालदा टाउन ↑ | - | 16.00 |

ऊपर उल्लेखित स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में अभयपुर, जमालपुर जंक्शन, सुल्तानगंज, कहलगाँव, बढ़हरवा एवं न्यू फरक्का स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां एवं दिन: 03204 किऊल जंक्शन से** तथा **03203 मालदा टाउन से** - दिनांक 13.04.2026 से 30.04.2026 तक (प्रतिदिन) = प्रत्येक 18 ट्रिप। **गठन:** एमईएमयू रेक। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

## संक्षिप्त समाचार

### मनभावन चौक के पास ट्रकों की टक्कर

**कोईलवर**| नेशनल हाईवे-922 पर मनभावन चौक के समीप शनिवार को एक सड़क हादसे में दो ट्रकों के बीच आमने-सामने नहीं बल्कि पीछे से जोरदार भिड़ंत हो गई। जानकारी के अनुसार, पटना जिला की ओर से आ रही किराना सामान से लदी ट्रक ने आगे चल रहे बालू लदे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना तेज था कि किराना लदे ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। हालांकि, इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रक चालक को हल्की चोटें आई हैं।

### क्षत्रिय कल्याण संगठन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**आरा**| जिले के बनकट में हुए चर्चित हत्या कांड को लेकर अब सामाजिक संगठनों का दबाव बढ़ने लगा है। क्षत्रिय कल्याण संगठन, बिहार ने पुलिस अधीक्षक भोजपुर को ज्ञापन सौंपकर नामजद अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल चलाने की मांग की है। संगठन ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अगिआँव, गड़हनी थाना कांड संख्या-34/2026 दिनांक 04 अप्रैल 2025 में दिव्यांग युवक रितेश सिंह उर्फ भुअर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना उस समय हुई जब वह अपनी शिक्षिका पत्नी श्वेता सिंह को विद्यालय छोड़कर वापस लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए अपराधियों ने उनकी पत्नी के सामने ही ताबड़तोड़ गोली चलाकर हत्या कर दी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है।

### रॉन्ग साइड से कंटेनर ने होमगार्ड जवान को कुचला, हालत नाजुक

**कोईलवर**। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोईलवर-बबुरा फोरलेन पर झलकु नगर के पास शनिवार अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान को गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने कुचल दिया। गंभीर घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कंटेनर को जब्त कर लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि कोईलवर निवासी राजकुमार गोस्वामी के 30 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार गिरी बिहार होमगार्ड में तैनात हैं। वे हर दिन की तरह शुक्रवार की रात मनभावन मोड़ पर ड्यूटी कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान लेन खाली होने पर वे वाहन चालकों को सतर्क करते हुए झलकु नगर की ओर बढ़ गए। इसी दौरान मनभावन मोड़ की ओर से एक कंटेनर गलत दिशा में बबुरा की ओर जा रहा था। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने निर्देशों की अनदेखी करते हुए तेज गति से वाहन आगे बढ़ा दिया। इसकी सूचना तुरंत रूपेश कुमार गिरी को दी गई। झलकु नगर के पास रूपेश ने कंटेनर को रोककर सही लेन में जाने का इशारा किया, लेकिन चालक ने लापरवाही दिखाते हुए जवान को कुचल दिया और फरार हो गया। हादसे में रूपेश गंभीर घायल हो गए, वहीं उनकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद साथी जवान निखिल कुमार और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल कोईलवर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया।

### नहर के पानी खेत तक नहीं पहुंचने,40 एकड़ खेत परती

**गड़हनी**। नहर के पानी खेत तक नहीं पहुंचने के कारण गड़हनी के बालबांध गांव के (सरबाही व जिरात बधार) में करीब 40 एकड़ खेत परती है और खेती नहीं होने से जमीन बंजर बन गया है। इस बधार में अवध बिहारी साह, बबन भट्ट, विजय भट्ट, बृज बिहारी भट्ट, बीरेंद्र भट्ट, मनेजर भट्ट, संजय भट्ट सहित कई किसानों का खेत है। 5 साल पहले कुरमुरी राजवाहा नहर व सेमरांव नहर से करहा के माध्यम से दोनों तरफ से पानी खेत तक पहुंचता था। पानी खेत तक आने के कारण खेती सस्ता होता था। अब नहर से आने वाला करहा उगाही नहीं होने के कारण जंगल बन गया है और मिट्टी से भरा हुआ है और पानी खेत तक नहीं पहुंचता है। गांव में एक बड़ा आहर( पइन) है। जो बालबांध गांव से सेमरांव बधार तक करीब 3 किलोमीटर लंबा है कुछ दिन लोग उस आहर से पम्प सेट लगाकर खेती किया जो महंगा पड़ता था। लेकिन अब ओ पइन भी मिट्टी से भर चुका है और ज्यादा पानी नहीं स्टॉक हो पाता है। किसान अवध बिहारी साह, बबन भट्ट संजय भट्ट ने कहा कि यदि 3 किलोमीटर लंबा पइन को यदि सिंचाई विभाग के द्वारा उगाही करा दिया जाए तो किसान पइन के पम्प सेट लगाकर खेती कर सकते है और फिर से खेत हरा भरा हो जाएगा। साथ ही कहा कि उस 40 एकड़ परती जमीन पर एक सरकारी ट्यूबवेल लगा दिया जाएगा तो सभी किसान खेती फिर से शुरू कर देंगे और बंजर खेत हरा - भरा हो सकता है।

### रॉयल पब्लिक स्कूल को मिला सीनियर सेकेंडरी की संबद्धता

**आरा**। रॉयल पब्लिक स्कूल को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई), नई दिल्ली द्वारा सीनियर सेकेंडरी स्तर तक शिक्षा प्रदान करने की संबद्धता मिल गई है। संस्थापक सह निदेशक शिवकुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई से मान्यता मिलना संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका सफर चार दशक से अधिक पुराना है। आज से करीब 41 वर्ष पूर्व उन्होंने आरा प्रखंड के भकुरा गांव में रॉयल इंग्लिश स्कूल की स्थापना की थी, जो आज भी क्षेत्र के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बना हुआ है। पूरा जीवन शिक्षा के उत्थान को समर्पित रहा है। मूल्यपरक शिक्षा के माध्यम से समाज के नवनिर्माण का उनका संकल्प निरंतर जारी है। इसी सोच के तहत रॉयल पब्लिक स्कूल को एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित किया गया है। अब क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। छात्र-छात्राएं इसी विद्यालय से कक्षा 12वीं तक निर्बाध रूप से शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। वर्तमान में विद्यालय का संचालन कुशल प्रशासक सतीश कुमार राय के नेतृत्व में हो रहा है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार राय, कृष्णा चौधरी, अखिलेश्वर प्रसाद, विकास कुमार, धीरज कुमार सिंह, पंकज भारती, शत्रुघ्न प्रसाद आदि थे।

### दरभंगा सम्मेलन के लिए माले में प्रतिनिधि चयन प्रक्रिया शुरू, 107 ने किया नामांकन

**आरा**| भाकपा-माले के 12वें बिहार राज्य सम्मेलन,16-18 अप्रैल, लहेरिया सराय, दरभंगा के लिए प्रतिनिधि चयन प्रक्रिया जिले में शुरू हो गई है। पार्टी द्वारा 11-12 अप्रैल को नामांकन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसमें कुल 107 पार्टी सदस्यों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिले में चार नामांकन केंद्र बनाए गए हैं। आरा पार्टी जिला कार्यालय में आरा नगर, आरा मुफ्फसिल, उदवंतनगर, कोईलवर एवं बड़हरा क्षेत्र के लिए नामांकन हुआ, जहां जिला सचिव अभ्युदय मौजूद रहे। जगदीशपुर में पीरो, बिहिया, शाहपुर क्षेत्रों के लिए राज्य कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह की निगरानी में नामांकन हुआ। पवना में संदेश, अगिआंव, गड़हनी व चरपोखरी क्षेत्रों के लिए जिला स्थायी समिति सदस्य रघुवर पासवान तथा खुटहां में तरारी व सहार के लिए राज्य कमेटी सदस्य रमेश सिंह निर्वाची पदाधिकारी रहे। 13 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी व नाम वापसी होगी।

### इतिहास को सहेजने में नागरिकों का मिलेगा सहयोग

**बक्सर**। प्राचीन ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में बक्सर में 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है। भारत सरकार की इस फ्लैगशिप योजना के माध्यम से अब जिले में 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में सुरक्षित किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस अमूल्य धरोहर से जुड़ सकें। इसको लेकर 11 अप्रैल 2026 को स्वर्गीय सीताराम उपाध्याय संग्रहालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएम साहिला ने विस्तृत जानकारी दी।

# 255.54 लीटर अवैध शराब बरामद, 3 गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दो अलग-अलग मामलों में वीर कुंवर सिंह सेतु और चौसा चेकपोस्ट से कुल 255.54 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इस दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब की कीमत करीब 4 लाख रुपये आंकी गई है। पहली कार्रवाई वीर कुंवर सिंह सेतु पर हुई। उत्पाद विभाग की टीम ने सुबह वाहन जांच के दौरान गाजीपुर से पटना जा रही एक हुंडई i20 कार (BR 01 BZ-2581) को रोका। तलाशी में कार से ऑफिसर चॉइस व्हिस्की की 384 बोतलें (180 मिलीलीटर प्रत्येक) मिलीं, जिनकी कुल मात्रा 69.120 लीटर थी। इस मामले में समस्तीपुर जिले के मोहनपुर गांव निवासी उत्पल कांत कुमार (26) और नीरज कुमार (25) को मौके पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे गाजीपुर से शराब लेकर पटना जा रहे थे। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल के अनुसार, यह कार्रवाई इंस्पेक्टर कुंदन कुमार के नेतृत्व में की गई।

**186.420 लीटर शराब बरामदः** दूसरी बड़ी कार्रवाई बक्सर के चौसा चेकपोस्ट पर हुई। यहां एक सफारी गाड़ी में भारी मात्रा में शराब तस्करी कर ले जाई जा रही थी। जांच के दौरान वाहन में बने गुप्त तहखानों (हिडन कंपार्टमेंट) का पता चला, जिनसे विभिन्न ब्रांड की कुल 757 बोतलें यानी 186.420 लीटर शराब बरामद की गई। इस दौरान पटना निवासी तस्कर आशीष कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम को देखकर उसने गाड़ी भगाने की कोशिश की, लेकिन सतर्कता के कारण उसे तुरंत पकड़ लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि तस्कर ने पहचान छिपाने के लिए वाहन में अलग-अलग नंबर प्लेट रखे हुए थे।

**उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाईः** उत्पाद विभाग ने दोनों मामलों में वाहनों और बरामद शराब को जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में शराब तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है और इस नेटवर्क को खत्म करने के लिए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## सड़क हादसे में मिस्त्री की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया महुआनी के पास आज सुबह स्कार्पियो ने बाइक सवार पाइलिंग मिस्त्री को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद ड्राइवर स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के घग्घर बिंद टोली निवासी अमीका बिंद का 22 साल का बेटा प्रकाश बिंद है। वह पेशे से पाइलिंग मिस्त्री था। मृतक के बड़े भाई लक्खू उर्फ रौशन बिंद ने बताया कि उसके माता-पिता गेहूं के खेत में गेहूं काट रहे थे और वह उनका का खाना लेकर वह बाइक से खेत में जा रहा था। उसी दौरान सरैया महुआनी के पास स्कार्पियो ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करायाः** तब परिजन और डायल 112 नंबर पुलिस की गाड़ी उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद टाउन थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक अपने छह भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सच्चामुनी देवी, पत्नी अनु देवी और एक बेटी पुतुल कुमारी है।

## आपसी विवाद में युवक की पिटाई



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा में शनिवार की देर शाम पूर्व के विवाद में बदमाशों ने आइसक्रीम बेच रहे युवक की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान कैश भी छीन लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने अस्पताल में एडमिट कराया। पीड़ित की पहचान कन्हैया बिंद के पुत्र सूरज कुमार(23) के तौर पर हुई है। घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ले की है। सूरज कुमार ने बताया कि घूम-घूमकर आइसक्रीम बेचता हूं। दो दिन पहले गाली-गलौज को लेकर कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। हालांकि उस समय बात खत्म हो गई थी। शनिवार देर शाम सिद्धनाथ मंदिर की ओर से आइसक्रीम बेचकर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में घेरकर आरोपियों ने पिटाई कर दी। 1100 रुपए और गले से सोने का लॉकेट भी छीन लिया। सिर में गंभीर चोट लगी है।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** इस संबंध में पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एईपीएस साइबर ठगी का खुलासा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- 11 जीविका दीदियों के 2.64 लाख रुपए वापस, आधार-फिंगरप्रिंट के जरिए अवैध निकासी की गई थी

**आरा**। आरा साइबर पुलिस ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली (AEPS) के जरिए की गई साइबर ठगी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 जीविका दीदियों से ठगे गए कुल 2.64 लाख रुपए वापस उनके खातों में दिलाए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने की है। साइबर अपराधियों ने आधार संख्या और फिंगरप्रिंट का दुरुपयोग कर अलग-अलग खाताधारकों के बैंक खातों से अवैध निकासी कर ली थी। जीविका समूह की महिलाओं ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष स्नेह सेतू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी-वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से ठगी के पूरे तरीके का खुलासा किया।

**बैंक अकाउंट में रुपए ट्रांसफरः** संबंधित बैंकों और डिजिटल प्लेटफॉर्म के सहयोग से पीड़ितों की पूरी राशि रिकवर कर उनके खातों में वापस कर दी गई। जिन लाभार्थियों को राशि लौटाई गई, उनमें चरपोखरी की निभा देवी, हसन बाजार की राजकुमारी देवी, अगिआंव बाजार की गंगो देवी, तरारी की प्रेमता कुमारी, पीरो की सविता कुमारी, संदेश की लालती कुमारी, मुफस्सिल की विजयालक्ष्मी देवी, चांदी की नीलम देवी, इमादपुर की पुष्पा देवी, चौरी की शांति देवी और अंकिता कुमारी शामिल हैं।

**आम जनता से अपीलः** यह कार्रवाई साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है और इससे पीड़ितों को बड़ी राहत मिली है। साथ ही, इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। अपना आधार नंबर, ओटीपी और फिंगरप्रिंट से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाना से संपर्क करें।

## सांसद सुधाकर सिंह ने पीएम को लिखा पत्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुधाकर सिंह ने बिहार में गेहूं खरीद लक्ष्य में भारी कटौती पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। सांसद ने अपने पत्र में बताया कि केंद्र सरकार ने बिहार के लिए गेहूं खरीद लक्ष्य को पिछले वर्ष के लगभग 1,80,000 मीट्रिक टन से घटाकर इस वर्ष मात्र 18,000 मीट्रिक टन कर दिया है। यह लगभग 91 प्रतिशत की बड़ी गिरावट है, जिसे उन्होंने बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य के किसानों के साथ अन्यायपूर्ण बताया।

**75 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादनः** उन्होंने कहा कि बिहार में प्रति वर्ष करीब 70 से 75 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन होता है। खरीद लक्ष्य में इतनी बड़ी कटौती के कारण अधिकांश किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का लाभ नहीं मिल पाएगा। इससे किसान अपनी उपज को कम दामों पर बेचने को मजबूर होंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। सुधाकर सिंह ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि राज्य में हर वर्ष लगभग 20 से 22 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवश्यकता होती है। ऐसे में यदि स्थानीय स्तर पर खरीद कम होती है, तो राज्य को अन्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ेगा। इससे न केवल परिवहन लागत बढ़ेगी, बल्कि वितरण प्रणाली में भी बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**खरीद लक्ष्य में की जाएगी बढ़ोतरीः** सांसद ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि बिहार के लिए गेहूं खरीद लक्ष्य को बढ़ाकर कम से कम 10 लाख मीट्रिक टन किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने असमय वर्षा से प्रभावित गेहूं की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए खरीद मानकों में ढील देने की भी मांग की, ताकि अधिक से अधिक किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया, जिससे खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे किसानों को राहत मिलेगी और कृषि क्षेत्र में भरोसा कायम रहेगा।

# पंचायत चुनावः प्रपत्र-1 के प्रकाशन की समय-सारणी तय

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। जिले में पंचायत चुनाव 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। सबसे पहले अधिकारियों व कर्मियों का प्रशिक्षण का दौर शुरू होगा। इसके साथ हीं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इसको लेकर विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों व कर्मियों के प्रशिक्षण और आरक्षण निर्धारण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रपत्र-1 के प्रकाशन की समय-सारणी तय कर दी है। इस संबंध में आयोग के सचिव मुकेश कुमार सिन्हा ने सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रपत्र-1 का प्रकाशन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसी के आधार पर विभिन्न पदों के लिए आरक्षण तय किया जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर प्रपत्र-1 का प्रारूप 27 अप्रैल को प्रकाशित किया जाएगा। इसके बाद आम नागरिकों एवं संबंधित पक्षों को आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। जिसकी अवधि 27 अप्रैल से 11 मई तक निर्धारित की गई है। संभावित उम्मीदवार सोशल मीडिया पर भी अपनी अपनी दावेदारी करने में जुटे हुए हैं। इसके उलट फिलहाल जनता अभी पंचायत चुनाव को लेकर रुचि नहीं ले रही है। हालांकि जीते हुए जनप्रतिनिधि आरक्षण रोस्टर पर नजर गड़ाए हुए हैं। 2011 के आधार पर होगा आरक्षण निर्धारण इस बार भी आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया को पारदर्शी और अद्यतन बनाने के लिए वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार वर्ष 2015 में भी इसी प्रक्रिया के तहत प्रपत्र-1 तैयार किया गया था, जिसके आधार पर 2016 के पंचायत चुनाव में त्रिस्तरीय पंचायत एवं ग्राम कचहरी के सभी पदों पर आरक्षण निर्धारित किया गया था। कल से अधिकारियों का प्रशिक्षण पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 13 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पहलुओं, डेटा प्रबंधन, आरक्षण निर्धारण प्रक्रिया तथा डिजिटल माध्यम से कार्य निष्पादन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## महिलाओं के 33% आरक्षण के समर्थन में अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े प्रस्तावित विधेयक के समर्थन में जिले में व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई है। आगामी 16 अप्रैल को सदन में प्रस्तुत होने वाले इस महत्वपूर्ण विधेयक को लेकर महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने और जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के शुरू होते ही विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कंचन देवी के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विद्यालयों के साथ-साथ शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को विधेयक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें हस्ताक्षर कर इस पहल का समर्थन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हस्ताक्षर किए और सरकार के इस कदम का समर्थन किया। कंचन देवी ने कहा कि भारत सरकार महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए पूरी तरह कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस प्रकार के विधेयक को सदन में लाने की पहल सराहनीय है। इससे देश की महिलाएं अपने आप को सशक्त और सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह विधेयक आने वाले समय में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा नेता दीपक पांडे ने किया। अभियान के दौरान भाजपा नेत्री रानी चौबे भी मौजूद रहीं। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी विधेयक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाने जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से समाज में महिलाओं की भूमिका और अधिक मजबूत होगी तथा उन्हें निर्णय प्रक्रिया में उचित प्रतिनिधित्व मिल सकेगा।

## वीरता पदक विजेता पूर्व सीआरपीएफ उप निरीक्षक का निधन, शोक की लहर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के गांव सोहनीपट्टी, पोखरा निवासी एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के वीरता पदक विजेता (सेवानिवृत्त) उप निरीक्षक परशुराम (75 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें एक सरल स्वभाव, बहादुर और समर्पित व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं। स्वर्गीय परशुराम ने अपने सेवा काल में देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उन्हें वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। उनके निधन पर 114 रैपिड एक्शन फोर्स (RAF), कोईलवर, आरा द्वारा सम्मान गार्ड की सलामी दी गई। इस दौरान कमांडर इंस्पेक्टर श्री ओमप्रकाश कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, 114 RAF के कमांडेंट अश्विनी कुमार झा ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने "वीरता पदक विजेता परशुराम अमर रहें" के नारों के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी। स्वर्गीय परशुराम अपने पीछे एक गौरवशाली परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र भी अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और वर्तमान में असम एवं मणिपुर में तैनात हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### रोड सेफ्टी के नाम पर ठगी का भंडाफोड़, फर्जी वसूली करने वाला युवक गिरफ्तार

**वैशाली।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में रोड सेफ्टी के नाम पर अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। यह कार्रवाई लंगड़ी पाकर सब्जी मंडी के पास की गई, जहां वाहनों को रोककर उनसे जबरन 500 रुपये वसूले जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही तीन युवक भागने लगे, जिनमें से एक को पीछा कर पकड़ लिया गया, जबकि दो अन्य फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार युवक की पहचान पटना निवासी उमेश कुमार के पुत्र ललन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक दुकान के सामने बैनर लगाकर खुद को सड़क सुरक्षा अभियान का अधिकारी बताते थे। वे आने-जाने वाले वाहन चालकों को रोकते और जुर्माने के नाम पर पैसे वसूलते थे। वसूली के बाद चालकों को एक फर्जी पर्ची दी जाती थी, जिस पर सड़क सुरक्षा की मुहर और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के हस्ताक्षर होने का दावा किया जाता था। पुलिस को शक है कि यह एक संगठित गिरोह है, जो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घूम-घूमकर इस तरह की ठगी कर रहा है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे इस तरह के फर्जी अधिकारियों से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना को दें, ताकि ऐसे ठगों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### पत्नी की सूचना पर शराबी पति गिरफ्तार, 20 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर भी दबोचा

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव में एक शराबी पति को पत्नी की सूझबूझ के कारण जेल की हवा खानी पड़ी। वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 20 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, बहादुरगंज गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। स्थिति से परेशान होकर पत्नी ने तुरंत लहसुना थाना पुलिस को मोबाइल से सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसी क्रम में मसौढ़ी पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान के दौरान एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 20 लीटर देसी शराब बरामद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के सिंगोड़ी दीवरा गांव निवासी सनोज बिंद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबार और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

### वैशाली के सैदाबाद में अग्निकांड से 15 घर जले

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के सैदाबाद पंचायत के वार्ड संख्या 3 में बीते 6 अप्रैल को आए भीषण अग्निकांड ने कई परिवारों की रातों की नींद उड़ा दी थी। आग ने कुल 15 घरों को राख कर दिया, जिससे परिवार बेघर हो गए थे। रविवार को राघोपुर अंचल कार्यालय की ओर से पीड़ितों के लिए राहत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंचल अधिकारी राजीव रंजन चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी 15 अग्नि पीड़ित परिवारों को 12-12 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर सैदाबाद पंचायत के मुखिया सुनील कुमार कर्मवीर, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष रामजीवन पासवान, लोजपा नेता जीडी यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंचल अधिकारी ने कहा, "आपदा की इस घड़ी में प्रशासन पीड़ितों के हर संभव मदद के लिए तत्पर है।" उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी आवश्यक सहायता दी जाएगी। राहत पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरे पर संतोष और राहत देखी गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता से परिवारों को काफी राहत मिली है। अंचल अधिकारी राजीव रंजन चौधरी की सक्रियता और संवेदनशील कार्यशैली की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। उनके नेतृत्व में त्वरित राहत वितरण ने प्रशासन की जिम्मेदारी और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को साबित किया है। इस पहल से पीड़ितों को न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि यह विश्वास भी जागा कि प्रशासन संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### युवक ने कुएं में कूदकर दी जान, घर से 50 मीटर दूर मिला चप्पल, केला बागान से शव बरामद

**हाजीपुर।** वैशाली में रविवार को केला बागान स्थित कुएं में गोते लगाकर युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खिलवत पंचायत के कमालपुर सिंघिया गांव की है। मृतक की पहचान राजबलम राय के पुत्र राजेंद्र राय (41) के रूप में हुई है। वह शिलांग में एक निजी कंपनी में कार्यरत था और बीते मंगलवार को घर आया था। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुएं के पास ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कुएं की बिगड़ी हालत को देखते हुए मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने शव निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया। फिलहाल लोग एसडीआरएफ के आने का इंतजार कर रहे हैं। मृतक के पिता राजबलम राय ने बताया, "बेटे का परिवार से क्या विवाद हुआ, इसकी जानकारी नहीं है। रविवार सुबह जब हम उठे तो पता चला कि वह रात से ही घर से गायब है। आस-पास तलाश करने पर घर से करीब 50 मीटर दूर कुएं के पास उसके चप्पल, सिगरेट का पैकेट और लाइटर मिले। इसके बाद कुएं में कांटा डालकर खींचा गया तो पानी से शव ऊपर आया । शरीर पर कोई कपड़ा न होने के कारण निकालने में दिक्कत हुई। इसकी सूचना बिदुपुर पुलिस को दी गई।" मृतक राजेंद्र राय के दो पुत्रियां और एक पुत्र है। बड़ी पुत्री हायर सेकेंडरी में पढ़ती है और शादी योग्य है। अन्य दोनों संतान भी पढ़ाई कर रहे हैं। युवक के इस कदम से पत्नी, तीनों बच्चों, पिता और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। इससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाभी की हत्या के आरोपी ने हाजत में खाया जहर

**हाजीपुर।** वैशाली में प्रेम-प्रसंग में भाभी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक ने हाजत में जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद पुलिस ने उसे तुरंत लालगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। युवक की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना बेलसर थाना क्षेत्र के मौना बिशनपुर गांव की है। शनिवार 11 अप्रैल को गर्भवती महिला का शव आंगन में पड़ा मिला। महिला से पड़ोस में रहने वाले देवर ने पहले रेप का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना आरोपी खुद ही पुलिस को फोन पर दी। महिला की पहचान राधा कुमारी (26) के रूप में हुई है। उसके दो बच्चे (एक बेटा, एक बेटी) है। पुलिस जांच के दौरान महिला के देवर साहिल पटेल पर प्रेम-प्रसंग में हत्या का आरोप लगा। इसके बाद पुलिस ने शनिवार की रात उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद साहिल पटेल को बेलसर थाना लाया गया था। यहीं हाजत में उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। वैशाली मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र की राधा कुमारी की शादी 7 साल पहले बेलसर थाने के दीपक पटेल के साथ हुई। दीपक पटेल शादी के बाद अक्सर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता था। घटना के दिन (शनिवार) को भी पति पुणे में नौकरी कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी दौरान घर से 100 मीटर की दूरी पर रहने वाले पड़ोसी साहिल पटेल से राधा की बातचीत शुरू हुई। दोनों को कई बार बातचीत करते परिजनों ने भी देखा। जिसके बाद पंचायत हुई और दोनों को समझा-बुझाकर अलग कर दिया गया। इसके बाद से महिला घर से बहुत कम ही बाहर निकलती थी। लेकिन पड़ोसी साहिल नहीं माना और महिला से बातचीत करने और उसके घर जाने के कोशिश करता रहा।

# पटना में गैस किल्लत से गुस्साए लोग सड़क पर उतरे

## फुलवारीशरीफ में एम्स मार्ग किया जाम, लोग बोले- 4 दिन से नहीं मिला सिलेंडर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के फुलवारीशरीफ में रसोई गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं ने रविवार को सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। बोचाचक के समीप फुलवारीशरीफ-एम्स मुख्य मार्ग पर सैकड़ों लोगों ने यह प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पिछले चार दिनों से एचपी गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडर का वितरण नहीं किया जा रहा है।

**गैस लेने के लिए बुलाया, फिर खाली हाथ लौटा दिया- स्थानीयः** स्थानीय लोगों ने बताया कि एजेंसी द्वारा बार-बार गैस लेने के लिए बुलाया जाता है, लेकिन पहुंचने पर उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ता है। इसी से नाराज होकर रविवार सुबह लोगों ने सड़क जाम कर एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया।

**गैस न मिलने के से खाना बनाना मुश्किल- प्रदर्शनकारीः** प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गैस न मिलने के कारण घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों को खाना बनाने के लिए लकड़ी या अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि एजेंसी की मनमानी लंबे समय से जारी है, और इस बार समस्या लगातार बढ़ रही है।

**प्रशासन और पुलिस की समझाइश पर जाम हटायाः** सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि एजेंसी संचालकों से बात कर जल्द ही गैस वितरण की व्यवस्था ठीक कराई जाएगी। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम हटाया गया और यातायात सामान्य हो सका। फुलवारीशरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि, 'गैस एजेंसी के मालिक से बातचीत हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही गैस सिलेंडर का ट्रक आने वाला है और पुलिस सुरक्षा में वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। उपभोक्ताओं को शांत रहने का आश्वासन दिया गया है।'

## वैशाली अग्निकांड पीड़ितों को मिली राहतः 15 परिवारों को आर्थिक सहायता, प्रशासन की पहल सराही गई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत सैदाबाद पंचायत में बीते 6 अप्रैल को हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से राहत पहुंचाई गई। इस आगलगी में कुल 15 घर जलकर राख हो गए थे, जिससे कई परिवार बेघर हो गए थे। रविवार को अंचल कार्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सभी 15 पीड़ित परिवारों को 12-12 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। राहत वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व राजीव रंजन चौधरी ने किया। अंचल अधिकारी ने इस मौके पर कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रशासन पीड़ितों के साथ खड़ा है और हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने भविष्य में भी आवश्यक सहायता देने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया सुनील कुमार कर्मवीर, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष रामजीवन पासवान और जीडी यादव समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। आर्थिक सहायता मिलने के बाद पीड़ित परिवारों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ झलक रहा था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि समय पर मिली मदद ने उनके टूटे मनोबल को संभालने में बड़ी भूमिका निभाई है। अंचल अधिकारी राजीव रंजन चौधरी की सक्रियता और संवेदनशील कार्यशैली की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

## पटना में विशेष अभियान चार अपराधी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिहटा में देशी कट्टा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार**

**पटना।** पटना जिले के पश्चिमी इलाके में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बिहटा थाना पुलिस ने देर रात विशेष कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मूसेपुर गांव निवासी अरुण कुमार को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। जांच में सामने आया है कि वह हथियार को घर में छिपाकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

**तीन फरार आरोपी भी गिरफ्तारः** इसके अलावा पुलिस ने मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों को कटेसर गांव से गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी कई वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे।

**विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगाः** थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हथियार के साथ पकड़ा गया है, जबकि अन्य तीन को कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए आगे भी इस तरह के विशेष अभियान जारी रहेंगे।

## पटना में 14 अप्रैल को होगा 74वां बैसाखी सांस्कृतिक समारोह, बापू सभागार में भव्य आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** राजधानी पटना में बैसाखी के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। पंजाबी बिरादरी, पटना द्वारा 74वां बैसाखी सांस्कृतिक समारोह आगामी 14 अप्रैल को शाम 6 बजे बापू सभागार ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शहर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस समारोह का आयोजन पंजाबी बिरादरी, पटना के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं कला एवं संस्कृति विभाग का सहयोग भी प्राप्त है। आयोजन को हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में विधायक एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक, राजस्व बोर्ड की अध्यक्ष हरजोत कौर बामरा और एनसीसी निदेशालय बिहार-झारखंड के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल एस.एस. बाजवा शामिल होंगे।

समारोह में प्रसिद्ध गायक-गायिका हरलीन सिंह ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही पारंपरिक पंजाबी भांगड़ा और गिद्धा नृत्य कार्यक्रम भी मुख्य आकर्षण होंगे। आयोजकों के अनुसार इस भव्य समारोह में लगभग 5000 गणमान्य अतिथियों और नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

बैसाखी पंजाब का प्रमुख फसल उत्सव है, जो समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। ऐतिहासिक रूप से भी यह दिन महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्ष 1699 में गुरु गोविंद सिंह ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह पर्व सामाजिक एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। पंजाबी बिरादरी, पटना बिहार की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं में से एक है, जो वर्षों से पंजाबी संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक सेवा और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## पटना में मासूम से दुष्कर्म के विरोध में फूटा जनाक्रोश, सैकड़ों महिलाओं ने निकाला मार्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**फुलवारीशरीफ, पटना।** पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना के विरोध में रविवार को भारी जनाक्रोश देखने को मिला। फुलवारी शरीफ में सैकड़ों महिलाओं और समाजसेवियों ने विरोध मार्च निकालकर दोषियों को फांसी देने की मांग की। इस विरोध मार्च का नेतृत्व सुधा वर्गीज ने किया। नया टोला से शुरू हुआ यह मार्च शहीद भगत सिंह चौक, थाना मोड़ और पेठिया बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचा, जहां यह एक सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने 'मासूम को न्याय दो' और 'अपराधियों को फांसी दो' जैसे नारे लगाए। यह घटना 3 अप्रैल की रात परसा बाजार इलाके में हुई थी, जहां महज तीन साल की बच्ची के साथ उसके सगे चाचा और उसके दोस्त द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का आरोप है।

घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। सभा को संबोधित करते हुए सुधा वर्गीज ने कहा कि जब घर के अंदर ही बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं, तो समाज में सुरक्षा की क्या गारंटी रह जाती है। उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे नारों की जमीनी हकीकत पर सवाल उठाए और सरकार से जवाब मांगा। सामाजिक कार्यकर्ता तबस्सुम अली ने कहा कि इस तरह की घटनाएं कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है, वहीं प्रशासन पर जल्द कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

## ट्रैक पर फंसी कार, सीमांचल एक्सप्रेस रूकी लोको पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के दानापुर में शनिवार देर रात एक बड़ा रेल हादसा टल गया। रूपसपुर नहर के पास रेलवे ट्रैक पर एक इनोवा कार फंस गया, दानापुर से पाटलिपुत्र जंक्शन जा रही सीमांचल एक्सप्रेस को आधे घंटे तक रोकना पड़ा।

**ट्रैक पार करते समय फंसी कार, ट्रेन आती देख भागे सवारः** घटना रात करीब 11:45 बजे की बताई जा रही है। रूपसपुर गांव की ओर से आ रही इनोवा कार मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग से नहर पार करने के लिए बनी संकरी पुलिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से कार सीधे रेलवे ट्रैक पर फंस गई। कार में सवार लोगों ने वाहन को ट्रैक से हटाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। तभी उसी ट्रैक पर सीमांचल एक्सप्रेस उसी ट्रैक पर तेजी से आती दिखी। ट्रेन को करीब आता देख कार सवार लोग अपनी जान बचाने के लिए तुरंत गाड़ी छोड़कर सुरक्षित स्थान पर भाग गए।

**लोको पायलट की सूझबूझ से टली बड़ी घटनाः** ट्रेन चालक ने दूर से ही ट्रैक पर फंसी कार को देख लिया। उसने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए, जिससे ट्रेन समय रहते रुक गई और एक बड़ा हादसा टल गया। चालक की सतर्कता से जान-माल का बड़ा नुकसान होने से बच गया।

**यात्रियों ने हटाई कार, फिर रवाना हुई ट्रेनः** घटना के बाद करीब आधे घंटे तक ट्रेन ट्रैक पर खड़ी रही। इस दौरान ट्रेन में सवार कुछ युवकों ने आगे बढ़कर मदद की और काफी मशक्कत के बाद कार को ट्रैक से हटाया गया। इसके बाद ट्रेन को पाटलिपुत्र जंक्शन के लिए रवाना किया गया। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए लोगों से अपील की है कि मानव रहित क्रॉसिंग पार करते समय विशेष सावधानी बरतें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## पटना के स्टूडेंट ने राजस्थान में किया सुसाइड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के एक स्टूडेंट ने राजस्थान के सवाई माधोपुर में सुसाइड कर लिया। छात्र का शव रविवार सुबह घर की तीसरी मंजिल पर सोलर पैनल के एंगल से फंदे पर लटका मिला। छात्रा का नाम राहुल कुमार तिवारी (25) है, जो संस्कृत में शास्त्र की पढ़ाई करने 15 दिन पहले ही बिहार से आया था। वह वहां किराए पर कमरा लेकर रहता था। फिलहाल सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के परिवार को भी सूचना दे दी गई है। मामला कोतवाली थाना इलाके के पटेल नगर का है। SHO मदन लाल मीणा ने बताया कि राहुल के पास गैस सिलेंडर नहीं था। शनिवार शाम उसने मकान मालिक के किचन में सब्जी, रोटी और दलिया बनाया। उस समय मकान मालिक घर पर नहीं था। इसके बाद उसने अपने लिए थाली में रोटी और सब्जी परोसी। थाली में डेढ़ रोटी और सब्जी वैसे ही पड़ी मिली। आधी रोटी से उसने सिर्फ दो निवाले ही खाए थे। दलिया भी एक बर्तन में थाली के पास रखा हुआ था। रात में वह छत पर गया। पहले तार से फंदा लगाने की कोशिश की, लेकिन बाद में चादर को चाकू से काटकर फंदा बनाया। कोतवाली SHO मदन लाल मीणा ने बताया, "राहुल पटना सिटी के मेहंदीगंज थाना इलाके के दलदलीय गंज का रहने वाला था।

## फिल्म 'जना नायकन' की पायरेसी पर इंप्पा चिंतित, अध्यक्ष अभय सिन्हा ने की प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इंप्पा) ने फिल्म "जना नायकन" की आधिकारिक रिलीज़ से पहले ही उसके पायरेटेड संस्करण के प्रसार पर गहरी चिंता जताई है। संस्था के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। 1937 में स्थापित इंप्पा भारतीय फिल्म और मनोरंजन उद्योग के निर्माताओं का सबसे पुराना और प्रमुख संगठन है, जो लंबे समय से उद्योग के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रहा है। इंप्पा ने अपने पत्र में कहा है कि फिल्म उद्योग तकनीकी रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) जैसी नई तकनीकों को अपना रहा है, लेकिन इसके बावजूद पायरेसी की पुरानी समस्या अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। संगठन ने बताया कि टेलीग्राम, टोरेंट वेबसाइट्स और तमिलरोकर्स जैसे अवैध प्लेटफॉर्म के माध्यम से फिल्मों की चोरी लगातार बढ़ रही है, जिससे निर्माताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

पत्र के अनुसार, फिल्म "जना नायकन" 9 जनवरी 2026 को रिलीज़ के लिए तैयार थी और इसे प्रमाणन के लिए प्रस्तुत भी किया गया था, लेकिन विभिन्न कारणों से प्रमाणन प्रक्रिया में लगातार देरी हुई। इस देरी के कारण फिल्म की आधिकारिक रिलीज़ प्रभावित हुई और इसी बीच इसकी अवैध पायरेसी हो गई, जिससे निर्माता और इससे जुड़े सभी हितधारकों को गंभीर आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा। इंप्पा का कहना है कि प्रमाणन में अनावश्यक विलंब फिल्मों को पायरेसी के खतरे के प्रति और अधिक संवेदनशील बना देता है।

इंप्पा ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि फिल्म पायरेसी रोकने के लिए सख्त और प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए, ताकि आधिकारिक रिलीज़ से पहले ही फिल्मों की चोरी पर रोक लगाई जा सके। संगठन ने कहा कि पायरेसी पर नियंत्रण नहीं होने से निवेश प्रभावित होता है और इससे पूरे मनोरंजन उद्योग के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो जाता है। फिल्म उद्योग "मेक इन इंडिया" अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इसके हितों की रक्षा करना आवश्यक है।

अभय सिन्हा ने अपने पत्र में विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस गंभीर मुद्दे पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म और मनोरंजन उद्योग बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देता है और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान करता है, ऐसे में पायरेसी पर प्रभावी रोक लगाना बेहद जरूरी है, ताकि निर्माताओं और इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना बनी रह सके।

# संक्षिप्त समाचार

## बाइक और टाटा मैजिक की टक्कर, चार घायल



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत झींकपानी-चाईबासा मुख्य मार्ग पर कूदाहातू नीमडीह पुल के पास रविवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। हादसा एक छोटा हाथी (टाटा मैजिक) और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, छोटा हाथी वाहन नोवामुंडी से चाईबासा की ओर आ रहा था। वाहन को मोटू माझी चला रहे थे, जबकि उसमें सवार शमीम अंसारी (निवासी नोवामुंडी) भी मौजूद थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गई। बाइक पर सवार विजय महतो और मनमोहन महतो, दोनों निवासी खरसावां, गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और घायल शमीम अंसारी के अनुसार, बाइक सवार युवक करीब 5-6 मोटरसाइकिलों के साथ चल रहे थे और आपस में रेस लगा रहे थे। इसी दौरान नियंत्रण खोने और गलत दिशा में आने के कारण उनकी बाइक सीधे छोटा हाथी वाहन से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार विजय महतो और मनमोहन महतो को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों के हाथ और पैर टूटने गई है तथा सिर पर भी चोट लगी है। वहीं छोटा हाथी चालक मोटू माझी और सवारी शमीम अंसारी को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी स्थिति अपेक्षाकृत सामान्य बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही टोंटो थाना प्रभारी सुकुमार हेंब्रम अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए सदर अस्पताल चाईबासा भेजा गया, जहां चारों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज गति और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच नगर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन



**खूंटी।** खूंटी जिले के मारवाड़ी युवा मंच नगर शाखा के सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार की रात आयोजित बैठक में किया गया। मंच के संदीप पीपुरिया ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एक मंच – एक लक्ष्य, सशक्त युवा – सशक्त राष्ट्र के ध्येय वाक्य के साथ समाज सेवा और युवाओं को संगठित करने के उद्देश्य से नई टीम का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें युवा राजेश मिश्रा को अध्यक्ष, गौरव जैन को सचिव और प्रिंस अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अंकित जैन को युवा निवर्तमान अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा संगठन के विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों के लिए भी संयोजकों की नियुक्ति की गई है। रक्तदान प्रकल्प के संयोजक विशाल जैन और अखिल सरावगी बनाए गए हैं। अमृतधारा प्रकल्प के लिए अंकित जैन, मुकुल पीपुरिया और तन्मय जैन को जिम्मेदारी दी गई है। नारी चेतना प्रकल्प की संयोजिका रुचि अग्रवाल, शिखा पीपुरिया, नेहा सरावगी और शिवांगी पीपुरिया बनाई गई हैं। कन्या भ्रूण संरक्षण प्रकल्प की जिम्मेदारी निक्की जैन, शालिनी जैन और सिमरन जैन को दी गई है। स्वास्थ्य प्रकल्प के संयोजक राजेश मिश्रा, मुकुल पीपुरिया और आशीष पीपुरिया बनाए गए हैं, जबकि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण प्रकल्प के लिए प्रियंका जैन, रिंकू जैन, निक्की जैन और रश्मि जैन को जिम्मेदारी दी गई है। युवा विकास एवं खेलकूद प्रकल्प की जिम्मेदारी पूजा जैन, नूपुर अग्रवाल और नमिता अग्रवाल को सौंपी गई है। वहीं जीवनधारा प्राण वायु सेवा के संयोजक अनुराग प्रतीक बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष, सह-सचिव, मीडिया प्रभारी सहित अन्य प्रकल्पों के लिए भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नई टीम समाज सेवा की भावना के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और युवाओं को जोड़ने के लिए कार्य करेगी।

## खूंटी राइफल शूटिंग क्लब ने तीन वर्षों में जीते 111 पदक



**खूंटी।** खूंटी राइफल शूटिंग क्लब ने 11 अप्रैल को अपनी स्थापना के तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए। इस खास मौके पर रविवार को क्लब से जुड़े खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशियां मनाई। क्लब के प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा कि स्थापना के बाद से ही क्लब ने शूटिंग खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और जिले का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। पिछले तीन वर्षों में क्लब के खिलाड़ियों ने नेशनल, ईस्ट जोन, स्टेट चैंपियनशिप और सीबीएसई नेशनल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 111 से अधिक पदक अपने नाम किए हैं। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम मानी जा रही है। क्लब के उभरते हुए प्रतिभाशाली शूटर रचित रंजन प्रसाद ने लगातार दो वर्षों से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 60 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई, जो अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि क्लब आगे भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराता रहेगा, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले व राज्य का नाम रोशन कर सकें। क्लब के उपाध्यक्ष अमितेश भगत, सचिव सह कोच अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, तथा सदस्य विपुल कुमार, रुपेश कुमार और सुजल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कोच अनुज कुमार ने क्लब की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए कहा कि यह सफलता सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और सदस्यों के सामूहिक सहयोग और समर्पण का परिणाम है।

## सहायक अध्यापक 18 अप्रैल को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव



**खूंटी।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 18 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे और धरना तथा आमरण अनशन करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर झारखंड राज्य प्रशिक्षित अध्यापक संघ एवं झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष संजय पाठक की अध्यक्षता में कचहरी मैदान में आयोजित की गई। संजय पाठक ने कहा कि खूंटी जिला के तमाम साथी होंगे। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, हम अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी माटी की है, यह सोच हम सबों ने कभी आंदोलन का रास्ता अख्तियार नहीं किया, किंतु हर बार छलावा होता रहा। हमलोग 2002 से झारखंड के नौनिहालों का भविष्य संवारते संवारते हम अपना भविष्य चौपट कर बैठे हैं। इस बात को सरकार को समझना चाहिए, सहायक अध्यापक में 99 प्रतिशत स्थानीय मूलवासी आदिवासी खाटी झारखंडी हैं। उसके बाद भी सरकार हमें अल्प मानदेय में जीने को मजबूर कर रही है , जबकि एक ही छत के नीचे एक कार्य कर रहे हैं। एक शिक्षक को 60 से 80 हजार और सहायक अध्यापकों 19 हजार से 21 हजार रुपये मिलते हैं, यह कैसी समानता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार की ओर से विभागीय आकलन की परीक्षा ली गई, उसमें भी हम लोगों ने अपनी दक्षता साबित की। अतः सरकार आकलन को टेट के समतुल्य मान्यता देते हुए हम सभी को वेतनमान दे। बैठक में बुधन सिंह मुंडा, रविन्द्र मुंडा, विकास मुंडा , दिलीप पाढ़ी, गौरांग मुंडा,पतरस गुड़िया, कुंदन मुंडा, नामलेन नाग, मीना भोजराज, सुभाष सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# बीसीआइ प्लेटिनम की बैठक में नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची में रविवार को बीसीआइ प्लेटिनम की एक महत्वपूर्ण बिजनेस बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। बैठक के दौरान अध्यक्ष सुनील कालारा, सचिव रोहन साहा, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता और कोषाध्यक्ष अरविंद आर्या ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियां संभालीं। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील कालारा ने कहा कि बीसीआइ प्लेटिनम केवल एक व्यावसायिक मंच नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त नेटवर्क है, जो सदस्यों के बीच विश्वास, सहयोग और नए अवसरों का सेतु बनाता है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में रेफरेंस आधारित कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और इसे संगठित रूप देना समय की जरूरत है। संस्था इस दिशा में लगातार काम करेगी। मेंटोर किशोर मंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी सदस्य मिलजुल कर कार्य करें, ताकि संस्था निरंतर प्रगति करती रहे। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास, सकारात्मक सोच और मजबूत नेटवर्किंग के जरिए बीसीआइ प्लेटिनम निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को छुएगा। बीसीआइ के एमडी धीरज ग्रोवर ने कहा कि संस्था को एक नई पहचान दिलाने का लक्ष्य है और लोगों का जुड़ाव तेजी से बढ़ रहा है, जिससे यह एक बड़े परिवार का रूप लेता जा रहा है। बैठक में पिछले माह के कारोबार की समीक्षा भी की गई और बेहतर प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय कुमार, शिव कुमार, रमेश कुमार, डॉ. सजीत कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार, जुली कुमारी, अमर बाजोरिया, सुबोध कुमार वर्मा और राजीव शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## झारखंड में बढ़ने लगी गर्मी, सरायकेला और डाल्टनगंज में पारा 37 डिग्री के पार



**एजेंसी। रांची**

झारखंड में एक बार फिर गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। यानी फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम ही हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान खूंटी में 15.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज में भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंच गया है। राजधानी रांची में रविवार को मौसम सुबह से साफ रहा, जिससे दिनभर गर्मी महसूस की गई। हालांकि, बीच-बीच में चलने वाली हवाओं ने थोड़ी राहत जरूर दी। रांची में अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य शहरों की बात करें, तो जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री और न्यूनतम 21.2 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.1 डिग्री और न्यूनतम 18.6 डिग्री, चाईबासा में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार बढ़ते तापमान के बीच मौसम विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि तेज धूप में बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, ताकि गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचा जा सके।

## रांची में उत्पाद सिपाही परीक्षा में पेपर लीक की आशंका, हिरासत में 150 से अधिक युवक

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में उत्पाद सिपाही परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 150 से अधिक युवकों को हिरासत में लिया है। सभी से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए अधिकांश युवक उत्पाद सिपाही परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी थे। ये सभी एक स्थान पर इकट्ठा होकर कथित रूप से प्रश्नपत्र लीक होने की चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में ले लिया गया। फिलहाल सभी युवकों को तमाड़ थाने में रखा गया है और थाने के मुख्य द्वार को बंद कर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर स्वयं मौके पर पहुंचे और जांच की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जा सकता है और कुछ मामलों में असली उम्मीदवारों की जगह डुप्लीकेट परीक्षार्थियों को बैठाने की योजना बनाई जा रही थी। हालांकि, अब तक की जांच में पेपर लीक की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि संदेह के आधार पर युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी भी तरह की अनियमितता सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रांची में घरेलू काम करने वाली नाबालिग की पीट-पीटकर हत्या, महिला सुपरवाइजर और उसका भाई गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने एक महिला सुपरवाइजर और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, जिसमें नाबालिग के साथ मारपीट किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार, एक सरकारी कार्यालय में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत सुषमा कुमारी ने नाबालिग को अपने घर में घरेलू सहायिका के रूप में काम पर रखा था। आरोप है कि सुषमा कुमारी लगातार नाबालिग के साथ मारपीट करती थी। शनिवार को अत्यधिक पिटाई के कारण नाबालिग की मौत हो गई। घटना के बाद सुषमा कुमारी ने अपने भाई और ड्राइवर के साथ मिलकर मृतका के शव को उसके गांव पहुंचा दिया और वहां से फरार हो गई। जब परिजनों ने लड़की का शव देखा, तो उसके शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार रात बड़ी संख्या में कांके थाना पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर स्वयं कांके थाना पहुंचे और जांच की कमान संभाली। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-वन अमर पांडेय सहित पुलिस टीम ने आरोपित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में नाबालिग के साथ बेरहमी से मारपीट की पुष्टि हुई है। डीएसपी अमर पांडेय ने बताया कि इस मामले में सुषमा कुमारी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है और अन्य आरोपितों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## चाचा -चाची पर हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। खूंटी**



मारंगहादा थाना क्षेत्र में करंज फल चुनने को लेकर मामूली विवाद में चाची की हत्या और चाचा को गंभीर रूप से घायल करने के दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपितों में हंगरा पाहन (25) और कुंवर पाहन (20) शामिल हैं, जो ग्राम कातुद नीचे टोली, थाना मारंगहादा, जिला खूंटी के रहने वाले हैं। एसडीपीओ ने बताया कि सात अप्रैल को दिन में चाचा-भतीजा के बीच करंज फल चुनने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर रात में आरोपितों ने अपने चाचा के घर में घुसकर हमला कर दिया। इस दौरान चाचा गुड़िया पाहन ( 55) और चाची सोनी पाहन (45) के साथ मारपीट की गई। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया, जहां इलाज के दौरान सोनी पाहन की मौत हो गई, जबकि गुड़िया पाहन का इलाज अब भी जारी है। घटना के संबंध में गुड़िया पाहन के बयान पर मारंगहादा थाना (कांड संख्या 06/2026) मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी और डंडा बरामद किया गया है। साथ ही घटनास्थल से खून लगी मिट्टी भी जब्त की गई है। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

## फुफू की टांगी से हत्या कर शव खेत में छिपाया, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के जेटेया थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक हत्या का खुलासा पुलिस ने किया है। अपनी ही फुफू की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए हत्या की पूरी कहानी भी बताई। रविवार को जगन्नाथपुर के एसडीओ राफेल मुर्मू ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस संबंध में आवेदक राकेश सिंकु, पिता राम सिंकु, निवासी बलिया, थाना जगन्नाथपुर ने लिखित आवेदन देकर अपनी फुफू दुरिया गगराई (लगभग 50 वर्ष), पति स्व.उंकुरा लागुरी, निवासी चिरूपासया,थाना जेटेया की हत्या का मामला दर्ज कराया था। अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान घटनास्थल से बरामद हरे रंग का हॉफ टी-शर्ट और नीले रंग का फुल पैंट अहम सुराग साबित हुआ। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उक्त कपड़े चिरूपासया गांव निवासी गागा गगराई (30 वर्ष), पिता ओड़ेया गगराई के हैं, जिसे कई बार उन्हीं कपड़ों में गांव में घूमते देखा गया था। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने गागा गगराई की तलाश शुरू की और उसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि मृतका दुरिया गगराई, जो रिश्ते में उसकी फुफू लगती थी, पिछले करीब एक वर्ष से उसे और उसकी पत्नी को ताना मारती थी। वह कहती थी कि मंदिर में पूजा कराकर दोनों को बीमार करवा देगी, जिससे उनकी मौत हो जाएगी। लगातार मिल रहे इस मानसिक प्रताड़ना से वह काफी आक्रोशित था। आरोपी ने बताया कि 9 अप्रैल 2026 की रात करीब 8:30 बजे उसने दुरिया गगराई को सड़क पर घूमते देखा। तभी उसने उसे मारने की ठान ली। वह अपने घर से चुपके से एक धारदार टांगी लेकर निकला और बीमा गगराई के घर जाने वाले रास्ते में आम के पेड़ के पास छिप गया, क्योंकि मृतका इन दिनों वहीं रह रही थी। कुछ देर बाद जैसे ही दुरिया गगराई वहां पहुंची, आरोपी ने अपने पहने हुए कपड़े उतार दिए ताकि पहचान न हो सके और चड्डी में ही उसका पीछा करते हुए पिपल के पेड़ के पास खेत में पहुंचा। वहां उसने जान से मारने की नीयत से टांगी से पहले उसके पेट पर जोरदार वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने उसके कानपट्टी पर एक और वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने शव को घसीटकर करीब 500 मीटर दूर उत्तर दिशा में गंगाधार लागुरी के खेत के पास एक हल्के गड्ढे में छिपा दिया और मौके से फरार हो गया। वारदात में प्रयुक्त टांगी को उसने डुमरजोवा गांव जाने वाले रास्ते पर कुचिका नदी के पुल के पास पानी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुचिका नदी से हत्या में प्रयुक्त टांगी बरामद कर ली और विधिवत जब्ती सूची तैयार कर उसे जब्त कर लिया। इसके बाद आरोपी गागा गगराई को गिरफ्तार कर उसका अपराध स्वीकारोक्ति बयान दर्ज किया गया।

# टाटानगर स्टेशन पर जेडआरयूसीसी सदस्य का स्वागत, रेल सुरक्षा आपदा प्रबंधन पर हुई चर्चा

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



टाटानगर स्टेशन पर जेडआरयूसीसी सदस्य का भव्य स्वागत, रेल सुरक्षा व आपदा प्रबंधन पर हुई अहम चर्चाटाटानगर रेलवे स्टेशन पर रविवार को क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्श समिति (जेडआरयूसीसी ) सदस्य अरुण जोशी का रेल सिविल डिफेंस टीम की ओर से स्वागत किया गया। हावड़ा–रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा के दौरान जैसे ही वे टाटानगर स्टेशन पहुंचे, रेल सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान हुई औपचारिक मुलाकात में रेलवे सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अरुण जोशी ने टाटानगर सिविल डिफेंस टीम की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे जैसे विशाल तंत्र में सुरक्षा और जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात की प्रशंसा की कि सिविल डिफेंस टीम की ओर से लोको पायलट, स्टेशन मैनेजर, ट्रेन मैनेजर सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से न केवल रेलवे कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित होती है, जिससे जान-माल की सुरक्षा संभव हो पाती है। इससे यात्रियों के मन में रेलवे के प्रति सुरक्षा और विश्वास की भावना भी मजबूत होती है। अरुण जोशी ने सुझाव दिया कि इस प्रशिक्षण दायरे को और विस्तारित करते हुए स्टेशन पर कार्यरत वेंडरों, कुलियों और ठेका मजदूरों को भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में हर स्तर पर सहयोग और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। मुलाकात के दौरान सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने टीम की ओर से किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि समय-समय पर मॉक ड्रिल, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण और आपदा प्रतिक्रिया अभ्यास आयोजित किए जाते हैं, जिससे कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार किया जा सके। इस अवसर पर सिविल डिफेंस डेमोंस्ट्रेटर कल्याण कुमार साहू सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को लेकर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है, जो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मंडा और जेठ जतरा को लेकर पांच गांवों के ग्रामीणों ने की बैठक



**एजेंसी। खूंटी**

कर्रा प्रखंड की घुनसुली पंचायत के चांपी गांव में आगामी दो मई को आयोजित होनेवाले मंडा और तीन मई के जेठ जतरा को लेकर रविवार को पांच गांवों के ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मुकुंद पाहन ने की। बैठक में बताया गया कि दो मई दिन शनिवार को मंडा, रात्रि जागरण और तीन मई रविवार को जेठजतरा का आयोजन किया जाएगा। जागरण की रात्रि छऊ कार्यक्रम के लिए दो दलों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें उत्तम सिंह सरदार पुरुलिया और एक कलाकार दीनू पाहन मुरहू प्रखंड के हैं। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडा और जेठ जतरा संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अंजय कुमार, सचिव रुपेश बखला, कोषाध्यक्ष गंदुरा मुंडा, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रधान, संयोजक फूलचंद बाखला और बंधन मुंडा के अलावा राजेंद्र राणा, राजेश महतो, वीरेंद्र महतो, अनु महतो, लालचंद प्रधान, प्रभात प्रधान 21 सदस्य बनाए गए हैं ।।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### क्लीनिक में चोरी करने गया था चोर, शटर में गर्दन फंसी तो रात भर हवा में लटका रहा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक चोर डॉक्टर के क्लीनिक में चोरी



करने के इरादे से पहुंचा था मगर शटर और दीवार के बीच ही अपनी गर्दन फंसा बैठा। बताया जा रहा है कि पूरी रात चोर ऐसी ही गर्दन के सहारे लटका रहा। करीब 6 घंटे बाद फायर सर्विस के जवान आए तो चोर को इस मुश्किल से निकाला गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चोर ने देर रात शटर को जबरन खोलने की कोशिश की थी। हालांकि, इस कोशिश के दौरान उसकी गर्दन उठे हुए शटर में फंस गई, जबकि उसका बाकी शरीर बाहर लटका रह गया। अब वह न अंदर जा सकता था और न ही बाहर निकलकर आ सकता था। खुद को छुड़ाने में असमर्थ, वह कई घंटों तक दर्दनाक और असहाय स्थिति में फंसा रहा और इस दौरान शटर पर लगातार पैर मारकर आवाज करने लगा ताकि कोई उसे बचाने आ जए। इसके बाद जब लोग वहां पहुंचे तो हर कोई ये नजारा देखकर हैरान रह गया। आखिरकार सुबह पुलिस ने उसे सुरक्षित बाहर निकाला। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि चोर को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए फायर सर्विस के जवान बेहद ही एहतियात के साथ एक-एक कदम उठा रहे हैं। बताया जा रहा है कि शटर को काटकर चोर को बिना किसी नुकसान बाहर निकाला गया। चोर को जब नीचे लाया गया तो वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। इसके बाद उसे पानी पिलाया गया और लेटा दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक का नाम अभिषेक है और वह बिहार का रहने वाला है।

### गुरुग्राम को 'नायाब' सौगातः शहर में खुलेंगे 4 नए अस्पताल

**गुरुग्राम , एजेंसी।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए हरियाणा सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों पर 100 से 150 बेड की क्षमता वाले चार अतिरिक्त अस्पताल इसी तर्ज पर खोलने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। मुख्यमंत्री का यह निर्देश न केवल शहर के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री सैनी ने यह महत्वपूर्ण निर्देश गुरुग्राम में निर्माणाधीन शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित कैबिनेट सब-कमेटी की बैठक के दौरान दिए। यह परियोजना सहकारी संघवाद और स्थानीय निकायों के आपसी सहयोग का अनूठा उदाहरण है। इसका इंफ्रास्ट्रक्चर जीएमडीए का 50 फीसदी, नगर निगम गुरुग्राम का 45 फीसदी और श्री माता शीतला देवी श्राइन बोर्ड पांच फीसदी के वित्तीय सहयोग से तैयार हो रहा है। आयुष्मान के लाभार्थियों को प्राथमिकता बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल के आरक्षित बेड पर आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल बिल्डिंग खड़ी करना नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ऐसी सेवाएं देना है जो गुरुग्राम को वैश्विक स्वास्थ्य मानचित्र पर स्थापित करें। मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बैठक में प्रोजेक्ट की बारीकियों को साझा किया। आरक्षण और किफायती शिक्षा पर जोर

# यूपी की कई वीआईपी सीटों का गणित बदला, शहरी वोटर ज्यादा कटे

## दल समीकरण बिठाने में जुटे

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में 2.04 करोड़ कटने के बाद राजनीतिक दलों में खासी बेचैनी बताई जा रही है। जानकारों से कहना है कि एसआईआर में सर्वाधिक वोट शहरी क्षेत्रों के कटे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़े हैं। शहरी वोट हमेशा से भाजपा के रहे हैं। वोट कटने के बाद कई वीआईपी सीटों का भी गुणा-गणित बदल गया है। लखनऊ कैंट का ही उदाहरण लें तो यहां सर्वाधिक 124962 वोट कटे हैं। इसीलिए विधानसभा चुनाव के समय टिकट बंटवारे से लेकर जातीय समीकरण के लिए राजनीतिक दलों को नए सिरे से समीकरण बैठाना पड़ सकता है। वे अभी से इसकी रणनीति बनाने में जुट भी गए हैं।



बड़े शहरों में खूब कटे वोट

एसआईआर के आंकड़े बता रहे हैं कि मुस्लिमों समुदाय के अधिकतर लोग अपना वोट बचाने में सफल रहे हैं। मतदाता सूची के आंकड़ों को देखें तो लखनऊ कैंट 34.18, इलाहाबाद उत्तरी 34.01, लखनऊ पश्चिम 31.01, लखनऊ पश्चिम 31, आगरा कैंट 30.47, लखनऊ मध्य 30.36, मेरठ कैंट 27.29, कानपुर कैंट 26.59, बरेली 25.68 फीसदी वोट कटे हैं। नोएडा जैसी सीट पर 23.85 प्रतिशत वोट कटे हैं। ये सभी भाजपा की प्रभाव वाली सीटें हैं। इनमें से अधिकतर सीटें वीआईपी हैं। शहरी क्षेत्रों में मतदाता घटने से पार्टी थोड़ी चिंतित तो है मगर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक वोटरों की बढ़ी हुई संख्या को लेकर पार्टी आशान्वित है। इसमें सरकार और संगठन दोनों ने अंतिम समय पर पूरी ताकत झोंकी। पार्टी के एक प्रदेश स्तरीय नेता का कहना है कि यह मानना पूरी तरह गलत है कि सिर्फ हिंदुओं के वोट ज्यादा कटे हैं। उनका तर्क है कि यदि ऐसा होता तो सपा और कांग्रेस एसआईआर को कोस न रहे होते। बसपा कटे हुए वोटों को लेकर बूथ, जिला व मंडल स्तर पर समीक्षा करेगी। पार्टी सभी जगह जहां वंचित व सर्वसमाज के वोट अवैध ढंग से काटे गए हैं, वहां अभियान चलाकर वैध मतदाताओं के नाम जुड़वाएगी। एसआईआर शुरू होने के साथ समाजवादी पार्टी ने चार लोगो की एक टीम बनाई। उसने बिहार एसआईआर का अध्ययन कर एक-एक खामियों पर ध्यान दिया। वोटर बनने और बने रहने के लिए सभी जरूरी मदद बूथवार की गई. जिससे वोट बचाने के साथ ही बनवाने में वह सफल रहे। सपा की यह टीम अब अंतिम मतदाता सूची का अध्ययन कर रही है। इसकी खामियों को देखा जा रहा है। इसके आधार पर गलत वोट कटने को ठीक कराने और छूटे लोगों का नाम शामिल कराने का होगा। यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की अंतिम मतदाता सूची में सर्वाधिक 30 से 39 आयुवर्ग के 3.60 करोड़ लोग हैं। दूसरे नंबर पर 20 से 29 आयु के 2.62 करोड़ मतदाता हैं। वोटर लिस्ट में सर्वाधिक युवा मतदाता हैं। अब अगर मतदाता सूची में 18 वर्ष से लेकर 39 वर्ष की उम्र वाले लोग जो युवा श्रेणी में आते हैं उनकी संख्या देखी जाए तो वह कुल 6.40 करोड़ है। यानी युवाओं की संख्या मतदाता सूची में 47.7 प्रतिशत है। फिलहाल मतदाता सूची के हिसाब से युवा मतदाता फिर एक बार निर्णायिक साबित होंगे। इनकी संख्या सूची में सर्वाधिक है।

## गुजरात में भाजपा ने चपरासी को उम्मीदवार बनाया

# 28 साल तक चाय-पानी पिलाया, अब जनता की सेवा करेंगे

**मेहसाणा , एजेंसी।** गुजरात के निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं है। पार्टी के लिए समर्पित किसी भी आदमी को चुनाव लड़ने का मौका मिल सकता है। बीजेपी ने 28 साल से पार्टी ऑफिस में चपरासी के तौर पर काम कर रहे 50 साल के रमेश भील को अपना उम्मीदवार बनाया है।

मेहसाणा नगर निगम चुनाव

रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात के मेहसाणा नगर निगम चुनावों में एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो चर्चा का विषय बन गया है। भारतीय जनता पार्टी ने रमेश भील नाम के आदमी को टिकट दिया है। वह एक समर्पित कर्मचारी हैं और पिछले लगभग तीन दशकों से मेहसाणा जिला बीजेपी कार्यालय में चपरासी के तौर पर सेवा दे रहे हैं।

रमेश भील ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही वे पार्टी के एक 'बैक-एंड' कार्यकर्ता से वार्ड नंबर 13 के लिए एक 'फ्रंटलाइन' राजनीतिक उम्मीदवार बन गए। 50 साल के रमेश भील ने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह पिछले 28 सालों से जिला मुख्यालय में लगातार सक्रिय रहे हैं। यहां उनकी मुख्य जिम्मेदारियों में कार्यालय का प्रबंधन करना और वरिष्ठ नेताओं तथा पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं को चाय-पानी पिलाना शामिल था। भील को चुनाव मैदान में उतारने के फैसले को पार्टी नेतृत्व की ओर से एक रणनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है, जो उसकी कार्यकर्ता-प्रथम



की विचारधारा को उजागर करता है। पार्टी के स्थानीय जानकारों ने बताया कि भील की लंबे समय से चली आ रही वफादारी और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ उनकी गहरी जान-पहचान ने उन्हें इस वार्ड के लिए एक अनोखा विकल्प बना दिया।

अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद भील ने कहा कि मैंने 28 सालों तक पूरी लगन के साथ पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सेवा की है। अब पार्टी ने मुझे अपने वार्ड के लोगों की सेवा करने का अवसर दिया है। मैं उसी ईमानदारी के साथ इस नई जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। जैसे-जैसे नगरपालिका चुनाव की लड़ाई तेज हो रही है, भील ??की उम्मीदवारी ने लोगों का काफी ध्यान खींचा है। कई लोग उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं जिससे वे खुद को जोड़ पाते हैं और जो आम लोगों के रोजमर्रा के परेशानियों को समझता है।

## मिशनरियों के षड्यंत्र तक पहुंची आदिवासी धर्म कोड की बात, जनजाति सुरक्षा मंच ने किया मांग का तीखा विरोध

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में जनगणना से पूर्व आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड की मांग ने राजनीतिक और सामाजिक विमर्श को नया मोड़ दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद कुमार साय ने सर्व आदिवासी समाज की बैठक में यह मांग उठाई, जिसके बाद विभिन्न जनजातीय संगठनों के बीच मतभेद उभर आए हैं। अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच ने नंद कुमार की मांग को ईसाई मिशनरियों का सुनियोजित षड्यंत्र बताते हुए आरोप लगाया है कि यह आदिवासियों को



उनकी सांस्कृतिक जड़ों से काटने और मतांतरण की दिशा में एक कदम है। इस मुद्दे पर राजनीति भी गरमा गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सवाल उठाया है कि भाजपा के नेता होने के नाते साय के बयान पर भाजपा सरकार का क्या रुख है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे नंद कुमार का व्यक्तिगत विचार बताया। नंद कुमार साय और अरविंद नेताम जैसे नेता इसे आदिवासियों की मौलिक पहचान और परंपराओं के संरक्षण से जोड़ते हैं, जबकि जनजाति सुरक्षा मंच इसे अलगाववाद का संकेत मानता है। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने इस मांग पर तीखा हमला किया है। उनका कहना है कि राज्य सरकार द्वारा धर्म स्वातं ?र्त्य विधेयक लाने के बाद मिशनरी नेटवर्क आदिवासियों को भ्रमित करने में जुट गया है। विवाद में नया मोड़ अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष विकास मरकाम के बयान से आया है। उन्होंने धर्म कोड की मांग करने वालों को उनके पूर्वजों के जाति प्रमाण पत्र सार्वजनिक करने की चुनौती दी है। उनके अनुसार, वर्ष 1958 से पहले आदिवासी लोग अपने प्रमाण पत्रों में हिंदू धर्म ही दर्ज कराते थे। बता दें कि नंद कुमार ने वर्ष 2023 में कुछ महीनों के लिए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। हालांकि वह फिर से भाजपा में वापस लौट आए थे। इस बैठक में उन्होंने आदिवासियों से पांच बच्चे पैदा करने की भी अपील की है।

# बच्ची के पेट में सैकड़ों कीड़े घूमते देख दंग रह गए डॉक्टर, ऑपरेशन कर बचाई जान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में एक चार वर्षीय बच्ची के आंतों में रुकावट का सफल ऑपरेशन किया गया। बच्ची के पेट में एस्केरिस लम्ब्रीकोइडीज (राउंडवर्म) का गंभीर संक्रमण हो चुका था। प्रोफेसर व डॉ. मोहित माथुर ने बताया कि सामान्य दिखने वाले कीड़े भी संक्रमण के गंभीर ले सकते हैं और इससे जान पर बन आती है। इसलिए सभी को ऐसे मामलों में बिल्कुल लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। डॉ. मोहित ने बताया कि बच्चों में कीड़ों का संक्रमण बहुत आम है, खासकर जहां साफ-सफाई और स्वच्छता की कमी होती है। गंदे हाथ, दूषित खाना या पानी के जरिए कीड़ों के अंडे शरीर में पहुंच जाते हैं और आंतों में बढ़ने लगते हैं। इससे पेट दर्द, उल्टी, भूख कम लगना, कमजोरी और बच्चों की बढ़त रुक सकती है। गंभीर मामलों में आंतों में रुकावट भी हो सकती है। ऐसी स्थिति एक साधारण संक्रमण को सर्जिकल इमरजेंसी में बदल देती है। उन्होंने बताया कि यह चिंता का विषय इसलिए है क्योंकि यह



बच्चों की वृद्धि और पोषण को प्रभावित करता है। गंभीर जटिलताएं जैसे आंतों में रुकावट पैदा कर सकता है। सही स्वच्छता और देखभाल से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। डॉ. मोहित ने बताया कि कीड़ों का संक्रमण आम है, लेकिन सही जानकारी और स्वच्छता से पूरी तरह बचा जा सकता है। साफ-सफाई की आदतें, सुरक्षित वातावरण और नियमित डीवार्मिंग ये तीन सरल कदम हमें ऐसे खतरनाक हालात से बचा सकते हैं। एस्केरिस लम्ब्रीकोइडीज (राउंडवर्म) एक आम आंतों का कीड़ा है, जो बच्चों में ज्यादा पाया जाता है। यह गंदे हाथ, दूषित पानी या बिना धोए फल-सब्ज़ियां खाने से शरीर में पहुंचता है। ज्यादा कीड़े होने पर ये आंतों में गुच्छा बनाकर ब्लाकेज कर सकते हैं। इससे ऑपरेशन तक की जरूरत पड़ सकती है। खाने से पहले और शौच के बाद हाथ साबुन से धोएं फल और सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाएं कच्चे या अधपके भोजन से बचें। उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ साफ व सुरक्षित पानी पिएं बच्चों के नाखून छोटे और साफ रखें डॉक्टर की सलाह पर ही कीड़ों की दवा कराएं।

# नोएडा सेक्टर-18 मेट्रो के बाहर कदम रखते ही जाम, जिम्मेदारों की लापरवाही से परेशान हो रहे लोग

**नोएडा, एजेंसी।** यह आधुनिक नोएडा है-चौड़ी सड़कें, मेट्रो की तेज रफ्तार और स्मार्ट सिटी का दावा, लेकिन जैसे ही सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन से बाहर निकलते हैं, हकीकत एकदम अलग दिखाई देती है। मेट्रो से उतरते ही ऐसा लगता है मानो शहर की रफ्तार, सफाई और व्यवस्था-तीनों यहीं आकर थम जाती हों। सीढ़ियों की ओर बढ़ते ही दीवारों और कोनों में पान की पिक के लाल निशान साफ नजर आते हैं। कई जगह दाग सूखकर परत बन चुके हैं। सीढ़ियों के किनारे प्लास्टिक गिलास, बोतलें और खाने के रैपर जैसे कूड़े के छोटे-छोटे ढेर पड़े हैं, जिनके बीच से लोग नाक सिकोड़ते हुए जल्दी-जल्दी निकलते हैं। सीढ़ियों से नीचे उतरते ही आ जाता है रेहड़ी-पटरी, ठेले वालों का अतक्रिमण। स्टेशन के बाहर निकलते ही ऑटो और ई-रिक्शा की लंबी कतार मिलती है। कई चालक आधी सड़क घेरकर खड़े रहते हैं, जबकि कुछ बीच रास्ते में ही सवारी बैठाने लगते हैं। इससे पीछे से आने वाले वाहनों की रफ्तार अचानक थम जाती है और कुछ ही मिनटों में जाम लग जाता है।

एप टैक्सी और निजी वाहनों का दबाव



स्टेशन के बाहर कार और बाइक चालक अपने परिचितों को लेने के लिए गेट के सामने ही वाहन खड़े कर देते हैं। ओला-उबर जैसी ऐप आधारित टैक्सियां भी यहीं रुककर सवारी का इंतजार करती हैं। नतीजा-पहले से संकरी सड़क और बाधित हो जाती है। सड़क किनारे कूड़े के ढेर और उनसे उठती बदबू माहौल को और खराब करती है। पास में ही चाय-नाश्ते की रेहड़ियां, कपड़ो से लेकर बर्तन तक की सैकड़ों दुकानें करीब 130 मीटर चौड़ी सड़क में 70 मीटर तक की आधी सड़क पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। हालात तो इतने बदतर है कि यहां से एक जगह से चलकर दूसरी जगह जाना मानो किसी जंग से कम नही। और तो और फुटपाथ तक पर कुछ दुकानदारों ने अपना अधिकार जमा रखा है, यहां रोजाना हजारों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। कई जगह अस्थायी ढांचे और अवैध कब्जे रास्ते का हिस्सा घेर लेते हैं, जिससे घंटोभर जाम की स्थिति बनी रहती ।

## दूरदराज के इलाकों में ड्रोन से पहुंचाई जाएगी दवा, आंध्र प्रदेश सरकार ने शुरू की खास पहल

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार ने दूरदराज के आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अनोखी पहल शुरू की है। अल्लूरी सीतारामा राजू जिले के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में ड्रोन के जरिए दवाइयों और चिकित्सा सामग्री की डिलीवरी का कार्यक्रम शुरू किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जिला प्रशासन, रीयल टाइम गवर्नेंस सिस्टम और अमेरिका स्थित यूपीएस फाउंडेशन की ओर से समर्थित टेक्नोलॉजी पार्टनर रेडविंग के साथ मिलकर यह प्रोजेक्ट लागू किया है। इस पहल का मकसद अंतिम छोर तक डायग्नोस्टिक सैंपल, जरूरी दवाइयां और अन्य चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाना है। पादेरू मेडिकल कॉलेज और गवर्नमेंट जनरल अस्पताल (तत्र॥) को छोटे स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़कर ड्रोन के माध्यम से सैंपल भेजे और दवाइयां लाई जा रही हैं। इससे पहाड़ी और जंगली इलाकों में सड़क मार्ग से होने वाली देरी समाप्त हो गई है। अब तक इस ड्रोन डिलीवरी पहल ने 1,000 उड़ानें पूरी कर ली हैं। इन उड़ानों में कुल 40,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई और 25,000 से ज्यादा



चिकित्सा उत्पादों को हवाई मार्ग से पहुंचाया गया। प्रत्येक ड्रोन लगभग दो किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम है और कोल्ड चेन सुविधा से लैस है, जिससे दवाइयों और ब्लड यूनिट की गुणवत्ता बरकरार रहती है। यह इनोवेटिव कदम आदिवासी समुदायों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। सड़कों की कमी और दुर्गम भूगोल वाले क्षेत्रों में ड्रोन स्वास्थ्य सेवाओं को तेज, सुरक्षित और प्रभावी बनाते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि भविष्य में इस मॉडल को अन्य जिलों में भी विस्तार दिया जाए।

# चुनाव आयोग की एक और ऑफिसर से तकरार, एसआईआर के समय पर भिड़ गए महाराष्ट्र के सीईओ

**मुंबई, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अधिकारियों से टकराव की एक और खबर सामने आ रही है। हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। ताजा जानकारी जो सामने आ रही है उसके मुताबिक, महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एस. चोकलिंगम ने पिछले साल नवंबर में ही आयोग को पत्र लिखकर आगाह किया था कि इस पूरी प्रक्रिया के लिए तय समय सीमा बहुत कम है। उन्होंने सुझाव दिया था कि जहां चुनाव सिर पर नहीं हैं, वहां इस काम को पर्याप्त समय लेकर पूरा किया जाना चाहिए।

आपको बता दें कि हल ही में भारत निर्वाचन आयोग ने यूपी कैडर के 2000 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग यादव को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में चुनाव पर्यवेक्षक के पद से हटा दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान हुई तीखी बहस के बाद यह कार्रवाई की गई थी। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने अनुराग यादव से उनके विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग स्टेशनों की संख्या पूछी थी। इसका जवाब उन्होंने देरी से दिया। इसके बाद दोनों के बीच बहस हुई। अनुराग यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त को जवाब देते हुए कहा कि वह भी 25 साल से सर्विस में हैं और उनसे इस तरह बात नहीं की जा सकती है। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए आयोग ने उन्हें पद से मुक्त कर दिया।

**महाराष्ट्र ने क्यों जताई चिंता?:** इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर



प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश का दूसरा सबसे बड़ा मतदाता आधार वाला राज्य है, जहां 2024 के लोकसभा चुनावों में 9 करोड़ से अधिक मतदाता थे। राज्य के सीईओ ने अपने पत्र में 2001-02 के पुनरीक्षण अभियान का हवाला दिया था। उस समय महाराष्ट्र में यह प्रक्रिया 13 महीनों तक चली थी। अधिकारी का तर्क है कि मतदाता सूची से नाम हटाना एकमात्र उद्देश्य नहीं है, बल्कि सूची को शुद्ध और त्रुटिहीन बनाना है। इसके लिए दावों और आपत्तियों की सुनवाई के लिए पर्याप्त समय अनिवार्य है। महाराष्ट्र ने यह भी मुद्दा उठाया था कि वर्तमान डेटा को पुराने रिकॉर्ड (स्ढ्ढक्र 2002) के साथ मैप करना एक समय लेने वाली प्रक्रिया है, जिसकी गणना चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों में ठीक से नहीं की गई थी।

जिसमें वही सरकारी कर्मचारी और शिक्षक शामिल होंगे जो चुनाव ड्यूटी करते हैं, इसलिए पुनरीक्षण प्रक्रिया में और देरी हो सकती है।

## पश्चिम बंगाल में संकट, 89 लाख नाम हटे

निर्वाचन आयोग की इस जल्दबाजी का सबसे बुरा असर पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है। राज्य में लगभग 89 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इनमें से करीब 27.1 लाख मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम न्यायिक अधिकारियों द्वारा हटाए गए हैं, लेकिन उनके पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का समय ही नहीं बचा। 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले इन लाखों लोगों के पास अब अपने मताधिकार खोने का खतरा मंडरा रहा है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सकपाल ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात की थी। सकपाल के अनुसार, 'हमने मांग की थी कि पुनरीक्षण प्रक्रिया को 2002 की तर्ज पर कम से कम 13 महीने का समय दिया जाए। अधिकारियों ने हमें आश्वस्त किया कि वे पहले ही केंद्रीय चुनाव आयोग को इस संबंध में पत्र लिखकर जल्दबाजी न करने का अनुरोध कर चुके हैं। हालांकि निर्वाचन आयोग ने आधिकारिक तौर पर इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन आयोग के सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में मौजूदा डेटा की मैपिंग का काम शुरू हो चुका है। चूंकि आगामी महीनों में जनगणना का काम भी शुरू होना है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बुज़ुर्गों के आंसू पोंछने का कानून, वेतन से होगा माता-पिता का भुगतान

तेलंगाना सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा मुहैया कराने की पहल से एक नई उम्मीद जगी है। राज्य विधानसभा में रविवार को एक ऐसा विधेयक पारित किया गया, जिसमें सरकारी एवं निजी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने का प्रावधान है। देश में बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षा एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। गांवों से शहरों की ओर पलायन, संयुक्त परिवारों का टूटना और तेजी से बदलती जीवनशैली के कारण बुजुर्गों की देखभाल नहीं करने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई दफा माता-पिता को उम्र के आखिरी पड़ाव पर या तो अकेले रहना पड़ता है या फिर किसी वृद्धाश्रम की शरण लेने को मजबूर होना पड़ता है।हालांकि, कानून में बुजुर्गों की देखभाल के लिए सख्त प्रावधान मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कारण स्पष्ट है कि कुछ वरिष्ठ नागरिक अपने कानूनी अधिकारों को लेकर जागरूक नहीं हैं, तो कुछ शारीरिक और आर्थिक दिक्कतों की वजह से कानून की मदद नहीं ले पाते हैं। ऐसे में तेलंगाना सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा मुहैया कराने की पहल से एक नई उम्मीद जगी है। राज्य विधानसभा में रविवार को एक ऐसा विधेयक पारित किया गया, जिसमें सरकारी एवं निजी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने का प्रावधान है।हालांकि, देश में पहले से ही राष्ट्रीय कानून-'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007' मौजूद है, मगर बुजर्गों की देखभाल के मामले में जमीनी स्तर पर इसका प्रभावी असर नजर नहीं आता है। कई बार कानूनी प्रक्रिया इतनी जटिल और उलझाऊ हो जाती है कि बुजुर्ग अपने कदम पीछे खींच लेते हैं। ऐसे में तेलंगाना विधानसभा में पारित 'कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक- 2026' को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।इस विधेयक के अनुसार, राज्य के जनप्रतिनिधियों तथा सरकारी एवं निजी कर्मचारियों के लिए अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करना अनिवार्य है।

### युद्ध में हुए भीषण हमलों पर मानवीयता के प्रश्न पीछे छूट गए

अभी युद्ध को लेकर जिस तरह की जिद देखी जा रही है, उससे किस तरह का समाधान निकाला जा सकता है। व्यापक पैमाने पर विनाश के बाद जब युद्ध थमेगा, तब किसी भी तरह के समाधान की कीमत क्या होगी?ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को अब एक महीना से ज्यादा हो चुका है, लेकिन अब भी तनाव और टकराव की आक्रामकता में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बीच-बीच में युद्ध विराम की बात उठती है और अगले ही दिन पहले से ज्यादा तीव्रता वाले हमलों के बीच गुम होकर रह जाती है। 8 अप्रैल को सीजफायर की घोषणा हुई थी पर हमले अभी भी जारी है। पिछले दिनों अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप पर फिर हमला किया। इसके अलावा, ईरान के अल्बोर्ज प्रांत में हुए ताजा हवाई हमले में कम से कम अठारह लोगों की मौत हो गई। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस धमकी ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी है कि अगर ईरान मंगलवार रात आठ बजे तक होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह बहाल नहीं करता है, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों पर बमबारी की जाएगी।सवाल है कि क्या अमेरिका को इस बात की फिक्र है कि नागरिक ढांचों पर होने वाले हमलों को युद्ध अपराधों के दायरे में देखा जा सकता है। ईरान में हमले की वजह से एक स्कूल की कई बच्चियों की मौत को लेकर पहले ही अमेरिका-इजरायल के रवैये पर तीखे सवाल उठ चुके हैं। ऐसा लगता है कि इस युद्ध में हमले के ठिकाने चुनने के मसले पर मानवीयता के प्रश्न पीछे छूट गए हैं।जहां इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर मिसाइल की मार करने से लेकर बमबारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, वहीं ईरान ने भी इजराइल सहित मध्य-पूर्व के देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला करने में कोई कमी नहीं की है। इससे इतर युद्ध की वजह से मध्य-पूर्व के समूचे प्रभावित इलाके में जिस पैमाने पर कच्चे तेल का उत्पादन और उसका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

*अमेरिका से तेल खरीदो, हमारे पास बहुत है। दूसरा- हिम्मत जुटाओ, जलडमरूमध्य पर जाओ और उसे अपने कब्जे में ले लो। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पूर्व महानिदेशक मोहम्मद अल बारदेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ 48 घंटे का अल्टीमेटम जारी करने के बाद खाड़ी देशों से हस्तक्षेप करने की तत्काल अपील की है।*

# कहां गए शांति के कपोत उड़ाने वाले?

**(अशोक मधुप)**

इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी समस्या का समाधान नहीं रहा, बल्कि यह नई समस्याओं का जन्मदाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई बार कहा कि दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत है। कई मंचों से उन्होंने यह मांग उठाई, किंतु किसी भी देश ने शांति का समर्थन नहीं किया। आज की दुनिया बारूद से धधक रही है। रूस-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व के रेगिस्तानों तक, हर तरफ मिसाइलों की गूँज है। शांति की बाते अब सुनाई नहीं देतीं। शांति के कपोत उड़ाने वाले दिखाई देने बंद हो गए। युद्ध की विभिषिका के विरोध में प्रदर्शन करने और मोमबत्ती जलाने वाले अब सड़कों से गायब है। युद्ध के विरोध के स्वर धीमे ही नही हुए, पूरी तरह खामोश हो गए। बुद्ध के संदेश अब किताबों में ही बंद होकर रह गए है। युद्धों के विरोध की कही से बात नही उठ रही। दुनिया में शांति स्थित करने के लिए बने संयुक्त राष्ट्संघ के मुंह पर टेप चिपक गया। वह देख सकता है। न कुछ बोल सकता है। न आदेश कर सकता है। विडंबना देखिए कि इक्कीसवीं सदी में हम मंगल पर बस्तियां बसाने की बात कर रहे हैं, लेकिन ज़मीन के चंद टुकड़ों और आपसी वर्चस्व के लिए हज़ारों बेगुनाहों का खून बहाने से भी पीछे नहीं हट रहे। युद्ध चाहे रूस और यूक्रेन के बीच हो, या इज़राइल, ईरान और अमेरिका के बीच का तनाव हो। जीत के झंडे चाहे जिस देश के हाथ आएं, हारती हमेशा मानवता है। इन युद्ध में विजयी कोई भी हो, सदा पराजित तो मानव होती है। मरती बस इंसानियत है। इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी समस्या का समाधान नहीं रहा, बल्कि यह नई समस्याओं का जन्मदाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई बार कहा कि दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत है। कई मंचों से उन्होंने यह मांग उठाई, किंतु किसी भी देश ने शांति का समर्थन नहीं किया। सब देश गूंगे बन कर रह गए। आज भी ये ही हाल है। मरता ईरान खाड़ी के उन देशों पर मिसाइल और ड्रोन दाग कर तबाही मचा रहा है, जिनमे अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। अपनी बरबादी होते देख ये देश ईरान पर अमेरिकी हमलों का उस तरह विरोध नही कर रहे, जिस तरह कि करना चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध के समय जहाँ वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा संकट को जन्म दिया तो मध्य पूर्व (इज़राइल-हमास-ईरान) के संघर्ष ने दुनिया को धार्मिक और कूटनीतिक ध्रुवीकरण के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इन लड़ाइयों में टैंकों की गड़गड़ाहट के बीच जो आवाज़ दब जाती है, वह है–एक मासूम बच्चे की चीख और एक बेबस माँ की कराह। युद्ध की सबसे बड़ी कीमत वे लोग चुकाते हैं जिनका राजनीति या सत्ता की लालसा से कोई लेना-देना नहीं होता। यूक्रेन के कीव से लेकर गाज़ा की गलियों और ईरान के गांव तक तक, हज़ारों औरतें और बच्चे मौत की नींद सो चुके हैं। जो उम्र खिलौनों से खेलने की थी, उस उम्र में बच्चे बमों के धमाकों को पहचानना सीख रहे हैं। हज़ारों बच्चे अनाथ हो चुके हैं और लाखों का भविष्य मलबे के नीचे दब गया है। युद्ध के दौरान महिलाओं को न केवल विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है, बल्कि वे शारीरिक और मानसिक हिंसा का सबसे आसान लक्ष्य बनती हैं। युद्ध केवल इंसान को नहीं मारता, वह सदियों से बनी-बनाई सभ्यताओं और बुनियादी ढांचे को भी नष्ट कर देता है। स्कूलों, अस्पतालों और रिहायशी इमारतों पर गिरते बम यह दर्शाते हैं कि आधुनिक समाज कितना असंवेदनशील हो चुका है। जब एक अस्पताल पर मिसाइल गिरती है, तो वह केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं ढहती, बल्कि इंसानियत की आखिरी उम्मीद भी टूट जाती है। इन लड़ाइयों का असर केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने दुनिया भर में अनाज की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ दिया। इससे गरीब देशों में भुखमरी का खतरा बढ़ गया। ईंधन की बढ़ती कीमतें और खाद्य पदार्थों की कमी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जो खरबों डॉलर शिक्षा, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में खर्च होने चाहिए थे, वे आज आधुनिक हथियार और मिसाइलें बनाने में झोंके जा रहे हैं। युद्ध का एक और खामोश शिकार हमारा पर्यावरण है। हज़ारों टन गोला-बारूद का इस्तेमाल वायुमंडल को ज़हरीला बना रहा है। जंगलों की आग, समुद्री प्रदूषण और ज़मीन में धंसे बारूदी सुरंग आने वाली कई पीढ़ियों के लिए मौत का जाल बिछा रहे हैं। हम जिस धरती को बचाने की कसमें खाते हैं, उसी को युद्ध की आग में झोंक रहे हैं। संसाधनों को बरबाद कर रहे हैं। जब हम टीवी पर बमबारी के दृश्य देखते हैं और उन्हें केवल एक न्यूज़ अपडेट की तरह छोड़ देते हैं, तो समझ लीजिए कि हमारे भीतर की इंसानियत मर चुकी है। युद्ध हमें क्रूर बना देता है। हम मौतों को केवल 'आंकड़ों' में गिनने लगते हैं। घृणा का यह बीज जो आज बोया जा रहा है, वह भविष्य में और अधिक कट्टरपंथ और आतंकवाद को जन्म देगा। अमेरिका आज दुनिया का सबसे बड़ा तानाशाह बन गया है। उसने इराक पर यह कह कर हमला किया था कि उसके पास कैमिकल और अन्य घातक शस्त्र है। इराक हार गया। सद्दाम हुसैन पकड़े ही नही गए, उन्हें फांसी हो गई, किंतु अमेरिका इराक से कुछ भी बरामद नही कर पाया। उसका सब झूंठा प्रचार रहा। अब ईरान पर यह कह कर इजरायल और अमेरिका ने हमला किया कि वह परमाणु बम बनाने के नजदीक है। उसकी इस शक्ति को खत्म करना है। हमले जारी है। इस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए अपने मन की बात कह दी कि उसे ईरान के तेल पर कब्जा करना है। तीन जनवरी 2026 को अमेरिकी सेना ने एक सैन्य ऑपरेशन के दौरान वेनेजुयला के राष्ट्पति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को उनके देश (कराकस) से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नार्को-आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों के बाद की गई। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया। बहाना मादक पदार्थो की तस्करी रोकना था किंतु अब अमेरिकी राष्ट्पति ट्रंप कह रहे हैं कि वेनेजुयला का तेल वे बेचेंगे। उनकी मर्जी से बिकेगा। इस सब का मतलब साफ है कि दुनिया के संसाधनों पर अमेरिका की नजर है। वह किसी ने किसी बहाने उन पर कब्जा करना चाहता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप का एक बड़ा बयान सामने आया। ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला तो अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल सकता है और वहां से तेल लेकर बड़ा मुनाफा कमा सकता है। उनके इस बयान ने पहले से चल रहे संघर्ष को और संवेदनशील बना दिया है। फिलहाल ईरान ने इस अहम समुद्री रास्ते को बंद कर दिया है। इस कारण दुनिया भर में तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है और कीमतों में तेजी देखी जा रहीयह संघर्ष अब सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं रहा है। अमेरिका और इस्राइल ने ईरान और लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए हैं।ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल होने से इन्कार करने वाले ब्रिटेन जैसे वह देश होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की वजह से जेट ईंधन नहीं पा रहे हैं। उनके लिए अमेरिकी राष्ट्पति ट्रंप का सुझाव है।

## भरोसे की ताकत- सफलता में उलझी छोटी गलतियों को पकड़ता है हमारा मन

**(अनंतपद्मनाभन)**

मानव मन एक अद्भुत पहेली है, जो एक क्षण में ब्रह्मांड की सीमाओं को लांघ सकता है और दूसरे ही पल एक छोटी-सी आशंका के पिंजरे में कैद हो सकता है। हम कल्पना करें कि हमने अभी-अभी कोई महत्त्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया है। चारों ओर प्रशंसा के शब्द गूंज रहे हैं और हमें सम्मान मिल रहा है। सफलता के उस शिखर पर मन में केवल संतोष होना चाहिए, लेकिन जैसे ही शोर थमता है और हम खुद के साथ होते हैं, तो हमारा मन शांत होने के बजाय एक अजीब-सी उथल-पुथल में घिर जाता है। हमारा मस्तिष्क अचानक एक जासूस की भूमिका निभाते हुए पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण करने लगता है। वह बार-बार उसी एक पल पर अटक जाता है, जहां कुछ 'अधूरा' रह गया था- 'मैं उस समय क्यों हिचकिचाया? क्या मैं और बेहतर बोल सकता था?' भले ही हमारी सफलता सौ फीसद रही हो, लेकिन दिमाग न जाने क्यों उस एक फीसद की 'खामी' को ढूंढ़ निकालता है। यह स्थिति एक ऐसे मानसिक भ्रम की रचना करती है, जो हमारी पूरी सफलता की चमक को सोखने लगती है। दरअसल, बरसों से हमारे दिमाग को गलतियां ढूंढने और जोखिमों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जब हम दिन भर समस्याओं को सुलझाने और खुद को त्रुटिहीन बनाने की दौड़ में लगे रहते हैं, तो वही तेज दिमाग घर आने के बाद भी अपनी गति को नियंत्रित करना भूल जाता है। यह नकारात्मक चिंतन का एक चक्र है, जो हमारे निजी रिश्तों और खुशियों में दखल देने लगता है। हमें लगता है कि हम 'सुधार' के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन वास्तव में यह मन को थकाने वाला एक व्यर्थ चक्र है। इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े विद्वानों का मन भी कभी-कभी उनका साथ छोड़ देता था। आधुनिक विज्ञान के आधार स्तंभ सर आइजैक न्यूटन अक्सर छोटी-छोटी आलोचनाओं पर हफ्तों तनाव में रहते थे। न्यूटन का मस्तिष्क ब्रह्मांड के रहस्यों को तो सुलझा लेता था, लेकिन स्वयं की शांति बनाए रखना उनके लिए चुनौती थी। वे अपनी खोजों को दुनिया के सामने रखने से इसलिए डरते थे कि कहीं कोई उनमें कोई कमी न निकाल दे। इस तरह के उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि बुद्धि एक तेज औजार की तरह है। अगर इसे सही नियंत्रण के साथ नहीं संभाला गया, तो यह स्वयं को ही चोट पहुंचा सकती है। इसी तरह, महान सिविल इंजीनियर सर एम विश्वेश्वरैया की नजर इतनी पैनी थी कि वे चलती रेलगाड़ी में केवल कंपन महसूस करके पटरी की दरार भांप लेते थे। कार्य के प्रति यह सजगता अद्भुत थी, पर इसका अर्थ यह भी था कि उनका मन हमेशा एक 'सतर्क भाव' में रहता था। आज सब एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में हैं। हम अक्सर अपनी छोटी-छोटी खुशियों की अनदेखी कर देते हैं। पहले हमारी तुलना केवल करीबियों से होती थी, लेकिन आज हम अपनी तुलना पूरी दुनिया से कर रहे हैं। हम अपनी सफलताओं का जश्न मनाने के बजाय अपनी कमियों का शोक मनाने में अधिक समय बिताते हैं। आत्म-आलोचना तभी तक उपयोगी है, जब तक वह हमें आगे बढ़ने में मदद करे। जब यह आलोचना हमें मानसिक रूप से कमजोर बनाने लगे, तो इसे तुरंत रोकने का समय आ जाता है। सच्ची आजादी इसी में है कि हम अपने मन को 'आलोचक' के बजाय एक 'दोस्त' की तरह इस्तेमाल करना सीखें। हमें अपनी समझ को रोकने की जरूरत नहीं है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6060

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6059

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 6060

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | 7 | 8 | | | ■ |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | ■ | 12 |
| | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | 20 | | |
| ■ | 21 | 22 | | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1965 को इस देश में संविधान लागू हुआ था (4)
4. चतुर, होशियार, प्रवीण, प्रसन्न (3)
6. सर्वसाधारण, लोग, पुराणानुसार पांचवां लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है (2)
7. आतंक, भय (4)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कल नहीं (3)
11. प्रेम, प्यार, मोहब्बत (2)
13. नजदीक, करीब, समीप, निकट (2)
14. मुर्ग की जाति का एक प्रसिद्ध पक्षी, कपिंजल (3)
16. चमड़े आदि का कोड़ा यह कहलाता है (3)
19. किसी का नाम किसी बात, आदि के लिए निश्चित किया जाना (5)
21. अखबार, दस्तावेज आदि का विधिक पत्र, समाचार पत्र (3)
23. मुझे (मराठी)(2)
24. धूल आदि साफ करने की वस्तु (3)
25. सोने, चांदी आदि पर बनाया जाने वाला रंगीन काम (2)

**ऊपर से नीचे**

1. इस डायरी में प्रतिदिन की कार्रवाई का विवरण लिखा जाता है (5)
2. स्वीकार करना, धारण को स्थिर करना, सम्मान करना (3)
3. स्मरण, स्मृति (2)
4. पुराणानुसार यह अप्सराओं की जननी है (4)
5. सौ का सूचक अंक (2)
8. निराकरण, निष्पत्ति, एक कृषि उपकरण (2)
10. अशुद्धि, अशुचि, अपवित्र, बेदाग (3)
12. यह मरूस्थल भारत के उत्तर पश्चिम में तथा पाकिस्तन के दक्षिण-पूर्व में स्थित है (2)
15. स्थानांतर, परिवर्तन (4)
17. यह हंगरी की राजधानी है (4)
18. आकाश, अंतरिक्ष, आसमान (2)
19. नारी का अपभ्रंश, गला, गर्दन (2)
20. दृढ़तापूर्वक बैठना, तरल पदार्थ का ठोस रूप में बदलना (2)
22. किंतु, परंतु, डैना, लेकिन (2)

### वर्ग पहेली 6059 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | जी | व | गां | धी | ■ | अ | दा |
| ज | त | न | ■ | र | म | जा | न |
| की | ■ | ज | न | ता | ■ | न | व |
| य | क्ष | ■ | या | ■ | दु | ■ | गु |
| ■ | ति | ■ | दौ | ■ | आ | ब | रू |
| अ | ■ | ■ | र | सि | क | ■ | ■ |
| स | हि | त | ■ | ता | र | पी | न |
| म | त | ■ | गा | र | ना | ■ | ट |

# आज का राशिफल

### मेष

आज आप अपनी एकाग्रता के बल पर जटिल परिस्थितियों को सुलझाने में सफल रहेंगे. आपके व्यक्तित्व में एक खास आकर्षण रहेगा, जिससे व्यावसायिक क्षेत्र में लोग आपकी राय को महत्व देंगे. ध्यान रहे कि कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी करने के बजाय जमीनी हकीकत को समझकर ही निर्णय लें. बारहवें भाव की ग्रह स्थिति अनचाहे खर्चों की ओर इशारा कर रही है।

### वृष

आज आपकी रचनात्मक ऊर्जा को अनुशासन और मेहनत के साथ जोड़ने का समय है. भाग्य का सहयोग मिलने से आपके रुके हुए कार्यों में गति आएगी. शाम के समय आपका ध्यान सेहत और दैनिक रूटीन की ओर अधिक रहेगा. पार्टनर के साथ संवाद में स्पष्टता रखें ताकि कोई गलतफहमी न पैदा हो. आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

### कर्क

आज दिन की शुरुआत थोड़े अकेलेपन या सुस्ती के साथ हो सकती है, लेकिन शाम होते ही आपका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा. आप एक सुलझे हुए नेता के रूप में उभरेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे. भाई-बहनों के साथ बातचीत में विनम्रता बरतें. करियर में कोई बड़ी उपलब्धि या नया अवसर आपका दरवाजा खटखटा सकता है।

### सिंह

आज कार्यक्षेत्र में आपकी साख और छवि मजबूत होगी. आपकी रचनात्मकता करियर में नए आयाम जोड़ेगी. शाम के समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी और आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं. स्वभाव में आक्रामकता या चिड़चिड़ापन आने से बचें, क्योंकि इससे आपके बने-बनाए काम बिगड़ सकते हैं. परिवार का साथ आपको भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करेगा।

### मिथुन

आज आपकी संवेदनशीलता धीरे-धीरे एक परिपक्व और व्यावहारिक सोच में तब्दील होगी. सुबह के समय मन में कुछ पुरानी बातों का बोझ रह सकता है, लेकिन दोपहर बाद दृष्टिकोण पूरी तरह सकारात्मक हो जाएगा. गुरुजनों और वरिष्ठों का मार्गदर्शन आपके करियर के लिए संजीवनी का काम करेगा।

### कन्या

आज ये दिन सामाजिक नेटवर्क के जरिए लाभ उठाने और भविष्य की योजनाएं बनाने का है. मित्रों का सहयोग आपकी कई चिंताओं को दूर करेगा. शाम के समय मन थोड़ा एकांत की तलाश करेगा और आप आत्म-चिंतन की ओर मुड़ेंगे. निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

### तुला

आज रिश्तों के समीकरणों में बदलाव आएगा और आपकी स्पष्ट सोच पुरानी उलझनों को खत्म करेगी. आपकी राशि में बैठे गुरु आपको सही दिशा में निर्णय लेने की शक्ति देंगे. लेकिन यह आपकी प्रतिभा को साबित करने का एक बेहतरीन मौका है. शाम के समय पार्टनर के साथ किसी भी प्रकार की बहस से बचें और शांति बनाए रखें।

### वृश्चिक

आज घर और करियर के बीच संतुलन बनाना आपकी प्राथमिकता रहेगी. आपकी व्यवस्थित कार्यशैली आपको ऑफिस में एक नई पहचान दिलाएगी. शाम के समय रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और आप खुद को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे. सातवें भाव के भारी ग्रह रिश्तों में थोड़ा खिंचाव पैदा कर सकते हैं, इसलिए धैर्य से काम लें. जल्दबाजी में की गई।

### मकर

आज आपकी संवाद शैली और कूटनीतिक सूझबूझ आपको कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में मदद करेगी. पुराने विवादों को सुलझाने के लिए दिन अनुकूल है. शाम के समय घर का माहौल सुखद रहेगा और आप मानसिक शांति महसूस करेंगे. करियर में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है, निवेश के मामलों में अनुभवी लोगों की सलाह लेना हितकर होगा।

### कुंभ

आज आपका पूरा ध्यान आर्थिक मजबूती और पारिवारिक सुख-सुविधाओं पर रहेगा. आप अपनी पुरानी समस्याओं को मैच्योरिटी के साथ सुलझाने में सफल रहेंगे.अन्यथा कोई आपकी बातों का गलत अर्थ निकाल सकता है. पार्टनर के साथ पारदर्शिता बनाए रखना रिश्तों को और गहरा करेगा. जमीन या सोने में निवेश के लिए समय अनुकूल है. स्वास्थ्य के मामले में तनाव को खुद पर हावी न होने दें और ताजे फलों का सेवन करें।

### धनु

आज का दिन भावनात्मक स्थिरता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का है. पेशेवर क्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता की सराहना होगी और उच्चाधिकारियों का समर्थन प्राप्त होगा. अपने फैसलों के लिए दूसरों का मुंह ताकने के बजाय अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें. वाणी में सौम्यता बनाए रखें, अन्यथा परिवार में तनाव उत्पन्न हो सकता है।

### मीन

आज आप काफी उत्साहित और ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे व्यक्तिगत कार्यों में तेजी आएगी. शाम होते ही आपका ध्यान अपनी सुख-सुविधाओं से हटकर बैंक बैलेंस और आर्थिक सुरक्षा की ओर मुड़ जाएगा. घरेलू माहौल में थोड़ी बेचैनी हो सकती है, इसलिए शांत रहकर स्थितियों को संभालें. पार्टनरशिप में किए गए कार्यों से लाभ मिलने की प्रबल संभावना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : soneversha vani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

मोंटे कार्लो फाइनल

## अल्काराज और सिनर के बीच खिताबी मुकाबला, नंबर-1 रैंकिंग दांव पर

ब्राजील (एजेंसी)। मोंटे कार्लो मास्टर्स 2026 का फाइनल बेहद खास होने जा रहा है, जहां कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले की सबसे बड़ी बात यह है कि जीतने वाला खिलाड़ी दुनिया का नंबर-1 बन जाएगा। दोनों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज की।

### सेमीफाइनल में दमदार जीत

जानिक सिनर ने तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं कार्लोस



अल्काराज ने घरेलू खिलाड़ी वैलेंटिन वैचेरोट को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन नियंत्रण और आक्रामक खेल दिखाया।

### सिनर का शानदार फॉर्म

जानिक सिनर इस समय शानदार लय में हैं और मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 21 मैच जीत चुके हैं। उन्होंने इस सीजन में पहले ही इंडियन वेल्स और मियामी जैसे बड़े खिताब जीत लिए हैं। साथ ही वह 2015 के बाद पहले खिलाड़ी बने हैं, जो एक ही सीजन में शुरुआती तीन मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे हैं।

### सिनर का बयान

जीत के बाद सिनर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। हम यहां क्ले कोर्ट पर खुद को परखने आए थे और फाइनल में पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मैं पूरी ताकत के साथ खिताब जीतने की कोशिश करूंगा।

### अल्काराज भी पूरी तरह तैयार

कार्लोस अल्काराज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक ड्रीम मोमेंट है। मैं अपने दूसरे मोंटे कार्लो खिताब के लिए खेल रहा हूं और नंबर-1 की रेस इस मुकाबले को और खास बना देती है।

### बड़ा मुकाबला है

हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में कार्लोस अल्काराज का पलड़ा भारी है और वह सिनर के खिलाफ 10-6 से आगे हैं। हालांकि पिछली बार एटीपी फाइनल्स में सिनर ने अल्काराज को हराया था, जिससे इस बार मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है।

## सैंटोस की जीत में पूरे 90 मिनट तक खेले नेमार

रियो डी जेनेरो (एजेंसी)। नेमार पूरे 90 मिनट खेले, जिससे सैंटोस ने ब्राज़ील के सीरी ए में एटलेटिको मिनेरो पर 1-0 से घरेलू जीत हासिल की। इस साल संभावित 11 में से सिर्फ पांचवीं लीग शुरुआत करते हुए नेमार मेहनती थे, लेकिन साफ तौर पर अपने बेस्ट से नीचे थे, जिससे सैंटोस ने दूसरे हाफ में मोइसेस के गोल से कैंपेन की अपनी तीसरी जीत हासिल की। सैंटोस के मैनेजर कुका ने नेमार के परफॉर्मेंस की तारीफ की और भविष्यवाणी की कि 34 साल का यह खिलाड़ी आने वाले हफ्तों में ब्राजील की 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के लिए और बेहतर होता जाएगा। मैच के बाद कुका ने कहा, नेमार गेम दर गेम बेहतर हो रहा है, उसे



मेहनत करते रहना होगा। उसका मूवमेंट बहुत बेहतर है और वह और बेहतर होगा। यह मानने के बावजूद कि नेमार में मैच फिटनेस की कमी है, कुका ने कहा कि फॉरवर्ड मंगलवार को रेकोलेटा के साथ सैंटोस के घरेलू कोपा सुदामेरिका मैच में फिर से शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा, उसके लिए पूरे 90 मिनट खेलना रिस्की है, हम देखेंगे कि वह इसे संभाल सकता है या नहीं, लेकिन हम कोशिश करेंगे ताकि वह मंगलवार को खेल सके। हमें उसे गेम का मज़ा लेते हुए देखकर खुशी हो रही है जैसा उसने किया। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर हैं, अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूटने के बाद से अपने देश के लिए नहीं खेले हैं।

आईपीएल में ऐसा खेल रहे टी-20 वर्ल्ड चैंपियंस

# सैमसन ने शतक लगाया, चक्रवर्ती-बुमराह को विकेट नहीं मिल रहे

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल में 19वें सीजन के 18 मैच खत्म हो चुके हैं। भारत को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले 15 प्लेयर्स अलग-अलग टीमों में खेल रहे हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने शनिवार को ही शतक लगा दिया। उनके साथी अभिषेक शर्मा ने भी 74 रन की पारी खेली। हालांकि, वर्ल्ड कप के 2 टॉप विकेट टेकर वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह आईपीएल में विकेट के लिए तरस जा रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी बहुत फीका चल रहा है। वर्ल्ड कप में खराब स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

**मिडिल ऑर्डर में एक ही फिफ्टी लगी** - आईपीएल में 3 से 5 नंबर तक 39 प्लेयर्स बैटिंग कर चुके हैं। इनमें 11 ने 100 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन वर्ल्ड चैंपियन टीम का एक ही भारतीय इसमें शामिल हैं। नंबर-3 पर बैटिंग करने वाले ईशान ने एक फिफ्टी लगाकर 120 से ज्यादा रन बनाए हैं। वर्ल्ड कप में उनका साथ देने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा कुछ खास नहीं कर सके।

ईशान फिलहाल एसआरएच की कप्तानी कर रहे

### रिंकू, हार्दिक और अर्शदीप फ्लॉप



हैं, उन्होंने अपने पहले ही मैच में 80 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया था। इसके बाद 3 मैचों में वे 42 रन ही बना सके। मिडिल ऑर्डर बैटर्स में वे 9वें नंबर पर हैं।

सूर्यकुमार टूर्नामेंट एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके हैं, उनके नाम 73 रन ही हैं। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट जरूर 155 प्लस है, जो उनके वर्ल्ड कप स्ट्राइक रेट से 19 ज्यादा है। वे रन बनाने के मामले में 15वें नंबर पर हैं।

तिलक का प्रदर्शन मिडिल ऑर्डर बैटर्स में सबसे खराब है। वे 130.76 के स्ट्राइक रेट से 34 रन ही बना सके। वे एक बार खाता नहीं खोल सके और 6 ही चौके लगा पाए हैं। उनके बैट से एक भी छक्का नहीं आया। वे टॉप-20 प्लेयर्स से भी बाहर हैं। एसआरएच के हेनरिक क्लासन पहले और आरआर के ध्रुव जुरेल दूसरे नंबर पर हैं।

### ओपनर्स अभिषेक-सैमसन चमके

आईपीएल के 18 मैचों में 10 टीमों से 22 प्लेयर्स ने ओपनिंग की। वर्ल्ड कप खेलने वाले अभिषेक शर्मा सनराइजर्स हैदराबाद और संजू सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स से खेल रहे हैं। टूर्नामेंट में अभिषेक 5वें और सैमसन तीसरे बेस्ट स्कोरर हैं। राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल टॉप-2 पोजिशन पर हैं। अभिषेक शुरुआती 3 मैचों में 55 रन ही बना सके। हालांकि, शनिवार को पंजाब के खिलाफ उन्होंने 28 गेंद पर ही 74 रन बना दिए। उन्होंने 8 छक्के और 5 चौके लगाए। वे 129 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें बेस्ट ओपनर हैं। संजू भी शुरुआती 3 मैचों में फ्लॉप रहे, उनके बैट से तो 22 रन ही निकले। शनिवार को दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 56 गेंद पर 115 रन की नॉटआउट पारी खेल दी। उन्होंने 15 चौके और 4 छक्के लगाए। वे 137 रन बनाकर टूर्नामेंट के तीसरे बेस्ट ओपनर हैं।

## 'हम हार से थक चुके थे'

### ● सीएसके कोच ने इस सीजन की पहली जीत का राज खोला

चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार जीत का खाता खोलते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में सीएसके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन हार के सिलसिले को खत्म किया और सीजन की पहली जीत दर्ज की।



**कोच एरिक सिमंस का बड़ा बयान** -मैच के बाद सीएसके के बॉलिंग कोच एरिक सिमंस ने टीम के मानसिकता को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, लड़के इस जीत के लिए बेहद बेताब थे। लगातार तीन हार के बाद हम जीत के लिए तरस रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रेसिंग रूम का माहौल हमेशा सकारात्मक बना रहा, भले ही टीम को शुरुआत में हार झेलनी पड़ी।

**आत्मविश्वास की कमी थी असली वजह** - एरिक सिमंस के अनुसार, टीम की रणनीति में कोई कमी नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास की थोड़ी कमी थी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मोमेंट्स, जैसे शानदार कैच या अच्छी फील्डिंग, पूरे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और वही इस मैच में देखने को मिला।

**सैमसन और म्हात्रे की शानदार बल्लेबाजी**-इस मुकाबले में संजू सैमसन ने नाबाद 115 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनके साथ आयुष म्हात्रे ने 56 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों की शानदार साझेदारी की बदौलत सीएसके ने 212/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

**गेंदबाजी में ओवर्टन-कंबोज का जलवा** -गेंदबाजी में जेमी ओवर्टन ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। वहीं अंशुल कंबोज ने भी 3 विकेट झटककर दिल्ली की बल्लेबाजी को झकझोर दिया और टीम को 189 रन पर समेट दिया।

**अगला मुकाबला केकेआर से** -अब चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 अप्रैल को चेन्नई में ही खेला जाएगा। टीम इस जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी होगी और उसी आक्रामक रवैये के साथ अगले मैच में उतरना चाहेगी।

क्रिकेट की बड़ी प्रशंसक थीं आशा भोसले

## ब्रेट ली ने साथ गया था ये हिट सांग

मुंबई (एजेंसी)। रविवार को जब यह खबर आई कि दिग्गज भारतीय गायिका आशा भोसले का निधन हो गया है, तो दुनिया भर के संगीत प्रेमी शोक में चले गए। अपनी सदाबहार और बहुमुखी आवाज से कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करने वाली इस महान गायिका का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। संगीत में अपने विशाल योगदान के अलावा भोसले क्रिकेट की भी बहुत बड़ी प्रशंसक थीं। इस खेल के प्रति उनके जुनून ने एक बार उन्हें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने उनके निधन की खबर की पुष्टि करते हुए कहा, वह अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। इस महान गायिका को शनिवार, 11 अप्रैल को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

आशा भोसले ने 2007 में यू आर द वन फॉर मी गाने से संगीत और क्रिकेट दोनों के प्रशंसकों का दिल जीता था। इस गाने में ब्रेट ली भी नजर आए थे। यह गाना जबरदस्त हिट हुआ था और प्रशंसकों को इसकी धुन पर थिरकने और ली तथा भोसले, दोनों की प्रतिभा से चकित होने पर मजबूर कर दिया। अपनी आत्मकथा माई लाइफ में, ब्रेट ली ने भोसले के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने बताया कि इस म्यूजिक वीडियो की शूटिंग तब हुई थी, जब वे 2006 में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत आए हुए थे। इस गाने में ब्रेट ने हिंदी की कुछ पंक्तियां भी गाई थीं, जैसे हां, मैं तुम्हारा हूं, तुम्हारा ही रहूंगा। ली ने लिखा, मुझे बहुत मजा आया। मैंने अपने किसी



भी साथी खिलाड़ी को यह नहीं बताया था कि मैं क्या करने जा रहा हूं; जब मैं शूटिंग के लिए निकला, तो मैंने उनसे कहा कि मैं बस सड़कों पर घूमने जा रहा हूं। उस जबरदस्त रिकॉर्डिंग अनुभव के चार महीने बाद जब आशा सिडनी में ओपेरा हाउस में प्रस्तुति देने आईं तो मेरी उनसे मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे अपना एक संकलन एल्बम दिया जिस पर उन्होंने अपने हाथों से एक संदेश भी लिखा था।

तीन हार के बाद मिली पहली जीत,लेकिन...

## सीएसके कप्तान गायकवाड़ पर लगा भारी जुर्माना

चेन्नई (एजेंसी)। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार तीन लगातार हार के बाद जीत का खाता खोला। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया, लेकिन इस जीत के बावजूद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

**गायकवाड़ पर क्यों लगा जुर्माना?** सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण दंडित किया गया।आईपीएल के नियमों के अनुसार, यह टीम का सीजन में पहला अपराध था, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के तहत की गई है।

**इन कप्तानों पर भी हुई कार्रवाई**- इस सीजन में स्लो ओवर रेट के कारण सजा पाने वाले गायकवाड़ तीसरे कप्तान बने हैं। इससे पहले श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स) और शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस) पर भी इसी तरह की कार्रवाई हो चुकी है। अय्यर ने लगातार दो मैचों में यह गलती दोहराई थी, जबकि गिल को दिल्ली के खिलाफ मैच में दोषी पाया गया था।



● **सैमसन का तूफानी शतक**- मैच में संजू सैमसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 115 रन ठोके। उन्होंने सिर्फ 56 गेंदों में 15 चौके और 4 छक्के लगाए और 205 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत ष्टस्य ने 212/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

### ओवर्टन की घातक गेंदबाजी

गेंदबाजी में जेमी ओवर्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर दिल्ली की बल्लेबाजी को झकझोर दिया और मैच का रुख पूरी तरह सीएसके की ओर मोड़ दिया।

### डीसी की अच्छी शुरुआत, फिर बिखरी पारी

212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने तेज शुरुआत की। ओपनर्स ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। अंतत: डीसी की टीम 189 रन पर ऑलआउट हो गई और मैच 23 रन से हार गई।

पीएसएल छोड़ आईपीएल जाने पर

## घिरे कुसल मेंडिस, पत्रकार के सवाल पर रह गए चुप

पेशावर (एजेंसी)। पेशावर जाल्मी के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस उस समय असहज स्थिति में आ गए, जब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने उनसे पीएसएल छोड़कर आईपीएल में जाने को लेकर सवाल पूछ लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछे गए इस सवाल ने माहौल को अचानक गंभीर बना दिया और मेंडिस कुछ पल के लिए पूरी तरह चुप नजर आए।



पत्रकार ने मेंडिस से पूछा कि क्या उन्हें पीएसएल छोड़कर गुजरात टाइटंस के लिए खेलने का कोई पछतावा है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएसएल ने उन्हें सम्मान दिया, लेकिन उन्होंने बीच सीजन में लीग छोड़ दी। ऐसे में क्या अब उन्हें अपने फैसले पर अफसोस है?

**मेंडिस का रिएक्शन** -इस सवाल पर कुसल मेंडिस हैरान रह गए और कोई जवाब नहीं दे सके। वह पहले मुस्कुराए, फिर टीम के मीडिया मैनेजर की ओर देखने लगे। उनकी बॉडी लैंग्वेज से साफ था कि वह इस सवाल से असहज महसूस कर रहे थे।

**मैनेजर ने किया बचाव**- स्थिति को संभालने के लिए टीम के मीडिया मैनेजर को बीच में आना पड़ा। उन्होंने पत्रकार से कहा कि सवाल पीएसएल और टीम से जुड़े होने चाहिए, लेकिन पत्रकार ने इसे प्रासंगिक बताते हुए अपने सवाल पर जोर दिया। इससे माहौल और ज्यादा असहज हो गया।

**आईपीएल और पीएसएल में मेंडिस का प्रदर्शन** - कुसल मेंडिस ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए एक मैच खेला, जिसमें उन्होंने 10 गेंदों पर 20 रन बनाए। वहीं पीएसएल में इस सीजन उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 4 पारियों में 241 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनकी स्ट्राइक रेट 170 से ज्यादा रही है।

**पीएसएल से आईपीएल जाने वाले अन्य खिलाड़ी** - पिछले सीजन में मेंडिस के अलावा भी कई खिलाड़ियों ने पीएसएल छोड़कर आईपीएल का रुख किया था। इनमें ब्लेसिंग मुजरबानी, दासुन शनाका, स्पेंसर जॉनसन और कॉर्बिन बॉश जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए आईपीएल में हिस्सा लिया।

चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

## वैशाली ने रूसी खिलाड़ी को हराया

### ● टॉप पर बरकरार, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, टूर्नामेंट के 3 राउंड बाकी



नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने साइप्रस में चल रहे एफआईडीई चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी में एक और बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने 11वें राउंड में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना को हराकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बरकरार हैं।

इस जीत के साथ वैशाली के 11 राउंड के बाद 7 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद खिलाड़ियों से एक अंक आगे हैं। टूर्नामेंट में अब तीन राउंड बाकी हैं।

**प्रज्ञानानंदा 7वें पर कायम**

ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला। प्रज्ञानानंदा इस ड्रॉ के बाद 7वें नंबर पर ही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक अभ्यर्थियों के आंदोलन पर तेजस्वी ने एनडीए को घेरा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का विज्ञापन जारी करने की मांग लेकर आंदोलन जारी है। हजारों अभ्यर्थी गर्दनीबाग धरनास्थल पर अनशन पर बैठे हैं। अब इनके आंदोलन को समर्थन देते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भ्रष्ट डबल इंजन सरकार बारम्बार अकारण टीआरई 4 परीक्षा टालकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा पार हो रही है, उनका धैर्य जवाब दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि सर्वविदित है कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा-जदयू ने झूठे आसमानी वादे किए लेकिन टीआरई 4 परीक्षा युवाओं के हित से जुड़ा मामला है। मेरी एनडीए सरकार से अपील है कि टीआरई 4 की वैकेंसी अविलंब जारी की जाए। कुर्सी की अदला-बदली में भाजपा-जदयू सरकार बिहार के लाखों युवाओं के हक-अधिकार, मांगों, आकांक्षाओं, उम्मीदों और सपनों का क़त्ल ना करे। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि पिछले साल से ही हमलोग ने आयोग से बीपीएससी टीआरई 4 का विज्ञापन जारी करने की मांग की थी। लेकिन, आयोग ने हमलोगों की बात नहीं सुनी। इसलिए आज यानी 10 अप्रैल से हमलोग आमरण अनशन पर बैठ गए। दिलीप ने कहा कि टीआरई-4 के लाखों अभ्यर्थी पिछले दो वर्षों से वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष से शिक्षा मंत्री द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि 10-15 दिनों में वैकेंसी आ जाएगी। चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान भी टीआरई-4 का विज्ञापन जल्द जारी करने का आश्वासन दिया गया था।

### प्रभारी सांसद प्रतिनिधि बने नंदलाल मांझी, हम पार्टी में वापसी के बाद जीतनराम मांझी ने दी बड़ी जिम्मेवारी

**गयाजी, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने अपने संसदीय क्षेत्र में बढ़ते कार्यभार को देखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने हम पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी को प्रभारी सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया है। इस नियुक्ति के साथ ही उन्हें क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि संसदीय क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जनसंपर्क और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए यह फैसला लिया गया है। ई. नंदलाल मांझी अब सीधे तौर पर आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और संबंधित अधिकारियों से बात करके समाधान की दिशा में काम करेंगे। पिछले साल 2025 में नंदलाल मांझी ने पार्टी से बगावत करके बोधगया सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। जिसके बाद 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया था, लेकिन एक साल के अंदर ही उनकी घर वापसी हो गई। एक बार फिर से जीतनराम मांझी ने उन पर भरोसा जताते हुए यह उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। दीना मांझी, विजय कुमार, विनय मांझी, व्यास मांझी, उमेश दास, संजय भारती, सुरेश मांझी, सावित्री देवी, योगेंद्र मांझी और मनोज मांझी समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### बिहार पंचायत चुनाव 2026, 2011 जनगणना के आधार पर आरक्षण

**पटना, एजेंसी।** बिहार में पंचायत चुनाव 2026 की सुगबुगाहट तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने पत्र के जरिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है। आयोग ने तय किया है कि इस बार आरक्षण का निर्धारण 2011 की जनगणना के आधार पर ही होगा, लेकिन इसके लिए एक नया 'प्रपत्र-1' प्रकाशित किया जाएगा। पिछले कुछ सालों में बिहार के कई ग्रामीण इलाकों को नगर निकायों (नगर निगम या नगर परिषद) में शामिल कर लिया गया है। इससे कई पंचायतों की सीमाएं और जनसंख्या बदल गई हैं। इसीलिए आयोग ने आदेश दिया है कि डिजिटल माध्यम से नए सिरे से जनसंख्या और क्षेत्रों का मिलान कर प्रपत्र-1 तैयार किया जाए। चुनाव के सभी पदों को (जैसे- मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत समिति और जिला परिषद), दो हिस्सों में बांटा गया है- वे क्षेत्र जहां कोई बदलाव नहीं हुआ, वहां 2015 के पुराने आंकड़ों के आधार पर ही प्रपत्र प्रकाशित होगा। वे क्षेत्र जहां बदलाव हुआ है, वहां विलोपित वार्डों और नई जनसंख्या की अलग से एंट्री की जाएगी। ताकि यह साफ रहे कि कितना हिस्सा शहर में चला गया है। मुखिया, पंचायत समिति और जिला परिषद के पदों के लिए जनसंख्या के आंकड़े वार्डों के डेटा से अपने आप सिस्टम में दर्ज हो जाएंगे। अगर आपको लगता है कि आपकी पंचायत या वार्ड की जनसंख्या के आंकड़ों में कोई गड़बड़ी है, तो आप 27 अप्रैल से 11 मई के बीच अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यह लिस्ट पंचायत कार्यालय, प्रखंड (ब्लॉक) कार्यालय, अनुमंडल और जिला पदाधिकारी के कार्यालयों में चिपकाई जाएगी। इसके अलावा इसे सोशल मीडिया और आयोग की वेबसाइट पर भी डाला जाएगा। गांव के लोगों को जानकारी देने के लिए हाट-बाजारों में डुगडुगी भी बजाई जाएगी और लाउडस्पीकर वाले वाहनों से प्रचार किया जाएगा। इस पूरे काम की निगरानी के लिए जिला स्तर पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी को नोडल अफसर बनाया गया है।

प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर लगेगी रोक,

# स्वास्थ्य विभाग ने लिया बड़ा फैसला

**पटना, एजेंसी।** झबिहार में सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा और अहम फैसला लिया है. स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी संकल्प के मुताबिक अब एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के तहत कार्यरत बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग, बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग और इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान चिकित्सा सेवा संवर्ग के डॉक्टरों और चिकित्सक शिक्षकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है.



सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक : राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है, जिससे आने वाले समय में सरकारी डॉक्टरों के निजी क्लीनिक चलाने या अस्पताल ड्यूटी के बाद निजी प्रैक्टिस करने पर प्रभावी रोक लग जाएगी. जारी संकल्प में स्पष्ट किया गया है कि यह फैसला राज्य सरकार के 'सात निश्चय-3' के तहत घोषित कार्यक्रम की कंडिका 5(च) के अंतर्गत लिया गया है.

सरकार की क्या है मंशा : स्वास्थ्य विभाग के इस निर्णय का सबसे बड़ा असर जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और बड़े सरकारी संस्थानों में देखने को मिल सकता है, जहां मरीज अक्सर डॉक्टरों के समय पर उपलब्ध नहीं रहने की शिकायत करते रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग के सचिव के मुताबिक सरकार की मंशा है कि डॉक्टर अपनी पूरी ऊर्जा और समय सरकारी सेवा में लगाएं, ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ बेहतर तरीके से मिल सके. खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में यह फैसला स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है.

एन.पी.ए की होगी व्यवस्था! : हालांकि सरकार ने यह भी संकेत दिया है कि डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस पर रोक के बदले गैर-व्यावसायिक भत्ता यानी नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस (ह्रक्क) या प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की जाएगी. संकल्प में कहा गया है कि इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश सक्षम प्राधिकार की मंजूरी के बाद अलग से जारी किए जाएंगे. माना जा रहा है कि इससे डॉक्टरों की आर्थिक चिंताओं को कुछ हद तक संतुलित किया जा सकेगा और सरकारी सेवा में उनकी प्रतिबद्धता बढ़ेगी.

'डॉक्टरों की जवाबदेही तय होगी' : वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि यदि इस फैसले को सख्ती से लागू किया गया तो बिहार की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है. मरीजों को ओपीडी से लेकर इमरजेंसी और वार्ड तक बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं मिलेंगी, वहीं डॉक्टरों की जवाबदेही भी तय होगी.

बिहार में दर्दनाक सड़क हादसा

## ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बच्ची समेत तीन की मौत

**रोहतास, एजेंसी।** रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ैया बाग में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों मृतक सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के रहने वाले हैं, जिनमें परमानंद कुमार (25), खुशबू देवी (30) एवं लगभग काव्या कुमारी (02) शामिल है।

**दादी के श्राद्धकर्म में जा रहे थे तीनों :** मिली जानकारी के मुताबिक मृतक परमानंद कुमार के दादी की हाल हीं में मौत हो गई थी, जिसको लेकर गांव में श्राद्धकर्म की तैयारी चल रही थी। इसी कर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

**ट्रैक्टर और बाइक में जोरदार भिड़ंत :** घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों लोग सासाराम से कोचस की तरफ जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर हीं तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

**सूचना पर पहुंची पुलिस, ट्रैक्टर जप्त :** वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाने की पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से भाग रहे ट्रैक्टर को पकड़कर जप्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई चल रही है।

## पीएम नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला बक्सर से अरेस्ट, इंटरनेशनल हैकर बनने की थी चाहत

**पटना, एजेंसी।** अमेरिकी एजेंसी सीआईए की वेबसाइट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी युवक आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस ने उसके पास से एक लैपटॉप, दो मोबाइल, दो पेन ड्राइव, विभिन्न बैंकों के 09 क्रेडिट कार्ड और एक फर्जी पहचान पत्र बरामद किया है। पुलिस को ज्योंही पीएम की सुरक्षा से संबंधित ऐसी सूचना मिली कि सबके होश उड़ गए। तत्काल तफ्तीश हुई और सिमरी थाना के आशा पड़री गांव निवासी गणेश तिवारी के पुत्र अमल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे उसके घर से ही पकड़ा गया।

यह वही अमल है जिसने आठ सालों पहले कोलकाता एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी थी। दरअसल, इंटरनेशनल हैकर बनने की चाहत में अमल ने साइबर अपराध की दुनिया में जबर्दस्त तरीके से कदम रख दिया। हालांकि गिरफ्तारी के बाद उसने पुलिस को बहुत सी बातें बताई हैं। लेकिन, मामला बेहद संजीदा होने के कारण स्थानीय पुलिस कुछ खास बताने से इंकार कर रही है। उससे लंबी पूछताछ हुई। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

इधर, अमल की गिरफ्तारी के बाद से ही उसके गांव पर माता-पिता सकते में हैं। वे बाहरी लोगों से मिलने से भी परहेज कर रहे हैं। गांव के लोग भी इस बात से दुखी हैं कि एक युवक के चलते गांव का नाम इस कदर चर्चा में आ गया। पूरे जिले में शनिवार को अमल और उसकी करतूत की चर्चा होती रही। कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि आरोपी युवक विदेशों में कुछ संदिग्ध लोगों के संपर्क में था। वो इन लोगों से गोपनीय सूचनाओं के एवज में पैसों की डिमांड कर रहा था।

# छुट्टी पर घर आए आर्मी जवान की सड़क हादसे में मौत

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार के मोतिहारी में छुट्टी पर घर आए आर्मी के जवान की हादसे में मौत हो गई. आर्मी के जवान अशोक कुमार सिंह लकड़ी लदे ट्रक की चपेट आ गए जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई. अशोक कुमार की तीन साल की बेटी और उनका पूरा परिवार है. हादसे से मौत की सूचना मिलते ही पूरा इलाका शोक में डूब गया.

### छुट्टी पर घर आए आर्मी जवान की मौत

अशोक कुमार सिंह 18 अप्रैल को ड्यूटी पर जाने वाले थे लेकिन उससे पहले संग्रामपुर इलाके में मोतिहारी आने के दौरान सड़क किनारे ट्रक ने उनको टक्कर मार दी. स्थानीय लोगों के मुताबिक, तेज रफ्तार लकड़ी लदा एक ट्रक अचानक उनकी ओर बढ़ा और उन्हें ठोकर मार दिया. ट्रक की चपेट में आने से अशोक को गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.



### एक बच्ची के पिता थे अशोक सिंह

ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं. प्रारंभिक जांच में ट्रक की स्पीड और लकड़ी के भारी लोड को हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है. इधर, परिवार में एक सदस्य की मौत पर कोहराम मच गया. परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक जवाब की तीन साल की एक बच्ची है जो ये नहीं जान रही कि उसका पिता अब दुनिया में नहीं है.

ड्यूटी जॉइन करने वाले थे अशोक : 7-8 दिन बाद अशोक ड्यूटी जॉइन करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन यह हादसा सब कुछ छीन ले गया. पड़ोसियों का कहना है कि अशोक हमेशा इलाके के युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करते थे. उनकी मौत से पूरा गांव स्तब्ध है. अनमोल कुमारी अब अनाथ हो गई है, जो पिता की गोद में खेलने को तरस रही है. आर्मी के जवान मोतिहारी के संग्रामपुर मठिया वार्ड नंबर 15 के निवासी थे.

### बहादुरी के लिए जाने जाते थे अशोक

हादसे में मृत अशोक के परिवार में उनकी पत्नी और 3 साल की बेटी अनमोल कुमारी ही बची हैं. दो भाइयों में सबसे बड़े अशोक आर्मी में अपनी बहादुरी के लिए जाने जाते थे. छुट्टी पर घर लौटे अशोक सिंह अपने परिवार के साथ समय बिताने को लेकर बेहद उत्साहित थे. उससे पहले वह आर्मी की ड्यूटी ज्वाइन करते उनके परिवार की पूरी दुनिया उजड़ गई.

## विश्व शांति महोत्सव में जमकर बवाल, खान सर नहीं दिखें तो युवाओं ने तोड़ी कुर्सियां

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'पीस एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'विश्व शांति महोत्सव' के पहले ही दिन भारी हंगामा देखने को मिला. सर्वधर्म सद्भाव के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चर्चित शिक्षक खान सर के मंच पर न दिखने से नाराज छात्रों और युवाओं का सब्र टूट गया.



**जीतन राम मांझी की मौजूदगी में हंगामा:** महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, विभिन्न धर्मों के गुरुओं और प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. समारोह संपन्न होते ही जैसे ही यह खबर फैली कि खान सर कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं. दर्शक दीर्घा में बैठे हजारों छात्र आक्रोशित हो गए. देखते ही देखते युवाओं ने कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं. प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि आयोजकों ने खान सर के नाम का इस्तेमाल केवल भीड़ जुटाने और प्रचार के लिए किया है.

बड़ी संख्या में युवा पहुंचे थे: दरअसल, खान सर आज ही बोधगया में एक निजी अस्पताल के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे. 'विश्व शांति महोत्सव' के पोस्टरों और विज्ञापनों में भी उनका नाम प्रमुखता से दिया गया था, जिसे देखकर बड़ी संख्या में युवा उन्हें सुनने के लिए गांधी मैदान पहुंचे थे. हंगामे के बीच महोत्सव के सदस्य हलीम खान ने स्थिति को संभालने की कोशिश की.

**महोत्सव में जुटे विभिन्न धर्मों के विद्वान:** हंगामे के बावजूद, मंच पर सर्वधर्म एकता की झलक देखने को मिली. कार्यक्रम में 'सनातन सर्वधर्म संसद' के अध्यक्ष स्वामी सुशील गोस्वामी महाराज, पूर्णदेव महाराज, इस्लामिक स्कॉलर ब्रदर यूसुफ, और 'एलायंस ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशन' के परमपाल सिंह साबरा मौजूद रहे.

इनके अलावा 'सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी' के अध्यक्ष सूरज सिंह नलवा, 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पीस एंड जस्टिस' के फादर एमडी थॉमस और बौद्ध धर्म की ओर से बीटीएमसी के धर्मेंद्र भंते ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. हालांकि, इस महोत्सव में पंजाब के शाही इमाम भी शामिल नहीं हो सके.

## किसी खास दुकान से ड्रेस या किताब खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते प्राइवेट स्कूल, होगा एक्शन

**अररिया, एजेंसी।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर जिला प्रशासन सख्त नजर आ रहा है. जिलाधिकारी विनोद दूहन ने प्रेस कांफ्रेंस कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को किसी एक निर्धारित दुकान से किताब खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा. अगर ऐसा किया जाता है तो शिकायत करें, कार्रवाई जरूर होगी.



कहीं से भी खरीद सकते हैं किताब-ड्रेसः डीएम ने कहा कि अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी किताब खरीद सकते हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी स्कूल के खिलाफ इस तरह की शिकायत मिलती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

स्कूल नहीं कर सकते बाध्यः जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि किसी खास दुकान से ही ड्रेस या किताब खरीदने के लिए अगर स्कूल बाध्य करता है तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके. इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

डीएम ने दिखाई सख्तीः विनोद दूहन ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया गया कि निजी विद्यालयों की गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर है और अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं. जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों द्वारा किताबों, ड्रेस या अन्य सामग्री की सूची अपनी वेबसाइट और सूचना पट्ट पर जारी की जाएगी लेकिन अभिभावक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी इन सामग्रियों की खरीद कर सकेंगे. किसी विशेष दुकान या स्थान से खरीद के लिए बाध्य करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा.

शिकायत मिलने पर होगा एक्शनः डीएम ने कहा कि इस तरह की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. यदि कोई विद्यालय अभिभावकों पर किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने का दबाव बनाता है या निर्धारित नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

## सासाराम के काली मंदिर से 15 लाख की 6 सोने की आंखें ले उड़े चोर, गांव में हड़कंप

**रोहतास, एजेंसी।** रोहतास जिले के डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आस्था को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहाँ पहलेजा गांव के प्राचीन काली मंदिर में चोरों ने माता रानी की मूर्तियों से सोने की छह आंखें चुरा ली हैं। चोरी गई इन आंखों की वर्तमान बाजार कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। ताज्जुब की बात यह है कि यह वारदात थाने से महज दो किलोमीटर की दूरी पर हुई, जिससे पुलिसिया गश्त की पोल खुल गई है।

घटना का पता शनिवार सुबह तब चला जब ग्रामीण हमेशा की तरह पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचे। गर्भगृह का नजारा देख लोग दंग रह गए। मंदिर परिसर में स्थापित सात पिंडियों में से छह की सोने की आंखें गायब थीं। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और मंदिर पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। स्थानीय लोगों में पुलिस के खिलाफ गहरा गुस्सा है, क्योंकि थाने के इतने करीब होने के बावजूद चोर बेखौफ होकर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे गए। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर काफी प्राचीन है और इन पिंडियों की स्थापना के समय ही सोने की आंखें लगवाई गई थीं। उस समय इनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी, जो आज के सोने के भाव के हिसाब से 15 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। ग्रामीणों का साफ आरोप है कि पुलिस अगर इलाके में रात को गश्त करती, तो शायद कलयुगी चोरों की इतनी हिम्मत नहीं बढ़ती। इस मंदिर के इतिहास में यह चोरी की पहली बड़ी घटना है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नीतेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मंदिर और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकालनी शुरू कर दी है।

# बिहार में छापेमारी के दौरान बम ब्लास्ट, दारोगा समेत 5 पुलिसकर्मी घायल

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. अपराधियों की धर-पकड़ के लिए चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोट हो गया. यह घटना नावकोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वृंदावन गांव की है. दरभंगा लूट कांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए की गई इस छापेमारी के दौरान हुए अचानक धमाके से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. इस घटना में एक दरोगा सहित कुल पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं.

**छिपाकर रखा गया था विस्फोटक:** प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, दरभंगा पुलिस और बेगूसराय पुलिस की एक संयुक्त विशेष टीम कुख्यात अपराधियों की तलाश में वृंदावन गांव पहुंची थी. छापेमारी के दौरान पुलिस की टीम जब एक संदिग्ध ठिकाने की तलाशी ले रही थी, तभी बगीचे की बाउंड्री के भीतर मिट्टी के नीचे दबाकर रखा गया विस्फोटक अचानक फट गया.

**घायल पुलिसकर्मियों को कराया भर्ती:** इस ब्लास्ट की चपेट में आने से दरोगा बीके ओझा, महिला पुलिसकर्मी गुड़िया कुमारी के साथ-साथ एसटीएफ के तीन जवान नगीना, ज्ञानी और धर्मेंद्र घायल हो गए. आनन-



फानन में सभी घायल सुरक्षाकर्मियों को नावकोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. राहत की बात यह है कि सभी को मामूली चोटें आई थीं, जिसके चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है.

**आरोपी गिरफ्तार:** धमाके के बावजूद पुलिस ने अपना मनोबल टूटने नहीं दिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से एक नामजद मुख्य आरोपी को दबोच लिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस कार्रवाई में लूटे गए कीमती जेवरात की बरामदगी की भी सूचना मिली है, जो पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है. घटना की गंभीरता को देखते हुए बेगूसराय के एसपी मनीष स्वयं दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. पूरे सर्च ऑपरेशन की कमान संभाली.

**सुरक्षा घेरे में गांव, छापेमारी जारी:** वर्तमान में पूरे वृंदावन गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है. सुरक्षा के मद्देनजर इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और फरार अन्य अपराधियों की तलाश में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है.